# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

नई दिल्ली

मंगलवार, 12 अगस्त 2025

भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 119
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 32
न्यून. 28


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### जगन्नाथ मंदिर के निकट 12 फर्जी सेवक गिरफ्तार



**पुरी।** पुरी पुलिस ने श्री जगन्नाथ मंदिर के सेवक बनकर श्रद्धालुओं से वसूली करने के आरोप में 12 लोगों को गिरफ्तार किया। भक्ता द्वारा सेवकों के एक वर्ग द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई थी। आरोपियों को बड़ाडंडा और परिक्रमा मार्ग से सेवकों की वेशभूषा में श्रद्धालुओं को ठगते हुए पकड़ा गया।

### 'डिजिटल अरेस्ट' कर 1.05 करोड़ की ठगी

**पणजी।** डिजिटल अरेस्ट के जरिए दक्षिण गोवा के व्यक्ति से 1.05 करोड़ ठग लिए। आरोपी की पहचान गोकुल प्रकाश एमके के रूप में हुई है, जिसने खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर क्यूपेम में रहने वाले पीड़ित को धमकाया। यह भी दावा किया कि वह यानी पीड़ित धन शोधन के एक मामले में संदिग्ध है। आरोपी ने पीड़ित को एक फर्जी गिरफ्तारी वारंट भी दिखाया और कई किस्तों में 1.05 करोड़ रुपए खाते में स्थानांतरित करने के लिए मजबूर किया गया।

### अमेरिकी धरती से दी गई मुनीर की गीदड़भभकी पर भारत की दो टूक...

# पाकिस्तान की परमाणु युद्ध की धमकी के आगे नहीं झुकेगा भारत, राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए लगातार उठाएंगे कदम

### विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को एक बयान जारी कर दी यह जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान के सेनाप्रमुख जनरल आसिम मुनीर द्वारा अमेरिका की जमीन से दी गई परमाणु युद्ध की खुली धमकी पर सोमवार को भारत ने एक तीर से दो निशाने लगाए। पहले में उसने पाकिस्तानी जनरल की परमाणु युद्ध की गीदड़भभकी पर कड़ा पलटवार किया। जबकि दूसरे में अमेरिका को आईना दिखा दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि भारत पहले ही ये साफ कर चुका है कि वह परमाणु युद्ध की धमकी के आगे कतई नहीं झुकेगा। हम लगातार अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। ऐसी धमकी देना हालांकि पाकिस्तान की पुरानी आदत है।

लेकिन यहां यह खेदजनक है कि ऐसे बयान भारत के एक मित्र (अमेरिका) देश की धरती से दिए गए हैं। बताते चलें कि पाक सेनाप्रमुख की परमाणु युद्ध की ये धमकी एक ऐसे चिंताजनक वैश्विक माहौल में सामने आयी है। जब दुनिया के कुछ भागों में पहले से जारी युद्ध की वजह से अस्थिरता बनी हुई है। वहीं, उनके अपने देश के पश्चिमी सीमा पर भारत के साथ तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। मुनीर अमेरिका की सेना के जनरल और यूनाइटेड स्टेट्स सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के कमांडर माइकल कुरिला के विदाई समारोह में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा पर हैं। बीते लगभग दो महीने में पाक सेनाप्रमुख की अमेरिका की यह दूसरी यात्रा है।



#### पाक सेना की आतंकी संगठनों से साठगांठ

रणधीर ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने पाकिस्तान के परमाणु युद्ध की धमकी जैसे बयान यह साबित करते हैं कि वहां की परमाणु कमान और नियंत्रण की विश्वसनीयता पर संदेह करना ठीक है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान के ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान पर ध्यान केंद्रित कर अपना निष्कर्ष निकाल सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि ऐसा तब है, जब पाकिस्तानी सेना आतंकवादी संगठनों के साथ पूरी तरह से मिली हुई है, एक प्रकार से वो एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

### क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करता भारत

मुनीर ने भारत पर क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने का आरोप भी लगाया और कहा कि कोई भी चूक इलाके में बड़े संघर्ष को दावत दे सकती है। भारत झूठे बहाने बनाकर पाकिस्तान पर हमला करता है। पूर्व में 18 जून को पाक सेनाप्रमुख ने अमेरिका की यात्रा की थी। तब उन्हें व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ दोपहर के भोजन (लंच) के लिए आमंत्रित किया गया था। उनकी तरफ से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम की सिफारिश नोबेल शांति पुरस्कार के लिए की गई थी।

#### फिर से पाक के गले की नस बना कश्मीर

पाकिस्तानी सेनाप्रमुख ने अपने बयान में दोहराते हुए कश्मीर को पाक के गले की नस बताया। इससे पहले पहलगाम आतंकी हमले से ठीक पहले उन्होंने कहा था कि कश्मीर हमारे गले की नस था, है और हमेशा रहेगा। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। जनरल मुनीर के मुताबिक, कश्मीर एक अधूरा अंतरराष्ट्रीय मामला है। इसे भारत का आंतरिक मामला नहीं माना जा सकता है। यह मामला संयुक्त राष्ट्र में है और पाकिस्तान उसका समर्थन करता है।

#### हम डूबे तो आधी दुनिया को ले डूबेंगे: मुनीर

पाकिस्तान के सेनाप्रमुख ने बीते रविवार को फ्लोरिडा के टैम्पा में व्यापारी अदनान असद द्वारा आयोजित किए गए रात्रिभोज में प्रवासी पाकिस्तानियों को संबोधित करते हुए भारत के खिलाफ अपने परमाणु धमकी वाले बयान को दोहराया था। मुनीर ने कहा, हम एक परमाणु शक्ति वाले देश हैं। अगर भविष्य में हमें भारत के साथ युद्ध में अस्तित्व के खतरे का सामना करना पड़ा यानी अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेंगे। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की तरफ से पाकिस्तान पर की गई कूटनीतिक स्ट्राइक में शामिल सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के निर्णय पर बौखलाए मुनीर ने कहा कि हम भारत के सिंधु नदी पर बांध बनाने का इंतजार करेंगे। जब वो ऐसा करेगा तो हम उसे अपनी 10 मिसाइलों से हमला कर नष्ट कर देंगे। सिंधु नदी भारतीयों की पारिवारिक संपत्ति नहीं है और पाकिस्तान के पास मिसाइलों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा कि भारत के इस कदम से 25 करोड़ लोगों के सामने भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम को लेकर आसिम मुनीर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी रणनीति की वजह से यह युद्ध टला।

**रूस-यूक्रेन संघर्ष जारी** | प्रधानमंत्री मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत

# पीएम ने संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान को लेकर भारत की तरफ से हर संभव योगदान देने की जताई प्रतिबद्धता



### जेलेंस्की ने यूक्रेन की जनता के लिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए समर्थन को लेकर जताया आभार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

बीते करीब तीन साल से अधिक समय से चल रहे रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच हाल ही में कई महत्वपूर्ण घटनाएं सामने आई हैं। जिनमें एक ओर संघर्ष की समाप्ति यानी समाधान को लेकर अमेरिका और रूस के राष्ट्राध्यक्षों के बीच इस महीने 15 अगस्त को अलास्का में एक महत्वपूर्ण शिखर बैठक होने जा रही है।

जिस पर भारत समेत पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई होंगी। वहीं, दूसरी ओर भारत और रूस के शीर्ष नेतृत्व के बीच भी एक महत्वपूर्ण संवाद हुआ है। इन सबके मध्य अब सोमवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की की टेलीफोन पर बातचीत हुई है। पीएम ने इस बातचीत का अपनी एक्स पोस्ट में उल्लेख करते हुए कहा कि 'यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की से बात कर और हालिया घटनाक्रमों पर उनके विचार जानकर मुझे खुशी हुई। जिसमें मैंने इस संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान को लेकर भारत की तरफ से हर संभव योगदान देने की ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### एक-दूसरे के संपर्क में रहेंगे दोनों नेता

वहीं, विदेश मंत्रालय ने भी इस बातचीत को लेकर एक बयान जारी किया और उसमें बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की 10 अगस्त को यूक्रेन की राष्ट्रपति के साथ टेलीफोन पर वार्ता हुई। जिसमें वोल्डोमीर जेलेंस्की ने यूक्रेन से जुड़े हुए हालिया घटनाक्रम के बारे में पीएम मोदी को जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने जेलेंस्की का धन्यवाद करते हुए इस विवाद का जल्द से जल्द और शांतिपूर्ण ढंग से समाधान निकालने के भारत के पुराने पक्ष को दोहराते हुए अपने देश की तरफ से हर संभव योगदान देने की प्रतिबद्धता जाहिर की। साथ ही दोनों शीर्ष नेताओं ने भारत-यूक्रेन द्विपक्षीय भागीदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की और साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विचारों का आदान-प्रदान किया। पीएम मोदी और राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भविष्य में भी एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है।

#### यूक्रेन की भागीदारी से हो फैसला: भारत

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मेरी लंबी बातचीत हुई है। हम दोनों ने सभी महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे द्विपक्षीय सहयोग और समग्र कूटनीतिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। यूक्रेन के लोगों के प्रति भारत के प्रधानमंत्री के गर्मजोशी से भरे समर्थन के लिए मैं उनका आभारी हूं। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि ये महत्वपूर्ण है कि भारत हमारे शांति प्रयासों का समर्थन कर रहा है और वह इस रुख से भी सहमत है कि यूक्रेन से संबंधित हर मामले का फैसला उसकी (यूक्रेन) भागीदारी से ही होना चाहिए। अन्य तरीकों से परिणाम नहीं निकलेंगे।

#### तेल निर्यात को सीमित करना जरूरी

यूक्रेन के राष्ट्रपति ने अपनी पोस्ट में कहा कि इस वार्ता में मैंने और पीएम मोदी ने रूस पर लगे प्रतिबंधों पर भी विस्तार से चर्चा की। जिसमें मेरा मत है कि रूसी ऊर्जा खासकर उसके तेल के निर्यात को ▸▸ शेष पेज 5 पर

### विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद लगभग 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की बचत हुई

# मुख्यमंत्री सैनी की अध्यक्षता में हुई एचपीपीसी की बैठक 1763 करोड़ रुपए से ज्यादा की खरीद को दी गई मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न विभागों से जुड़ी लगभग 1763 करोड़ रुपये से ज्यादा की विभिन्न वस्तुओं के खरीद प्रस्तावों एवं रेट कॉन्ट्रैक्ट को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की बचत की गई है। बैठक में ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री रणबीर गंगवा और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी उपस्थित रहे। सैनी ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और तय समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार वित्तीय संसाधनों के बेहतर ▸▸ शेष पेज 5 पर






### पूर्वोत्तर की आदिवासी संस्कृति तो पूर्वी भारत के संदेश से ओतप्रोत है विशेष न्यौता

# राष्ट्रपति के 'एट-होम' कार्यक्रम का आमंत्रण इस बार है बेहद खास

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रपति भवन ने इस बार लीक से हटकर बेहद खास अभिनव प्रयोग किया है। देश के सुदूरवर्ती इलाकों से जुडी महिला हस्तशिल्प कारीगरों द्वारा तैयार की गई विभिन्न सामग्रियों को मिलाकर सुंदर, लुभावना आमंत्रण किट तैयार किया है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित पारंपरिक 'एट-होम' समारोह में इस बार आमंत्रित विशिष्ट मेहमानों को दिए गए निमंत्रण किट में खासतौर पर पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत की झलक नजर आई। इस किट में शिल्प, साहित्य और सांस्कृतिक प्रतीकों के माध्यम से देश के इन क्षेत्रों का संदेश पहुंचाने की कोशिश की गई है। राष्ट्रपति भवन से आमंत्रित विशेष मेहमानों को मिला यह किट खूबसूरत डिज़ाइन वाले बॉक्स में सजाया गया था। जिसमें पूर्वोत्तर की हस्तनिर्मित शॉल है जिसमें नागालैंड और मेघालय की पुरातन आदिवासी संस्कृति और पारंपरिक बुनाई के रंग और पैटर्न की झलक दिखती है। ओडिशा की पत्ताचित्र कला पर आधारित बुकमार्क और कार्ड पर बेहद खूबसूरती से हस्तलिखित आमंत्रण उकेरा गया है। आमंत्रण किट में असम की चाय और मणिपुर की विशिष्ट ▸▸ शेष पेज 5 पर




## एलजी ने किया यमुना मैया की मूर्ति का अनावरण

# यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी जीवित विरासत का अहम हिस्साः सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में यमुना मैया की पहली आदमकद मूर्ति का अनावरण उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने किया। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा कश्मीरी गेट, निगमबोध घाट के नजदीक पार्क में स्थापित 10 फुट उंची ग्रेनाइट से बनी मूर्ति का वजन 150 किलोग्राम है। मूर्ति की स्थापना रिंग रोड आईएसबीटी कश्मीरी गेट के पास यमुना तट पर की गई है। इस अवसर पर एलजी ने अपने संबोधन में कहा कि डीडीए द्वारा स्थापित भव्य माँ यमुना प्रतिमा के अनावरण का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। दिल्ली में पहली बार स्थापित यह प्रतिमा यमुना की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत का सम्मान करती है और इसे प्रकृति व समुदाय के साथ जोड़ती है। यह प्रतिमा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप यमुना के बाढ़ के मैदानों के चल रहे पुनरुद्धार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि यमुना एक नदी से कहीं बढ़कर है। यह हमारी जीवंत विरासत का एक अहम हिस्सा है, जिसने हमारी संस्कृति और मान्यताओं को आकार दिया है। यह मूर्ति उस पवित्र संबंध का सम्मान करती है और हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए उसकी पवित्रता की रक्षा करने की याद दिलाती है। एलजी ने कहा कि यह मूर्ति यमुना को रिवरफ्रंट के रूप में स्थापित करने के प्रयासों का हिस्सा हैं। हमें उम्मीद है कि यह प्रतिमा न केवल दिल्लीवासियों बल्कि देशभर के लोगों को यमुना नदी की महत्ता व उसकी पवित्रता के संरक्षण के प्रति जागरूक करेगी। इस मौके पर डीडीए उपाध्यक्ष एस सरवन कुमार सहित अन्य मौजूद थे। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार यमुना किनारे बनाए गए 7 फुट ऊँचे चबूतरे पर स्थापित 10 फुट ऊंची इस प्रतिमा में माँ यमुना को उनके वाहन कछुआ (कूर्म) पर सवार दिखाया गया है। कछुए को स्थिरता, सहनशीलता और पृथ्वी का प्रतीक माना जाता है। इस प्रतिमा में एक कलश है, जो प्रचुरता, उर्वरता और जल के जीवनदायी सार का प्रतीक है। मूर्ति का मुख यमुना के उद्गम की ओर है, जबकि कछुआ नदी के प्रवाह की ओर है, जो मूर्ति से कुछ ही कदम की दूरी पर है। दिल्ली में कुशल कारीगरों द्वारा तीन महीने की मेहनत से तैयार की गई, 150 किलोग्राम की यह प्रतिमा ग्रेनाइट और ग्रेफाइट पाउडर के एक टिकाऊ मिश्रण से रेज़िन बाइंडर के साथ बनाई गई है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार यमुना प्रतिमा एक विशिष्ट साइकिल ट्रैक और पैदल पथ द्वारा वासुदेव घाट से जुड़ी हुई है। इसके आसपास के क्षेत्र को रिवराइन ग्रास, मौसमी फूलों और कदंब, अशोक, पलाश, कन्ना और पेनिसिटम जैसी देशी वनस्पतियों से सुसज्जित किया गया है, जिससे बाढ़ के मैदान की प्राकृतिक सुंदरता बरकरार रखते हुए एक जीवंत और शांत वातावरण का निर्माण किया गया है। पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था की गई है, और आगंतुकों के लिए जलपान की व्यवस्था हेतु दो कियोस्क लगाने की योजना है। एलजी के मार्गदर्शन में, डीडीए पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करते हुए यमुना के बाढ़ क्षेत्र का जीर्णोद्धार और पुनरुद्धार कर रहा है। पिछले वर्ष, वासुदेव घाट पर आयोजित पहले दिल्ली दीपोत्सव 2024 में व्यापक भागीदारी देखी गई, जिसमें 3.5 लाख से अधिक मिट्टी के दीयों से नदी तट को जगमगाया गया, साथ ही भव्य यमुना आरती, ड्रोन और लेजर शो और सार्वजनिक उत्सवों का आयोजन किया गया। जिससे यह स्थल एक जीवंत सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्थल में परिवर्तित हो गया। इसी प्रकार, पिछले 3 वर्षों में एक हजार एकड़ से अधिक भूमि पर असिता, बांसेरा, अमृत बायो-डायवर्सिटी पार्क जैसे जैव-विविधता क्षेत्रों के निर्माण से यमुना के बाढ़ क्षेत्र को सार्वजनिक गौरव, पर्यावरण जागरूकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के स्थल के रूप में विकसित किया गया है और यह डीडीए की सार्वजनिक स्थलों के निर्माण के प्रति उस प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, जिसके तहत सांस्कृतिक विरासत को पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के साथ मिश्रित करते हुए नागरिकों के लिए मनोरंजनात्मक अवसर प्रदान किए जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### स्विमिंग पूल में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में स्विमिंग पूल में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार शाम की है। उसने बताया कि अंकित नाम का व्यक्ति अपने भाई और दोस्तों के साथ स्विमिंग पूल में उतरा था लेकिन वह उसमें डूब गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उसके भाई और दोस्त उसे फोर्टिस अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि शव को बाबू जगजीवन राम स्मारक अस्पताल के शवगृह में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि घटना के समय स्विमिंग पूल में मौजूद अंकित के दोस्तों और वहां के कर्मचारियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जांच के बाद ही पता चलेगा कि यह महज दुर्घटना थी या साजिश।
पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1) (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।" अधिकारी ने बताया कि पुलिस घटना की कड़ियों को जोड़ने के लिए घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि बीके-दो स्थित इस स्विमिंग पूल का संचालन दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) करता है।

### नबी करीम में चाकू से हमलाकर युवक की हत्या

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के नबी करीम इलाके में आपसी रंजिश में 22-वर्षीय एक युवक की कथित तौर पर चाकू से हमलाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार देर रात 'तेल मिल गली' में हुई, जहां बंसी उर्फ पाली नामक व्यक्ति पर कुछ लोगों ने हमला किया। पुलिस उपायुक्त (मध्य) निधिन वलसन ने कहा, "ऋषि, काके और अन्य आरोपियों ने बंसी पर चाकुओं से हमला कर दिया, जिससे उसकी सीने और गर्दन पर गंभीर चोटें आईं तथा उसकी मौके पर ही मौत हो गई।" अधिकारी ने बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है, जबकि बाकी आरोपियों की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की कई टीम तैनात की गई हैं। नबी करीम थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जांच जारी है।

### सशस्त्र बलों के सम्मान में निकाली जा रही हैं तिरंगा यात्रा : सचदेवा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा हमारे सशस्त्र बलों के सम्मान में है जिन्होंने अपनी वीरता और साहस से पाकिस्तान को सबक सिखाया। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को तिरंगा यात्रा को लेकर यह जानकारी दी। बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर सोमवार को लगातार दूसरे दिन मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली गईं। सोमवार को कुल 10 जिलों के 32 मंडलों में निकाली गई तिरंगा यात्रा में सांसद, प्रदेश पदाधिकारी, विधायक, जिला अध्यक्ष और मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। इस मौके पर वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि जिस तरह से हमारी तीनों सशस्त्र सेनाओं ने बहादुरी और वीरता के साथ लड़ाई लड़ी और पाकिस्तानी सेना को नष्ट कर दिया, हम उनके सम्मान में यह यात्रा निकाल रहे हैं। इस यात्रा में हिस्सा लेकर जनता भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रही है।

### व्यापारियों ने चांदनी चौक में निकाली तिरंगा यात्रा

**नई दिल्ली।** आगामी स्वतंत्रता दिवस से पूर्व व्यापारियों द्वारा चांदनी चौक में धूमधाम से विराट तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें देशभक्ति का जलवा देखने को मिला। सोमवार को निकाली गई इस यात्रा की अगुवाई भाजपा सांसद व कंफैडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने की। यात्रा चाँदनी चौक से शुरू हुई और विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए फतेहपुरी पर संपन्न हुई। इस मौके पर खंडेलवाल ने कहा कि यह यात्रा मात्र एक शोभायात्रा नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गहरे सम्मान और अटूट निष्ठा का प्रतीक है। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे भारतीय सामान हमारा स्वाभिमान अभियान को नई ऊर्जा और गति प्रदान करने का एक महत्त्वपूर्ण और निर्णायक कदम भी है। खंडेलवाल ने कहा कि आज दुनिया भली-भांति समझ चुकी है कि प्रधानमंत्री मोदी केवल बड़े और दूरगामी निर्णय लेने में ही सक्षम नहीं हैं, बल्कि उन निर्णयों को जमीन पर सटीक और प्रभावी ढंग से लागू करने की अद्वितीय क्षमता भी रखते हैं।

## पुराने विवाद को लेकर व्यक्ति पर गोली चलाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नेहरू विहार इलाके में पुराने विवाद को लेकर एक व्यक्ति पर गोली चलाने के आरोप में 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी की यह घटना चार फरवरी को रात करीब आठ बजे हुई। उसने बताया कि पीड़ित नसीम (36) ने पुलिस से शिकायत की कि जब वह स्कूटर से नेहरू विहार इलाके से गुजर रहा था, तभी मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों ने उसका पीछा किया और उनमें से एक ने उस पर गोली चला दी। नसीम के मुताबिक, गोलीबारी के बाद तीनों हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दयालपुर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि नसीम पर गोली चलाने वाले युवक की पहचान हारुन सैफी के रूप में हुई है, लेकिन वह बार-बार छापेमारी के बावजूद गिरफ्तारी से बचता रहा, जिसके बाद अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। अधिकारी के अनुसार, बाद में पुलिस ने हारुन सैफी का पता लगा लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान सैफी ने अपना अपराध कबूल कर लिया और पुलिस को बताया कि पीड़ित के साथ उसका पुराना विवाद था। अधिकारी के मुताबिक, सैफी पहले भी हत्या के प्रयास, वसूली और शस्त्र अधिनियम के तहत अपराध समेत छह आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

## स्वच्छता हमारी आदत और संस्कृति का हिस्सा बनना चाहिए : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्वच्छता एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि यह हमारी आदत और संस्कृति का हिस्सा बनना चाहिए। हमें दिल्ली को 'कूड़े से आज़ादी' महा-अभियान को जन सहयोग के साथ आगे बढ़ाना है। हम सब मिलकर न सिर्फ गंदगी हटाएंगे बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और गरिमामयी दिल्ली बनाएंगे। स्वच्छता से ही विकास का मार्ग निकलेगा। यह बातें सोमवार को दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने सोमवार को अरुणा नगर, मजनू का टीला स्थित दिल्ली टूरिज्म एंड ट्रांसपोर्टेशन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीटीटीडीसी) के इंजीनियरिंग विंग मुख्यालय में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करने के दौरान कही। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के टूरिज्म विभाग और डीटीटीडीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कपिल मिश्रा ने न केवल स्वयं सफाई कार्य में भाग लिया बल्कि परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण भी किया और साथ ही कर्मचारियों को इसे नियमित रूप से बनाए रखने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किया गया स्वच्छ भारत मिशन तभी सफल होगा जब हर नागरिक और हर सरकारी संस्था इसे अपनी जिम्मेदारी समझेगी। कपिल मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता अभियान अब एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले चुका है। स्वच्छ भारत अभियान के संदेश ने लोगों के अंदर उत्तरदायित्व की एक अनुभूति जगा दी है। अब जबकि नागरिक पूरे देश में स्वच्छता के कामों में सक्रिय रूप से सम्मिलित हो रहे हैं, ऐसे में महात्मा गांधी द्वारा देखा गया 'स्वच्छ भारत' का सपना अब साकार होने लगा है। अभियान के दौरान परिसर से कचरा हटाने, सार्वजनिक स्थानों को व्यवस्थित रखने और कचरा निस्तारण की बेहतर व्यवस्था के लिए ठोस कदम उठाए गए। अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे अपने कार्यस्थल को न केवल साफ रखेंगे बल्कि आगंतुकों के लिए एक स्वच्छ और अनुशासित वातावरण प्रस्तुत करेंगे।

## उपराज्यपाल ने घंटाघर का किया शिलान्यास



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को शंकर रोड और मंदिर मार्ग (तालकटोरा स्टेडियम के पास) के जंक्शन पर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा बनाए जा रहे एक प्रतिष्ठित घंटाघर का शिलान्यास किया। उपराज्यपाल ने कहा कि नई दिल्ली में बनने वाला घंटाघर राष्ट्रीय राजधानी में एक नया मील का पत्थर बनेगा। लगभग 27 मीटर ऊंचा अष्टकोणीय यह घंटाघर एनडीएमसी द्वारा नई दिल्ली में विकसित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा, सांसद बांसुरी स्वराज, अध्यक्ष एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल, परिषद के सदस्य सरिता तोमर, अनिल वाल्मीकि और दिनेश प्रताप सिंह के साथ-साथ दिल्ली सरकार और एनडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82(2) Cr. PC/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जावेद पुत्र मोहम्मद यामिन सैफी** निवासी : ए–5, हरि एन्कलेव, पार्ट–1, खसरा नं0 861, किरारी सुलेमान नगर, नई दिल्ली ने **FIR No. 4392/18 U/S 138 NI Act** के अंतर्गत **थाना : विजय विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जावेद** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जावेद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 4392/18 U/S 138 NI Act थाना : विजय विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जावेद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सान्या दलाल, जेएमएफसी–01
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नं. 102,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/10630/RD/2025
Court Matter

### अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) **देव कुमार पुत्र श्री त्रिमल स्वामी, निवासी ई–1/292, मदनगीर, साउथ, दिल्ली–110062** (2) **दलीप उर्फ दिलीप उर्फ कार्तिक पुत्र श्री नारायण, निवासी ई–1/242, मदनगीर, दक्षिण, दिल्ली–110062** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 158/2020 भा.द.सं. की धारा 379/411/34 के तहत, थाना मौरिस नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **देव कुमार** और **दलीप उर्फ दिलीप उर्फ कार्तिक** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **देव कुमार** और **दलीप उर्फ दिलीप उर्फ कार्तिक** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 158/2020 भा.द.सं. की धारा 379/411/34 के तहत, थाना मौरिस नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **देव कुमार** और **दलीप उर्फ दिलीप उर्फ कार्तिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.09.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री करणबीर सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
कमरा नं.26, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/10628/N/2025


### वोट षड्यंत्र मुद्दे पर यादव ने की शुरुआत, एलसीडी लगाकर दिखाएगें राहुल द्वारा तैयार क्लिप

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में राहुल गांधी द्वारा वोट षड्यंत्र का वीडियो चलाकर इसे दिल्ली में जगह जगह एलसीडी स्क्रीन लगाकर दिखाने की शुरुआत की। इस अवसर पर यादव ने आह्वान करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की भाजपा और चुनाव आयोग के षड्यंत्र को उजागर करके जनता के बीच जमकर प्रचार करें। यादव ने इसकी शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेताओं को दिखाया। वीडियो चलाने से पहले कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज ने वोट षड्यंत्र के बारे में मौजूद नेताओं और पदाधिकारियों के बीच चर्चा की और कहा के मोदी जहां मन की बात करते है वहीं जननायक राहुल गांधी जन की बात करते हैं। इस अवसर पर यादव के अलावा पूर्व सांसद कृष्णा तीरथ, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा0 नरेन्द्र नाथ, मंगतराम सिंघल, किरण वालिया सहित अन्य मौजूद थे। यादव ने कहा कि चुनाव आयोग के सहयोग से भाजपा जिस तरीके से अवैध रूप से चुनाव जीतकर सत्ता पर काबिज हुई है उसका खुलासा सार्वजनिक रुप से प्रमाणों के साथ राहुल गांधी ने किया कि कैसे वोट षड्यंत्र करके भाजपा लोकतंत्र और संविधान पर सीधा हमला कर रही है।

### विधानसभा अध्यक्ष के बंगले मामले पर यादव ने विशेषाधिकार समिति को दिया जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के सरकारी आवास के रेनोवेशन पर अधिक खर्च को लेकर दिए गए वक्तव्य के खिलाफ दिए गए समन का जवाब दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति को दिया। इस जवाब में यादव ने कहा कि विशेषाधिकार समिति ने मुझे अपने समक्ष बयान देने के लिए बुलाकर अपने अधिकार क्षेत्र से ही परे काम किया है। क्योंकि कमेटी का इस्तेमाल न केवल उन पर दबाव बनाने के लिए किया गया है। बल्कि कांग्रेस पार्टी पर भी 9, शाम नाथ मार्ग बंगले के नवीनीकरण पर शौचालय और बाथरूम फिटिंग पर खर्च किए गए 94.69 लाख रुपये सहित 2.35 करोड़ रुपये के अत्यधिक और अनुचित खर्च को उजागर करने के लिए एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया है। जैसा कि टेंडर दस्तावेजों में दर्शाया गया है।

### यूईआर-2 पर दिल्ली देहात वासियों से न वसूला जाए टोल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के बाहरी इलाकों से होकर गुजरने वाले यूईआर-2 (अर्बन एक्सटेंशन रोड़-2) टोल प्लाजा पर लगाए गए सूचना बोर्ड में अत्यधिक टोल शुल्क को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में बांकनेर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एस एल खत्री ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को पत्र लिखकर इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। वहीं, जानकारी के अनुसार बता दें कि कार के लिए एकल यात्रा का टोल 235 रुपए और वापसी यात्रा का 350 रुपए, जबकि ट्रक व बड़े वाहनों के लिए शुल्क 1505 तक निर्धारित किया गया है। अन्य श्रेणियों के वाहनों के लिए भी दरें इतनी अधिक हैं कि यह स्थानीय लोगों, छोटे कारोबारियों और ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर सीधा आर्थिक बोझ पड़ेगा। स्थानीय व्यापारियों और परिवहन से जुड़े लोगों का मानना है कि टोल की इतनी ऊँची दरें न केवल विभिन्न खाद्य आदि सामानों की लागत बढ़ाएगी, बल्कि दिल्ली-एनसीआर के यातायात और व्यापार पर भी नकारात्मक असर देखने का मिल सकता है।

### ट्रांसको सहित बिजली वितरण कंपनियों ने की हाईटेंशन लाइनों से दूर पतंगबाजी करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल) सहित निजी आपूर्ति कंपनी बीएसईएस व टाटा पावर डीडीए ने दिल्ली के पतंगबाजों से अपील की है कि वह हाई टेंशन लाइनों के आस पास बिल्कुल पतंगबाजी ने करें। इस सम्बन्ध में दिल्ली ट्रांसको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शूरबीर सिंह ने बताया कि पतंग उड़ाते समय लोगों को बिजली के प्रतिष्ठानों से दूर रहना चाहिए क्योंकि उनकी छोटी सी लापरवाही से बहुत बड़े क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है तथा करंट लग सकता है और व्यक्ति की जान भी जा सकती है। डीटीएल प्रवक्ता डाक्टर रिशीराज के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त के दिन भारी संख्या में लाग पतंगबाजी करते है। ऐसे में पतंग उड़ाने वालों से अपील है कि वह हाईटेंशन लाइनों, बिजली के तारों से दूरी बनाकर पतंग उड़ाए इसके अलावा पतंग उड़ाने में मेटल (धातुकण लेपित) युक्त मांझे का प्रयोग भूलकर भी न करें। क्योंकि मेटल युक्त मांझा जैस ही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आएगा, ऐसे में संभव है कि करंट लगने से जानलेवा हादसा भी हो सकता है। वहीं निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस का कहना है कि पतंग उड़ाने के दौरान अगर कुछ सावधानियां रखी जाए तो जहां जान माल के नुकसान से बचा जा सकता है। वहीं धातु लेपित मांझे वाली पतंगों के कारण ट्रांसमिशन लाइनों में ट्रिपिंग की वजह से बड़े क्षेत्र में होने वाले ब्लैकआउट से भी बचा जा सकता है। अगर 66/33 केवी की सिर्फ एक लाइन ट्रिप हो जाए, तो उससे 10 हजार से अधिक लोगों के घरों में अंधेरा छा सकता है। यदि 11 केवी की एक लाइन ट्रिप होती है, तो लगभग 2500 से अधिक लोगों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। जबकि आपूर्ति कंपनी टाटा पावर डीडीएल के कंपनी के ऑपरेशंस एंड सेफ्टी के चीफ राज कुमार रस्तोगी ने कहा पतंगबाजी की खुशी तभी सार्थक है जब यह सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि तारों और इंस्टॉलेशन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। कंपनी नागरिकों से सूती डोर या प्राकृतिक फाइबर का उपयोग करने, चाइनीज मांझे से बचने और ओवरहेड पावर लाइनों के पास पतंग न उड़ाने की अपील करती है।

## 13 दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों को सौंपे चेक

# महापौर ने 27 आश्रितों को करुणामूलक आधार पर सौंपे नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर के हंसराज गुप्ता सभागार में निगम के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 27 दिवंगत कर्मियों के आश्रितों को करुणामूलक आधार पर नियुक्ति पत्र दिए एवं 13 दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों को टीचर वेलफेयर फंड की राशि के चेक दिए। इस अवसर पर उप महापौर जयभगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा, निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा, शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी, अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल, शिक्षा विभाग के निदेशक संजय सिंह सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

महापौर सिंह ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के ध्येय को लेकर नवनियुक्त कर्मचारी कार्य करेंगे, निगम विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चे आते हैं उन बच्चों को शिक्षित कर हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उपमहापौर यादव ने कहा कि निगम की पिछली सरकार का मॉडल सिर्फ कागज़ी था, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह के नेतृत्व में सब कार्य पूर्ण होंगे। शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने कहा कि इस कार्य में थोड़ा विलंब जरूर हुआ है लेकिन इस कार्य को करने के पीछे हमारी इच्छाशक्ति थी। शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने कहा कि महापौर के मार्गदर्शन में निगम तरक्की के पथ पर अग्रसर है।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 12, एम.सी. रोहतक में रामगोपाल कॉलोनी में विभिन्न गलियों के निर्माण हेतु आकलन + 1 कार्य। | 07.08.2025 18.08.2025 | रु. 136.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37563/I/88/7 दि. 11.08.25

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | टर्नकी आधार पर फेज-III, आईएमटी रोहतक में 33 केवी विस्तारित लाइन समेत 2×12.5 एमवीए, 33/11 केवी इंडोर सब स्टेशन-बी के लिए डिजाइन, मैनुफैक्चरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन। | 12.08.2025 02.09.2025 | रु. 7,23,21,091/- ईएमडी- रु. 7,23,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0124-2451254 se.electrical@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37548/I/88/7 दि. 11.08.25

**खबर संक्षेप**

### जिला जज आशीष गर्ग का हार्ट अटैक से निधन

**गाजियाबाद।** यहां के जिला जज आशीष कुमार गर्ग का हृदयघात से निधन हो गया। 10 अगस्त को



यशोदा अस्पताल में उनका हर्निया का ऑपरेशन हुआ था। चिकित्सक को मुताबिक ऑपरेशन सफल रहा, लेकिन रात में हार्ट अटैक आया और उनका निधन हो गया। गर्ग के निधन के बाद कचहरी में शोक छा गया। बार संगठन के अध्यक्ष दीपक शर्मा व अन्य अधिवक्ताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है ।

### फरीदाबाद में पति से झगड़े के बाद सुसाइड

**फरीदाबाद।** पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के चलते महिला ने आत्महत्या कर ली। सुबह जब काफी समय तक दरवाजा नहीं खुला, जिसके बाद लोगों ने दरवाजा खोलकर देखा, तो महिला फांसी के फंदे से लटकी मिली। घटना पन्हेड़ा खुर्द गांव की है। मृतका की पहचान चांदनी के नाम से हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है।

### चाकू से घायल करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** आपसी कहासुनी में चाकू मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। अजीत ने थाना धौज में पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 9 अगस्त को आरोपी सुखदेव उनकी दुकान के पास क्रिकेट खेल रहा था। शिकायतकर्ता और उसके भाई ने वहां खेलने से मना किया तो सुखदेव के साथ कहासुनी हो गई। जिसके बाद सुखदेव के भाई अमन ने उनके ऊपर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। थाना धौज में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

# ननि ने निकाली गई 78 फीट तिरंगे के साथ भव्य यात्रा, लगाए देशभक्ति के नारे

अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव ने बताया कि अमृत महोत्सव के क्रम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर घर तिरंगा की तैयारी जोरों से चल रही है, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भी भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें स्कूल की छात्राओं द्वारा भी विशेष सहयोग किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

स्वतंत्रता दिवस के 78 वर्ष पूर्ण होने पर निगम ने 78 फीट तिरंगे के साथ भव्य यात्रा निकाली और हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता का शहर को दिया संदेश। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय से शहीद पथ नवयुग मार्केट तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। निगम अधिकारियों, पार्षदों सहित एम बी गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने भी देशभक्ति के नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा को सफल बनाया। सभी उपस्थित जनों ने हाथ में तिरंगा लहराते हुए यात्रा प्रारंभ की, देशभक्ति के गीत तिरंगा यात्रा में सुनाए गए, शहीद पथ पर पहुंचकर यात्रा को संपूर्ण करते हुए शहीदों को नमन किया गया तथा नगर आयुक्त व समस्त उपस्थित पार्षदों द्वारा शहीदों की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित किए गए।

## हर घर तिरंगे की कार्यवाही को दी जा रही रफ्तार



अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव ने बताया कि अमृत महोत्सव के क्रम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर घर तिरंगा की तैयारी जोरों से चल रही है, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भी भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें स्कूल की छात्राओं द्वारा भी विशेष सहयोग किया गया, सभी ने उत्साह पूर्वक शहीदों को याद करते हुए देशभक्ति के नारे लगाए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर में चार लाख राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए जाएंगे साथ ही 15 अगस्त के उपरांत राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान पूर्वक उतार कर रखने की अपील भी की जा रही है( स्वतंत्रता दिवस के 78 वर्ष पूर्ण होने पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 78 फीट तिरंगे के साथ यात्रा निकाली जो की सभी के लिए आकर्षण का केंद्र भी रही, हर घर तिरंगे की कार्यवाही को रफ्तार दी जा रही है जिसके क्रम में जोनवार पार्षदों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए हैं। नगर आयुक्त द्वारा तिरंगा यात्रा प्रारंभ कराई गई तथा हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लेकर नवयुग मार्केट स्थित शहीद पथ की ओर बढ़े, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अभियान के रूप में टीम कार्य कर रही है।

### सीनियर डिप्टी मेयर एवं डिप्टी मेयर चुनाव स्थगित

# 6 घंटे की बैठक में नहीं बन सकी सहमति, दो गुटों में बंटी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद नगर निगम में सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव को लेकर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे रस्साकशी चलती रही, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। जिसके बाद चुनाव को स्थगित कर दिया गया।

फरीदाबाद नगर निगम में सात वर्षों के बाद हो रहे सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव को स्थगित कर दिया गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि कुछ टेक्निकल कारणों के चलते चुनाव नही हो पाया है। जल्दी ही चुनाव की नई तारीख की घोषणा की जाएगी।

फरीदाबाद नगर निगम में सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव को लेकर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे रस्साकशी चलती रही, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। जिसके बाद चुनाव को स्थगित कर दिया गया। इस चुनाव को लेकर भाजपा दो गुटों में बटी नजर आई। 6 घंटे तक लगातार चली बैठक में भी भाजपा सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का नाम घोषित नही कर पाई।

**खास बातें**

- सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे रस्साकशी चलती रही
- आंतरिक गुटबाजी के कारण दोनों पदों पर सहमति नहीं

### भाजपा में दो पक्ष आमने-सामने




इन पदों पर अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए भाजपा में दो पक्ष आमने-सामने हैं। एक तरफ केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर हैं, तो दूसरी तरफ कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और राज्य मंत्री राजेश नागर है। निगम के सभागार में से बल्लभगढ़ से मूलचंद शर्मा, एनआईटी से सतीश फागना और बड़खल से धनेश अदलक्खा अपने पार्षदों के साथ बैठक से वॉक आउट कर गए, लेकिन कुछ समय के बाद वो वापस निगम के सभागार पहुंच गए।

### भाजपा को मिला पूर्ण बहुमत

गौरतलब है कि 2 मार्च को नगर निगम की 46 सीटों के लिए पार्षद सहित मेयर पद के चुनाव के लिए भी वोटिंग की गई। जिसमें 39 सीटों पर भाजपा के पार्षद पहुंचे और मेयर की पद पर भी प्रवीण बत्रा ने कांग्रेस की उम्मीदवार लता चंदीला को हराकर जीत हासिल की। जबकि 6 निर्दलीय और एक कांग्रेस के पार्षद ने जीत हासिल की । चुनाव की निगरानी के लिए भाजपा ने कृष्णलाल पंवार को आब्जर्वर नियुक्त किया है। नगर निगम में इस बार भाजपा को एकतरफा बहुमत मिला है। कुल 46 सीटों में से 39 पार्षद भाजपा के हैं, जबकि 6 निर्दलीय और एक कांग्रेस का पार्षद है। 2 मार्च को हुए निगम चुनाव में पहली बार भाजपा को इतना बड़ा बहुमत मिला है।

### गुर्जर को 29 पार्षदों का समर्थन ?

*भाजपा में आंतरिक गुटबाजी के कारण दोनों पदों पर सहमति नहीं बन पाई। एक गुट में कृष्णपाल गुर्जर के साथ तीन विधायक क्रमशः बल्लभगढ़ से मूलचंद शर्मा, एनआईटी से सतीश फागना और बडखल से धनेश अदलक्खा हैं। वहीं दूसरे गुट में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और राज्य मंत्री राजेश नागर एक साथ हैं। इससे पूर्व 7 साल पहले हुए चुनाव में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर अपने बेटे देवेन्द्र चौधरी को सीनियर डिप्टी मेयर बनाने मे कामयाब रहे थे। वही मनमोहन गर्ग को डिप्टी मेयर चुना गया था। माना जा रहा है कि इस बार 29 पार्षदों का समर्थन कृष्णपाल गुर्जर के साथ है।*

# दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर ट्रक ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारी, कॉन्स्टेबल की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर भोजपुर के गांव अमराला के समीप एक बेकाबू ट्रक ने डायल 112 की गाड़ी (पीआरवी) को टक्कर मार दी। हादसे में पीआरवी के चालक सिपाही अनुज कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। रविवार रात करीब एक बजे पुलिस कंट्रोल रूम को दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर भोजपुर क्षेत्र स्थित गांव अमराला के समीप एक थार कार के डिवाइडर से टकराने की सूचना मिली। जानकारी के बाद डायल 112 पर गाड़ी (पीआरवी) पर तैनात चालक अनुज कुमार व सिपाही पंकज कुमार मौके पर पहुंचें।

बताया गया कि अनुज और पंकज मौके पर पहुंचकर राहत बचाव में जुट गए। इसी बीच अनुज कुमार पीआरवी में रखे फर्स्टऐड बॉक्स को लेने चले गए। तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीआरवी को जोरदार टक्कर मार दी।

### सिपाही का एक पैर कटकर अलग हो गया

हादसे में पीआरवी के परखच्चे उड़ गए और सिपाही अनुज कुमार का एक पैर कटकर अलग हो गया और दूसरा पैर बुरी तरह कुचल गया। मौके पर पहुंची भोजपुर पुलिस ने गंभीर रूप से घायल सिपाही को अनुज कुमार को मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने अनुज कुमार को मृत घोषित कर दिया। सिपाही अनुज कुमार वर्ष 2011 बैच के थे और मूल रूप से जनपद मुजफ्फरनगर स्थित नई मंडी कोतवाली क्षेत्र नेहगाढ़ी के रहने वाले थे। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों फुटेज तथा टेक्निकल जांच पर की गई गिरफ्तारी

# मॉडल के सामने अश्लील हरकतें करने वाला असिस्टेंट मैनेजर को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सिविल लाइन एरिया के राजीव चौक पर कैब का इंतजार कर रही मॉडल के सामने अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी भारी-भरकम पैकेज पर एक कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। पुलिस ने उसे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों फुटेज तथा टेक्निकल जांच के बाद गिरफ्तार किया।

दरअसल, सोशल मीडिया पर 4 अगस्त को एक पोस्ट युवती (मॉडल) के द्वारा डाली गई थी। युवती ने बताया कि वह किसी काम से गुरुग्राम से जयपुर गई थी। जयपुर से बस लेकर तीन अगस्त की सुबह दिल्ली-जयपुर हाइवे पर गुरुग्राम के राजीव चौक पर पहुंच गई। घर जाने के लिए कैब का इंतजार कर रही थी। इस दौरान उसने एक युवक को उसे देखकर गंदी हरकतें करते हुए देखा। पहले तो उसने उसे नजरअंदाज किया, लेकिन उसकी हरकतें इतनी गंदी थी कि उसे उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करवाने के लिए वीडियो बनाना पड़ा। इस युवक ने मास्क डाला हुआ था। कंधे से आगे की तरफ बैग टांगकर पेंट की जिप खोलकर उसके सामने गंदगी हरकत करने लगा।

वायरल वीडियो में युवती ने कहा कि वह उसके आसपास घूम रहा था। उसने बताया कि यह देखकर उसे बहुत गुस्सा आ रहा था। उसने कैब चालक को कई बार कॉल किया, लेकिन उसने पिक नहीं किया। इस घटिया युवक से बचने के लिए उसने दूसरी कैब बुक की और वहां से चली गई।



### वीडियो वायरल होने के बाद मामला दर्ज

सोशल मीडिया पर युवती का वीडियो वायरल होने के बाद सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज कर लिया और युवक की पहचान में जुट गई। मामले में सिविल लाइंस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कृष्ण, के नेतृत्व में एल/एएसआई ममता ने पुलिस टीम के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी की पहचान के लिए प्रयास किए। पुलिस ने घटनास्थल व आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को सेक्टर-49, गुरुग्राम से काबू कर लिया। आरोपी की पहचान करनाल के अभिलाष कुमार (32 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने सिविल लाइंस थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मामले की गहनता से छानबीन करते हुए सोमवार को आरोपी अभिलाष कुमार गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है।

# बीजेएमसी की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित, अमित शर्मा अध्यक्ष, राम प्रकाश बने चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भारतीय जनता मजदूर सेल ने रविवार को हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की। जिसमें अमित शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष, राम प्रकाश को प्रदेश का चेयरमैन बनाया गया। सिविल लाइंस स्थित जॉन हॉल में बीजेएमसी के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ विश्वप्रिय रॉय चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्नब चटर्जी, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कार्यकारिणी घोषित की। 35 सदस्यों वाली प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश के



सभी जिलों को प्रतिनिधित्व दिया गया। वहीं सभी को नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र सौंपे। विश्वप्रिय राय चौधरी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रमिकों के कल्याण के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। अब श्रमिकों को समान अधिकार और सम्मान मिल रहा है और उनके हितों की रक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि संगठन असंगठित और संगठित श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए लंबे समय से काम कर रहा है। अब संगठन केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाएं श्रमिकों तक पहुंचेगा। अर्नब चटर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रिया किया कि उन्होंने सत्ता में आते ही सबसे पहले श्रमिकों के कल्याण के बारे में सोचा।

### 2 लोग घायल, हालत गंभीर

# साहिबाबाद सब्जी मंडी में व्यापारियों की बैठक में घुसकर बाहरी युवकों ने की अंधाधुंध गोलीबारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

लिंक रोड थाना क्षेत्र स्थित साहिबाबाद नवीन फल एवं सब्जी मंडी में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मंडी व्यापारियों की बैठक में बाहरी लोग घुस आए और कई राउंड गोलियां चलाई। इस दौरान गोली लगने से एक युवक घायल हो गया। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां उनकी हालत गम्भीर बनी हुई है। सूचना मिलने पर डीसीपी (हिंडनपार) निमिष दशरथ पाटिल भी मौके पर पहुंचे।

### पहले कुर्सियां तोड़ी फिर गोली चला दी



व्यापारियों ने बताया कि रविवार की शाम करीब 7 बजे कुछ लोग मंडी में आए। एस- ए 16, 17 के सामने उन्होंने आकर कहा कि इन दुकानों के सामने की जगह मंडी समिति ने हमें एलॉट कर दी है। व्यापारियों ने इसका विरोध किया और मीटिंग की। मीटिंग चल रही थी। मंडी प्रधान ज्ञानचंद यादव, विजेंद्र यादव,चौधरी अजय, भारत भाटी , हाजी यूनुस हाजी शमशाद सब मीटिंग में थे। इसी दौरान कुछ लोग स्कॉर्पियो से आकर उतरे और जबरदस्ती मीटिंग में शामिल होने लगे। विरोध किया तो लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी।

### हमलावरों की तलाश में पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही साहिबाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेराबंदी कर लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और हमलावरों की तलाश में टीमें गठित की गई हैं।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सन्नी टाक, पुत्रः स्व. श्री सेवा राम,** पताः **मकान नं. 4738, गली नं. 112/8 बी ब्लॉक, संत नगर, बुराड़ी, दिल्ली** ने case **FIR No. 800/2021 U/s 380/411 IPC, थानाः बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है ) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **सन्नी टाक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सन्नी टाक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 800/2021 U/s 380/411 IPC, थानाः बुराड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सन्नी टाक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 15.09.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री पायल सिंगल**
**न्यायायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–09**
**रूम नं. 286, केन्द्रीय जिला**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/10595/N/2025 (Court Matter)**

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद, टोहाना | एम.सी. टोहना में वार्ड नं. 02 का सौन्दर्यीकरण + 37 कार्य। | 06.08.2025 13.08.2025 | रु. 563.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467820947 eo-tohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37567/I/88/7 दि. 11.08.25

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में स्ट्रीट लाइट का प्रचालन और रखरखाव। | बंद होने की तिथि 18.08.2025 | रु. 63,89,000/- ईएमडी रु. 1,28,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37561/I/88/7 दि. 11.08.25

## डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड

CIN: L74140DL1994PLC304881,
पंजीकृत कार्यालय : 1403, विक्रम टावर 16, राजेन्द्रा प्लेस, नई दिल्ली–110008
Website: http://dynamicwealthservices.co.in / Phone: 9017255300, Email: dpms.kolkata@gmail.com

**30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

| क्र. सं. | विवरण | 30.06.2025 के अनुसार समाप्त तिमाही हेतु | 30.06.2024 के अनुसार पूर्ववर्ती वर्ष में समाप्त अनुकूल 3 माह | 31.03.2025 को समाप्त पूर्ववर्ती वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 24.24 | 18.33 | 78.30 |
| 2 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों से पूर्व) | 15.51 | 5.74 | 16.78 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 15.51 | 5.74 | 16.78 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 11.62 | 5.74 | 12.33 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 11.62 | 5.74 | 12.33 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल @ रु. 10/- प्रत्येक | 1,161.29 | 1,161.29 | 1,161.29 |
| 7 | रिजर्व (पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - |
| 8 | आर्जन प्रति शेयर (रु. 10/- प्रत्येक के) बेसिक : | 0.10 | 0.05 | 0.11 |
| | डायल्युटेड : | 0.10 | 0.05 | 0.11 |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त तैमाहिक परिणामों को ऑडिट कमेटी द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है और 11 अगस्त 2025 को आयोजित इसकी बोर्ड बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर दिये गये हैं और ये सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये हैं।
2. तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट अर्थात् www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.dynamicwealthservices.co.in पर उपलब्ध हैं।
3. कम्पनी के उपरोक्त वित्तीय परिणामों को कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2016 द्वारा संशोधित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों ('Ind AS') के अनुसार तैयार किये गये है और तदानुसार, ये वित्तीय परिणाम तुलनात्मक रिपोर्टिंग अवधि हेतु परिणामों सहित कम्पनी अधिनियम 2013 ("दि एक्ट") की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट भारतीय लेखा मानक 34 "अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग" ("Ind AS 34") में दिये गये मान्यता और उपाय सिद्धांतों के अनुरूप, और भारत में सामान्यतः स्वीकार्य अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्टिसेज तथा संशोधित अनुसार सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 33 (दि "लिस्टिंग रेगुलेशंस") के अनुपालन में तैयार किये गये हैं। भारतीय रिजर्व बैंक अथवा अन्य नियामकों द्वारा जारी कोई एप्लीकेशन मार्गदर्शन / स्पष्टीकरणों / निर्देशों को जैसे और जब जारी / लागू किये जाते हैं, के अनुसार क्रियान्वित किये गये हैं।
4. भारतीय प्रतिभूतियां विनिमय बोर्ड ("सेबी") (लिस्टिंग आब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 33 के अनुपालन में, 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों की एक सीमित समीक्षा वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा पूर्ण कर ली गई है।
5. कम्पनी एनबीएफसी के व्यवसाय में है और अतः भारतीय लेखा मानक "ऑपरेटिंग सेगमेंट्स" (Ind AS 108) के अनुसार कोई अलग रिपोर्टेबल सेगमेंट्स नहीं हैं और इसलिये, सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत सेगमेंट रिपोर्टिंग लागू नहीं है। अतः प्राथमिक सेगमेंट से सम्बन्धित जानकारी (सेगमेंट राजस्व, सेगमेंट परिणाम, सेगमेंट परिसम्पत्तियां और सेगमेंट देनदारियां सहित) की घोषणा करने की आवश्यकता नहीं है।
6. पूर्ववर्ती अवधि / वर्ष के आंकड़े जहां आवश्यक पाया गया वर्तमान अवधि / वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिये रिग्रुप्ड / रिक्लासीफाइड कर लिये गये हैं।

**कृते व निदेशक मंडल की ओर से**
**डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड**
हस्ता/-
**राजेश गुप्ता**
**प्रबंध निदेशक**
**डीआईएन–00025324**

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 11.08.2025**

## खबर संक्षेप

### धराली में आई आपदा में बिहार के 11 लोग लापता



**पटना।** धराली में आई आपदा में पश्चिम चंपारण के और 11 लोग लापता हैं। इनमें पांच के परिजनों ने उन्हें मृत मानकर अंतिम संस्कार कर दिया है। लापता लोगों में सिकटा प्रखंड के मंगलहिया के सात, चनपटिया के तीन व बैरिया के एक व्यक्ति शामिल हैं। मंगलहिया के पिता व दो पुत्रों को मृत मानकर परिजनों ने पहले ही अंतिम संस्कार कर दिया था। इस तरह अब तक कुल 14 लापता हैं।

### हिरासत से भागने की कोशिश में मारा गया सूर्या

**दुमका।** झारखंड में कई आपराधिक मामलों में वांछित एक आरोपी हिरासत से भागने की



कोशिश में मारा गया। वह विभिन्न राजनीतिक दलों के टिकट पर 4 बार विधानसभा चुका लड़ चुका था। पुलिस ने उसे देवघर से गिरफ्तार किया था। निशानदेही पर हथियार बरामदगी के लिए पुलिस उसे साथ लेकर जा रही थी। उसने भागने की कोशिश की और पुलिस की गोली से मारा गया।

### 15 को चेहल्लुम जुलूस को लेकर रूट डायवर्जन

**लखनऊ।** चंद्रदर्शन के अनुसार इस्लामिक माह सफर की 20वीं सफर का 15 अगस्त को मजलिस




हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों के कर्बला के मैदान में शहीद होने के 40 दिन पूरे होने पर अलम सजाकर चेहल्लुम का जुलूस निकाला जाएगा। पुलिस उपायुक्तकमलेश दीक्षित ने बताया कि जुलूस इमामबाड़ा से शुरू होकर कर्बला में समाप्त होगा।

# एआई क्लास में विधायक अभय सिंह के सवाल पर गूंजे ठहाके

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी विधानसभा में एक विशेष सत्र के दौरान विधायक अभय सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर जो अनूठे सवाल उठाए। गौरतलब है कि यूपी विधानसभा में सदस्यों को एआई की समझ देने व इसे अपनी विधायी कार्यशैली में शामिल करने के उद्देश्य से एक सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का संचालन आईटी विशेषज्ञ हर्षित और आशुतोष तिवारी ने किया। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना,



विपक्षी नेता माता प्रसाद पांडेय, और अन्य केंद्रीय सदस्य शामिल थे। विधायक अभय सिंह ने एआई को लेकर तीखा व्यंग्य करते हुए कहा कि एआई कोई खुद की जानकारी नहीं रखता। यह हमसे लेकर आपके पास देता है और फिर हमसे वापस लेता है। उनका यह कथन सदन में चर्चा का विषय बन गया और सभी विधायक ठहाके लगाने लगे।

अभय सिंह ने एआई की विश्वसनीयता पर संदेह जताते हुए कहा कि एआई हमारे क्षेत्र में कौन सी सड़क बनवाने से ज्यादा वोट मिल सकती है, यह नहीं बता सकती। उन्होंने मज़ाकिया अंदाज में बताया कि जब उन्होंने एआई से अपनी "राजयोग" की अवधि पूछा, तो एआई ने गलत उत्तर देते हुए अंततः अपनी गलती मान भी ली, जिससे विधान सभा में हंसी का माहौल बन गया।

# यूपीपीएससी परीक्षा में न होगी नकल, न लीक होगा पेपर

नई प्रणाली में प्रश्न पत्रों की संख्या चार हो जाएगी। चारों सेट अलग-अलग एक्सपर्ट तैयार करेंगे। इन्हें अलग-अलग रंगों के लिफाफों में सिक्योरिटी कोड के साथ परीक्षा केंद्रों पर भेजा जाएगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

**योगी सरकार का मास्टर प्लान**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की भर्ती परीक्षाओं को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। लंबे समय से चर्चा में रही पेपर लीक की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने विधानमंडल के मॉनसून सत्र में लोक सेवा आयोग (प्रक्रिया का अधिनियम) (संशोधन) विधेयक-2025 पेश करने की तैयारी कर ली है। कैबिनेट इसका अध्यादेश 22 जुलाई को पारित कर चुकी है। नई व्यवस्था के तहत प्रश्नपत्र 4 सेट में तैयार होंगे और अलग-अलग सुरक्षा उपाय अपनाए जाएंगे।

अभी तक यूपीपीएससी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र तीन सेट में बनाए जाते थे। लेकिन नई प्रणाली में यह संख्या चार हो जाएगी। चारों सेट अलग-अलग एक्सपर्ट तैयार करेंगे। इन्हें




अलग-अलग रंगों के लिफाफों में सिक्योरिटी कोड के साथ परीक्षा केंद्रों पर भेजा जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि अब यूपीपीएससी परीक्षा में किसी भी गड़बड़ी के लिए मुद्रक (प्रकाशक) को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया जाएगा। इससे प्रकाशक अपनी जिम्मेदारी समझेंगे और सेंटर से पेपर लीक होने की घटनाओं पर लगाम लगाया जा सकेगा।

### विधानसभा में जब योगी ने सपा नेता माता प्रसाद को निशाने पर ले लिया

# माता प्रसाद पांडेय वरिष्ठ नेता हैं, उनके कंधे पर बंदूक रख गोली चला रहे लोग

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में विधानमंडल के मानसून सत्र के पहले दिन नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के आरोपों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा के कार्यकाल में व्यापारियों से गुंडा टैक्स वसूला जाता था। सपा का लोकतंत्र में विश्वास केवल एक दिखावा है। उनकी पार्टी और लोकतंत्र नदी के दो छोर हैं। माता प्रसाद पांडेय के आरोपों पर सीएम ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष एक वरिष्ठ नेता हैं। कुछ लोग उनके कंधे पर बंदूक रखकर गोली चला रहे हैं। उन्हें अनावश्यक रूप से मोहरा बनाया जा रहा है। आपको ऐसा होने नहीं देना चाहिए। गोरखपुर के विरासत कॉरिडोर के मुद्दे पर सपा की राजनीति को सीएम ने नकारात्मक और विकास विरोधी बताया।

सदन में माता प्रसाद पांडेय के आरोपों पर सीएम योगी ने दो टूक कहा कि सपा और लोकतंत्र नदी के दो छोर हैं। सपा शासन में शोषण और गुंडा टैक्स को व्यापारी अभी तक नहीं भूले हैं। नेता प्रतिपक्ष के कंधे पर बंदूक रखकर कुछ लोग गोली चला रहे हैं।

### पुराने बाजार, घंटाघर और गीताप्रेस को जोड़ेगा विरासत कॉरिडोर



सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर का विरासत कॉरिडोर जिले के सबसे पुराने बाजार, घंटाघर और गीताप्रेस जैसे ऐतिहासिक स्थानों को जोड़ने का काम करेगा। नेता प्रतिपक्ष से तीन दिन पहले हमने गोरखपुर विरासत कॉरिडोर का निरीक्षण किया था। वहां के एक-एक व्यापारी से बात की। यह गोरखपुर का सबसे पुराना बाजार है, जहां कंजेशन और अवैध कब्जे की समस्या थी। हमने सड़क निर्माण और कंजेशन दूर करने का काम शुरू किया है। व्यापारियों को मुआवजा देने का आश्वासन दिया है।

#### सपा से सुरक्षा और विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती

सीएम ने कहा कि गोरखपुर के व्यापारियों ने माता प्रसाद पांडेय के दौरे का विरोध किया था। क्योंकि, सपा के कार्यकाल में व्यापारियों को भय और गुंडा टैक्स का सामना करना पड़ा था। व्यापारी अभी तक उनके शोषण को नहीं भूले हैं। व्यापारियों ने आपका सम्मान पूर्वक विरोध किया। लेकिन, सपा से सुरक्षा और विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती।सीएम ने कहा कि सपा सरकार में संभल में 'नग्न तांडव' हुआ। वर्तमान सरकार वहां शुद्धिकरण अभियान चला रही है। सपा ने जो नकारात्मकता फैलाई, आज हम उसे सुधार रहे हैं।

#### स्वास्थ्य-शिक्षा सपा का एजेंडा कभी नहीं रहा

उन्होंने सपा पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में इस क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं हुआ। बल्कि, हर साल 700 से 1500 बच्चों की मौत इन्सेफलाइटिस से होती थी। नेता प्रतिपक्ष के विधानसभा क्षेत्र और सिद्धार्थनगर में सैकड़ों बच्चे मरते थे। लेकिन आपने कुछ नहीं किया। स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास आपका एजेंडा कभी नहीं रहा।

### यूपी विधानसभा में रक्षाबंधन



विधायक अदिति सिंह ने बांधी राखी तो एमएले प्रतीक भूषण ने पैर छूकर लिया आशीर्वाद यूपी विधानसभा का मानसून सत्र के दौरान एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला। रायबरेली सदर से भाजपा विधायक अदिति सिंह ने गोंडा से भाजपा विधायक प्रतीक भूषण सिंह को राखी बांधी। राखी बंधवाने के बाद प्रतीक भूषण ने पैर छूकर अदिति का आशीर्वाद भी लिया।

### निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की सुरक्षा भी बढ़ाई

# डिप्टी सीएम सम्राट व तेजस्वी को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले गृह विभाग ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्णिया सांसद पप्पू यादव समेत छह नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी है। सम्राट चौधरी को अब एएसएल (एडवांस सिक्योरिटी लिएजन) के साथ जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी। इसमें जेड प्लस श्रेणी में शामिल तीन दर्जन पुलिस और कमांडो के जवान एक दूसरे के साथ उन्नत सुरक्षा संपर्क में रहते हैं।

वहीं पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को वाई प्लस की जगह अब जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जाएगी। इसके अलावा पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव, अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह और बाढ़ के विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी जाएगी। वहीं जदयू के विधान पार्षद सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक नीरज कुमार को वाई श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी।

#### छह नेताओं की सुरक्षा बढ़ाने की अनुशंसा

राज्य सरकार ने विशिष्ट व्यक्तियों के सुरक्षा वर्गीकरण की समीक्षा को लेकर एक अगसत को राज्य सुरक्षा समिति की बैठक में इन छह नेताओं की सुरक्षा बढ़ाने की अनुशंसा की थी। इसकी स्वीकृति के बाद गृह विभाग की विशेष सचिव के सुहिता अनुपम ने बिहार के डीजीपी विनय कुमार और अपर पुलिस महानिदेशक (विशेष शाखा) को सम्राट, तेजस्वी समेत छह नेताओं की सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश जारी किया है।

## पेज एक का शेष

### पीएम ने संघर्ष के शीघ्र और...

प्रतिबद्धता जताई। साथ ही इसे लेकर बनी हुई भारत की दृढ़ स्थिति से भी उन्हें अवगत कराया। भारत यूक्रेन के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए भी संकल्पित है'।

**हत्याएं जारी रखने में इच्छुक रूस:** जेलेंस्की ने कहा कि मैंने इस बातचीत के दौरान भारतीय पीएम को हमारे शहरों और गांवों पर रूस के हमलों के बारे में भी जानकारी दी। जिसमें बीते रविवार को जपोरिजिया के बस अड्डे पर हुए रूसी हमले के बारे में बताया। जहां पर रूस द्वारा जानबूझकर की गई बमबारी में दर्जनों लोग घायल हो गए। यह सब ऐसे समय में हो रहा है। जब युद्ध को समाप्त करने की अंततः कूटनीतिक संभावना है और रूस युद्धविराम को लेकर तत्परता दिखाने की जगह पर केवल कब्जा और हत्याएं जारी रखने की अपनी इच्छा प्रकट कर रहा है।

### यूक्रेन की भागीदारी ...

सीमित करना जरूरी है। जिससे इस युद्ध को जारी रखने के लिए रूस की वित्तीय क्षमता-क्षमता को कम किया जा सके। यह भी महत्वपूर्ण है कि रूस पर ठोस प्रभाव रखने वाला हर नेता मास्को को इसी तरह के संकेत भेजे। पीएम मोदी और मैंने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के दौरान एक व्यक्तिगत बैठक की योजना बनाने और यात्राओं के आदान-प्रदान पर सहमति जताई है।

### मुख्यमंत्री सैनी की...

उपयोग और पारदर्शी खरीद प्रणाली के माध्यम से विकास कार्यों को समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में कानून एवं व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से 29 नई 52 सीटर बसें और 6 मिनी बसें की खरीद को भी स्वीकृति दी गई। इसके अलावा, विद्युत आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम और उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा लगभग 234.19 करोड़ रुपये की लागत से एलटी एक्सएलपीई आर्मर्ड केबल, विभिन्न पोल तथा 20 केवीए ट्रांसफॉर्मर्स की खरीद को भी मंजूरी दी गई। बैठक में शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सरकारी स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा, बैठक में डिजिटल सेवाओं के विस्तार और ई-गवर्नेंस को मजबूत करने के लिए उपकरणों के आधुनिकीकरण पर जोर दिया गया। इसके लिए लगभग 3.20 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से क्लाउड सर्वर और स्टोरेज क्षमता सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। इससे राज्य में सरकारी सेवाओं के वितरण में पारदर्शिता, गति और कुशलता को और बढ़ावा मिलेगा।

### राष्ट्रपति के 'एट-होम'...

पहचान वाली ऑर्गेनिक हनी को शामिल है। झारखंड की लकड़ी पर की गई नक्काशी का स्मृति-चिह्न है तो बिहार की टिकुली को भी किट का हिस्सा बनाया गया है। खासतौर से भारतीय सभ्यता और संस्कृति से नहाये आमंत्रण पत्र में राष्ट्रपति मुर्मू का व्यक्तिगत संदेश भी है, जिसमें राष्ट्रीय एकता, विविधता और सीमांत क्षेत्रों के योगदान को रेखांकित किया गया। राष्ट्रपति भवन का उद्देश्य न केवल मेहमानों को स्वागत-स्मृति देना था, बल्कि देश के अलग कोने में स्थित उन इलाकों की पहचान को भी राष्ट्रीय मंच पर प्रमुखता से लाना था, जो अक्सर मुख्यधारा में कम दिखते हैं। कार्यक्रम में देशभर के गणमान्य व्यक्तियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, वीरता पुरस्कार विजेताओं, शिक्षाविदों और कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। 15 अगस्त की शाम राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित होने वाले इस 'एट-होम' समारोह में प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और अन्य शीर्ष पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

### फोटो बिल्ली का, नाम- कैट कुमार

# फर्जी निवास प्रमाण पत्र मामले में एफआईआर, आवेदक पर कसेगा शिकंजा



एजेंसी ▶▶ सासाराम

बिहार में गहन मतदाता पुनरीक्षण के दौरान डॉग बाबू, मोनालिका, दरिंदा, सोनालिका ट्रैक्टर, डोनाल्ड ट्रंप के बाद अब कैट कुमार के नाम से आवास प्रमाण पत्र का आवेदन मिला है। मामला सासाराम सासाराम जिले के नासरीगंज अंचल का है। जिसके बाद इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरटीपीएस काउंटर पर कैट कुमार, पिता कैटी बॉस के नाम के साथ निवास प्रमाणपत्र बनाने का ऑनलाइन आवेदन मिला था। जिसपर अभ्यर्थी के नाम व फोटो की जगह बिल्ली की तस्वीर व नाम अंकित किया गया है।

इस मामले में डीएम उदिता सिंह ने संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया। नासरीगंज थाने में संबंधित पदाधिकारी के द्वारा एफआईआर दर्ज भी करायी गई। आवदेन पर आवेदक के फोटो के रूप में बिल्ली का फोटो दिया गया है। दिए गए आवदेन में आवेदक का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जगह तथा चित्र गलत ढंग से एवं फर्जी प्रस्तुत किया गया है। आवेदक के इस कृत्य से सरकारी कार्य में बाधा पहुंचा है। सरकारी व्यवस्था के प्रति षडयंत्र कर जनता के बीच छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है।

इस संबंध में राजस्व कर्मचारी, अंचल कार्यालय, नासरीगंज द्वारा उक्त आवेदक (मोबाइल नंबर) के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने, षड्यंत्र कर सरकारी व्यवस्था की छवि को धूमिल करने, ऑनलाइन प्रौद्योगिकी को विकृत कर प्रयोग करने के लिए नासरीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। डीएम ने साफ कहा है कि ऐसे कृत्य करने वाले पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# सेना भूमि घोटाले के आरोपित आईएएस छवि रंजन ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की जमानत याचिका

एजेंसी ▶▶ रांची

सेना भूमि के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन का फार्जीवाड़ा कर खरीद-बिक्री के आरोपित रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। उनकी ओर से हाई कोर्ट के आदेश खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर जमानत देने की गुहार लगाई गई है। हाई कोर्ट ने छह अगस्त को उनकी याचिका खारिज कर दी थी। सुनवाई के दौरान छवि रंजन की ओर से अदालत को बताया गया था कि वह 25 माह से अधिक समय से जेल में बंद हैं। उन्हें जमानत की सुविधा प्रदान की जाए। ईडी की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार दास और सौरभ सिंह ने अदालत को बताया कि इनके द्वारा सजा की एक तिहाई जेल की अवधि का आधार बनाकर जमानत मांगा जाना उचित नहीं है। क्योंकि यह प्रविधान बार-बार अपराध करने वालों के लिए नहीं है। इन पर जमीन घोटाले से जुड़ा एक अन्य मामला भी चल रहा है।

# नवाब अब्दुल समद का मकबरा या ऐतिहासिक शिव मंदिर फतेहपुर में हुए बवाल पर हिंदू और मुस्लिम पक्ष के दावे



एजेंसी ▶▶ फतेहपुर

नवाब अब्दुल समद का मकबरा या ऐतिहासिक शिव मंदिर। यूपी के फतेहपुर में इसको लेकर विवाद बढ़ गया है। एक दिन पहले हिंदू संगठनों ने डीएम से इस मकबरे में पूजा-पाठ की इजाजत मांगी थी। हालांकि इजाजत तो नहीं मिली मगर मकबरे के आसपास बैरिकेडिंग करते हुए भारी फोर्स जरूर तैनात कर दी गई। ऐसे में सोमवार को बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठन के लोग मौके पर जमा हो गए और कथित तौर पर मकबरे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने लगे। जैसे-तैसे पुलिसवालों ने उन्हें रोका। उधर, मुस्लिम समुदाय के लोग भी मकबरे की ओर बढ़ने लगे। जिससे माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया।

दरअसल फतेहपुर के सदर तहसील क्षेत्र स्थित नवाब अब्दुल समद मकबरे को भाजपा जिलाध्यक्ष ने मंदिर होने का किया दावा किया है। उन्होंने इसे लगभग एक हजार वर्ष पुराना बताया है।

इस मकबरे में ठाकुर जी/शिव मंदिर संरक्षण संघर्ष समिति और भाजपा समेत कई हिंदू संगठनों ने 11 अगस्त को पूजा-पाठ करने का किया ऐलान किया था। उन्होंने मंदिर के स्वरूप को बदलकर इसे मकबरा बनाने का आरोप लगाया है। हिंदू संगठनों का कहना है कि मकबरे में कमल के फूल व त्रिशूल बने हैं, इससे पुष्टि होती है ये एक प्राचीन मंदिर था, जिसे बाद में मकबरे में बदल दिया गया।

### जब ये फंस जाते हैं तब नफरत फैलाते हैं

यूपी के फतेहपुर में मकबरा और मंदिर विवाद को लेकर हुए बवाल पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीजेपी पर बड़ा हमला बोला है।



अखिलेश यादव ने कहा कि जब भाजपा वाले भ्रष्टाचार, आय दोगुनी, कानून व्यवस्था पर फंस जाते हैं तो नफरत फैलाने लगते हैं। भाजपा के लोग इस मामले में बहुत ट्रेंड हैं। समाज बंटे, नफरत बढ़े, दूरियां फैलें तभी यह लोग कामयाब होंगे। तभी यह लोग अपनी राजनीति में कामयाब होंगे। यह लोग अंग्रेजों वाली विचारधारा पर चल रहे हैं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, रोहतक रोड, शकूरबस्ती, दिल्ली–56, भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट प्रणाली में ई खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण शकूरबस्ती के अधीन गढी हरसरू में वाई कनेक्शन से सम्बन्धित पी.वे लिंकिंग और अन्य संबद्ध कार्य जैसे कि बी.जी. रेलवे ट्रैक पॉइंट्स और क्रॉसिंग ट्रैप्स को बिछाना जोड़ना और हटाना पी.वे सामग्री और पीआरसी स्लीपर्स की लीडिंग एटी वेल्डिंग इन–सीटू ग्लूड जोडों के साथ तोड़ना और जोडना। |
| अनुमानित लागत | रु.2.86 करोड |
| धरोहर राशि | रु.292900.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने के 09 माह के अंदर |
| रेलवे की वेबसाईट पर निविदा की ब्रिकी एवं उपलब्धता | निविदा दस्तावेज दिनांक 26.08.2025 से 09.09.2025 तक समय 11.30 तक उपलब्ध रहेगे। |
| निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय | निविदा कर्ता दिनांक 26.08.2025 से 09.09.2025 समय 11.30 वेबसाईट से अपलोड कर सकते है। |
| निविदा के खुलने की तिथि एवं समय | निविदा अपलोड करने के तुरन्त पश्चात दिनांक 09.09.2025 को 11.30 तक। |

सं0 420 एकाउन्टस/निर्माण/शकूरबस्ती दिनांक : 11.08.2025

2450/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**Indus Shareshree Pvt Ltd**

SEBI Registerd category I {RTA}

**Important Update for Investors Holding Physical Shares!**

As per the latest SEBI circular dated July 2, 2025, a Special Window has been opened for investors to re-lodge transfer requests for physical shares that were:

- Originally lodged before April 1, 2019
- Rejected/Returned due to document deficiencies
- Missed the previous deadline of **March 31**, 2021

**Re-lodgement Window:** (From July 7, 2025 to Jan 6, 2026)

- Re-lodged shares will be tranferred only in demat form
- Proper documentation required

If you missed the earlier deadlines, this is your golden chance to secure your investments.

**Contact us today to re-lodge your share transfer requests and dematerialize your shares hassle-free!**

ippl@indusinvest.com
www.indusinvest.com

Tel:- 011-47671200, 214

हरिभूमि सहेली

स्वाधीनता दिवस विशेष



यह सही है कि वर्षों गुलामी की जंजीरों की जकड़न से मुक्ति मिलने पर तत्कालीन देश-समाज में महिलाओं की स्थिति अच्छी नहीं थी। लेकिन तमाम विडंबनाओं, चुनौतियों और संघर्षों को पार कर आधी आबादी ने ना केवल खुद को मजबूती से प्रतिष्ठित किया, सशक्त राष्ट्र निर्माण में भी महती भूमिका निभाई, अब भी निरंतर निभा रही है।

# आधी आबादी की सहभागिता से सशक्त हो रहा देश-समाज

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

वास्तव में स्वतंत्र होने के सही मायने, जीवन के हर पहलू पर सशक्त भागीदारी निभाने से जुड़े हैं। इस मोर्चे पर देखें तो भारतीय महिलाओं ने आजादी मिलने के बाद बेहतरीन सफर तय किया है। हमारे देश की स्त्रियां आज परिवार से लेकर देश की सीमाओं तक, हर फ्रंट पर डटी हैं। 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे आजाद भारत में विकास और बदलाव की संघर्षपूर्ण यात्रा में स्त्रियों की भूमिका रेखांकित करने योग्य रही है।

## पारिवारिक जुड़ाव की महत्वपूर्ण कड़ी

फैमिली सिस्टम किसी देश की आत्मा होता है। परिवार में ही बड़ी पीढ़ी के अनुभव, नई पीढ़ी के जीवन को दिशा देते हैं। नई पीढ़ी के रूप में देश का भविष्य भी घर-आंगन में ही गढ़ा जाता है। स्वतंत्रता के बाद से ही देश के सामाजिक-पारिवारिक माहौल में भी महिलाएं अहम रोल निभाती आई हैं। गृहिणी के रूप में रिश्तों को संभालने की बात हो या काम-काजी महिला के रूप में वर्कफोर्स का हिस्सा बनने की, महिलाओं ने हर तरह से घर-परिवार की बगिया को सींचा है। असल में स्त्रियां ही हमारे फैमिली सिस्टम की लाइफलाइन रही हैं। वास्तव में पारिवारिक रिश्तों का मैनेजमेंट ही समाज को भी स्थिरता देता है। अपनों का यह जुड़ाव अपने राष्ट्र से भी जुड़ने का भाव जगाता है। सुखद यह भी है कि परंपरागत जिम्मेदारियों के निभाने के साथ ही घर-परिवार में स्त्रियां अब लीडरशिप रोल में भी आ गई हैं। स्वतंत्रता के बाद शिक्षित-सजग महिलाओं के आंकड़ों में हुए इजाफे से सोशल, फाइनेंसियल और पर्सनल हर फ्रंट पर फैसले लेने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। घरेलू और सामाजिक जीवन में महिलाएं अब स्वतंत्र व्यक्तित्व और विचारों की धनी बन रही हैं। इसके चलते सशक्त समाज के निर्माण में आधी आबादी ने पूरी जिम्मेदारी से अपना मोर्चा संभाल रखा है।

## उद्यमिता की दुनिया में दखल

स्वतंत्र भारत की तरक्की में वुमेन वर्कफोर्स का प्रभावी रोल रहा है। स्किल डेवेलपमेंट से लेकर हायर डिग्रियां हासिल करने तक, स्त्रियां किसी भी मामले में पीछे नहीं रहीं। आगे बढ़ने के सतत प्रयास की वजह से देश की उन्नति में भी वे भागीदार बनी हैं।


एआई इमेज

स्त्रियों को इसी जज्बे से क्रिएटिव सोच, साइंस, रिसर्च और आर्म्ड फोर्सेस तक, अपनी जगह बनाने का मनोबल मिला है। गांवों-कस्बों में महिलाएं ड्रोन उड़ा रही हैं। एंटरप्रेन्योरशिप की दुनिया में भारतीय महिलाओं का दखल चकित करता है। आज अपना बिजनेस शुरू करने, मैनेज करने और आगे बढ़ाने में स्त्रियां कमाल कर रही हैं। नए प्रोडक्ट्स, सर्विसेस और आइडियाज लेकर एंटरप्रेन्योर बनी महिलाएं आज सफल चेहरों में शुमार हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों और ई-कॉमर्स के जरिए व्यवसाय जमाने वाली महिलाएं तो नई पीढ़ी को प्रेरणा दे ही रही हैं। ट्रैक्सन के एक अध्ययन के मुताबिक भारतीय तकनीकी उद्योग में स्टार्टअप्स में वुमन एंटरप्रेन्योर्स की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत से ज्यादा है। वहीं नेशनल सर्वे बताते हैं कि एमएसएमई इंडस्ट्रीज में महिलाओं की भागीदारी 20 फीसदी है। स्वतंत्र भारत के बेहतरी की ओर बढ़ते समाज में महिला उद्यमियों के प्रति सकारात्मक नजरिया और सपोर्ट भी देखने को मिल रहा है। हालिया आंकड़ों के अनुसार देश में वुमेन वर्कफोर्स की भागीदारी बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गई है। वर्कफोर्स में भागीदारी के साथ ही बहुत सी चुनौतियों के बावजूद महिलाएं, एंप्लॉयमेंट देने वाले सेटअप्स भी बना रही हैं। इस देश की नागरिक होने के नाते अपनी भूमिका को पॉजिटिव रूप से विस्तार दे रही हैं। इनोवेशन और स्पेशलाइजेशन के इस संसार में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना असल में देश की बेहतरी से जुड़ना ही है।

## खुद की बेहतरी संग बदलाव

देश, समाज या व्यक्तिगत जीवन, आधी आबादी अपनी पूरी हिस्सेदारी दर्ज करवा रही है। स्वतंत्रता के संग्राम से लेकर समाज में सहज सी बातों-हालातों को बदलने तक, भारतीय महिलाएं उत्साह से जुटी हुई हैं। प्रोफेशनल मोर्चे पर आत्मविश्वास के साथ नए फील्ड्स को एक्सप्लोर कर रही हैं। पर्सनल फ्रंट पर भी खुद की संभाल, देखभाल के भाव को बल मिला है। पारंपरिक छवि में तीज-त्योहार मनाती महिलाएं हंसती-खिलखिलाती नजर आती हैं। वहीं विज्ञान-व्यवसाय और तकनीक के संसार में भी उनकी प्रभावी इमेज नजर आती है। देश-समाज और परिवार की धुरी बन आज की स्त्रियां एक ओर सब कुछ थामे हुए हैं तो दूसरी ओर खुद को संभालने का जज्बा भी कम नहीं है। इसी अवेयरनेस के चलते अपनी सशक्त और समर्थ छवि बनाने-निखारने की सोच पूरे समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही है। बदलते परिवेश में बहू-बेटियों



को उनके सपने साकार करने में मदद मिल रही है। ऐसे सभी भाव अपने देश को आगे ले जाने से जुड़े हैं। स्त्रियों का खुदमुख्तार होने का यह जज्बा स्वाधीन भारत की नींव सुदृढ़ करने वाला है।

# इस बार नए अंदाज में मनाएं स्वतंत्रता दिवस

स्वाधीनता दिवस, हर भारतवासी के लिए गर्व और उल्लास भरा पर्व होता है। लेकिन इसे आप और भी खास, यादगार बना सकती हैं। इसके लिए आप अपने परिवार के सदस्यों और आस-पड़ोस के लोगों, बच्चों को शामिल कर सकती हैं।

सेलिब्रेशन
रजनी अरोड़ा



स्वतंत्रता दिवस, आजादी की जंग में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने, उन्हें श्रद्धांजलि देने और स्वाधीन होने का उत्सव मनाने का दिन है। यह सिर्फ एक राष्ट्रीय अवकाश नहीं, बल्कि परिवार के संग देशभक्ति का भाव जगाने और नई पीढ़ी को भारत की आजादी के संघर्ष की जानकारी देने का सुअवसर भी है। ऐसे कई रचनात्मक तरीके हैं, जिनसे आप अपने परिवार के साथ स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को यादगार और अर्थपूर्ण बना सकती हैं।

**करें ध्वजारोहण-गाएं राष्ट्रगान:** अगर आप किसी सरकारी या निजी संस्थान में काम करती हैं तो वहां ध्वजारोहण जरूर किया जाता होगा, उसमें तो आप शामिल होती ही हैं। लेकिन आप अगर हाउसवाइफ हैं तो अपने घर के आंगन या छत पर भी तिरंगा फहरा सकती हैं। इसके बाद बच्चों समेत सब परिजन मिलकर राष्ट्रगान 'जन गण मन' गाएं। तिरंगे को सलामी दें। बच्चों के संग मिलकर 'भारत माता की जय' के नारे लगाएं। यकीनन इससे सभी के मन में गर्व की अनुभूति होगी।



**सार्वजनिक कार्यक्रमों में लें भाग:** आमतौर पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्कूल-कॉलेज, कार्यालयों में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्वतंत्रता दिवस के दिन रिहायशी इलाकों, सोसाइटी या मुहल्लों में भी कार्यक्रम का आयोजन होता है। इन कार्यक्रमों में परिवार समेत भाग लेकर आप स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर सकती हैं।

**तिरंगा थीम फैमिली फोटोशूट:** इस खास अवसर के लिए पूरे परिवार के लिए व्हाइट ड्रेस चुनें। उसके साथ केसरिया-हरा स्कार्फ, बैज या दुपट्टा भी जोड़ें। घर पर तिरंगे बैकग्राउंड वाला सेटअप बनाएं। बच्चों के हाथों में 'मैं भारत हूं' या 'वंदेमातरम' लिखे कार्ड पकड़ाएं। आप तिरंगा थाम सकती हैं। तिरंगा फहराने के बाद इसी थीम में ग्रुप फोटोज क्लिक करें। इसे सोशल मीडिया पर शेयर करें। ये पल आपके लिए यादगार बन जाएंगे। इस दिन स्वदेशी यानी मेड इन इंडिया उत्पादों का प्रयोग करने का संकल्प भी ले सकती हैं।

**देशभक्ति वाली फिल्में देखें:** स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के बाद आप अपने परिवार के साथ देशभक्तिपूर्ण फिल्म देख सकती हैं। इस मौके पर आप 'शहीद', 'लगान', 'रंग दे बसंती', 'चक दे इंडिया', 'स्वदेस', 'मंगल पांडे', 'भगत सिंह', 'तिरंगा', 'बॉर्डर', 'क्रांति' या कोई अन्य पसंद वाली देशभक्तिपूर्ण फिल्म देख सकती हैं। इन फिल्मों को देखते हुए आप स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और उनके संघर्ष के बारे में भी बच्चों को बताएं। इससे उनके मन में देशभक्ति की भावना और सघन होगी।

**देशभक्ति संबंधी किताबें पढ़ें:** अगर आप पढ़ने की शौकीन हैं तो देशभक्ति संबंधी किताबें भी पढ़ सकती हैं। परिवार के अन्य सदस्यों को भी पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों की जीवन कथाएं या प्रेरक प्रसंग आसान और रोचक तरीके से सुनाएं।

**पौधे लगाएं:** घर के गार्डन में या आस-पास के पार्क में आप अपने परिवार के साथ आजादी के जश्न के नाम पर एक-एक पौधा जरूर लगाएं। परिवार के सभी सदस्य आगे उनका ख्याल भी रखें। इससे आपको स्वाधीनता दिवस समारोह की याद रहेगी और पौधे के जरिए आप देश के वातावरण को स्वच्छ बनाने में सहभागिता भी निभा सकती हैं। आप अपने पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकती हैं।

महात्म्य
आर.सी.शर्मा

श्रीकृष्ण को भगवान के रूप में हम सब पूजते ही हैं। लेकिन उन्होंने अपनी लौकिक लीलाओं में ऐसे अनेक संदेश दिए, जो आज भी संपूर्ण मानवता के लिए पथ-प्रदर्शक बने हुए हैं।

# जीवन-जगत के शाश्वत पथ-प्रदर्शक श्रीकृष्ण

कृष्ण वंदे जगतगुरुम्। यह वाक्य सिर्फ धार्मिक श्रद्धा का भाव नहीं है बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए एक जीवन दर्शन भी है। श्रीकृष्ण का स्वरूप इतना विराट है कि उनके अनेक आयाम हैं। वह देवता हैं, लीलानायक हैं, परमब्रह्म हैं, योगेश्वर हैं, राजनीतिज्ञ और कूटनीतिज्ञ भी हैं। कुरुक्षेत्र में उन्होंने अर्जुन को जो गीता का गुरु ज्ञान दिया, वह समय की सीमाओं को पार कर हर समय के लिए एक शाश्वत जीवनमूल्य बन गया है। आज दुनिया जिस तरह से अनेक संकटों से घिरी है, कई तरह के नैतिक भ्रम पसरे हैं, युद्ध की आशंकाएं हर तरफ मंडरा रही हैं, पर्यावरणीय आपदाएं सिर उठाए खड़ी हैं, इंसान मानसिक अवसाद और सामाजिक विघटन से जूझ रहा है और इस सबके बीच समाज से आध्यात्मिक चेतना छीजती जा रही है। ऐसे में भगवान श्रीकृष्ण केवल श्रद्धा का विषय नहीं हैं बल्कि आज के संकटग्रस्त विश्व के शाश्वत समाधान की तरह हैं।


**देते हैं संकट से संघर्ष का मंत्र:** अगर गहराई से देखें तो महाभारत काल में सिर्फ एक कुरुक्षेत्र का युद्ध हुआ था। लेकिन आज तो दुनिया का हर युवा, वृद्ध और बालक अपने-अपने जीवन के कुरुक्षेत्र में खड़ा है। कोई नौकरी और आत्मसम्मान के बीच द्वंद्वरत है, कोई रिश्तों में मोह और स्वाभिमान की टकराहट से घिरा है, किसी के अंदर धर्म और लोभ का संघर्ष चल रहा है, तो बाहरी तौर पर दुनिया के अनेक राष्ट्रों के बीच अपने अहम का वर्चस्व स्थापित करने के लिए गैरजरूरी युद्ध लड़े जा रहे हैं। ऐसे में आज हर सोचने-समझने वाला व्यक्ति अर्जुन की भांति किंकर्तव्यविमूढ़ खड़ा है। वह युद्ध करना नहीं चाहता और हालात ऐसे हैं कि बिना युद्ध के उनसे निकलना



भी संभव नहीं है। ऐसे में स्त्री हो या पुरुष, हर किसी को श्रीकृष्ण जैसे एक सारथी की जरूरत है, जो न केवल उसका रथ हांके, उसे नैतिक विश्वास का संरक्षण भी दे, ताकि वह अपने हिस्से की लड़ाई को पूरे वेग से लड़ सके। यहीं पर मौजूं हो जाता है 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' का मूल विचार यानी तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने का है, फल की चिंता मत करो, को अपनाएं। यही श्रीकृष्ण की सबसे बड़ी शिक्षा है और यही शिक्षा इस संकटग्रस्त विश्व का सबसे बड़ा समाधान है। खासतौर पर स्त्रियों को ऐसे संबल की आवश्यकता अधिक होती है क्योंकि उनका संघर्ष कई मायने में पुरुषों से भी जटिल और बहुस्तरीय होता है।

**देते हैं जीवंत-कर्मरत रहने का संदेश:** भले आज विज्ञान और तकनीक ने हमें बहुत भौतिक समृद्धि दी हो, लेकिन अधिकांश लोग तनाव, बेचैनी और अकेलेपन से जूझ रहे हैं। अधिकतर महिलाओं पर घर-बाहर के काम का इतना दबाव बढ़ता जा रहा है कि वे अवसाद से ग्रस्त रहने लगती हैं। ऐसे में जीवन से अरुचि महसूस होने लगती है। इस मानसिक संत्रास और धार्मिक-आध्यात्मिक शून्यता में फिर से गीता के प्रकाश की जरूरत है। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं, 'योगस्थः कुरु कर्माणि' अर्थात मन को स्थिर करके कर्म करो। गीता का यह श्लोक आज के मेंटल हेल्थ संबंधी विचार और सिद्धांत से पूरी तरह से मेल खाता है, जिसमें कहा गया है कि मन को स्थिर रखें, जो गुजर गया, उसकी परवाह न करें, भविष्य की चिंता में डूबें नहीं और जो वर्तमान है, उसमें डूबकर जीएं। इससे शारीरिक और मानसिक तौर पर खुश रहेंगे।

### समझें प्रेम का उदात्त स्वरूप



आज हमें अपने इर्द-गिर्द छल, कपट, स्वार्थ और अनीति का वातावरण दिखता है। ऐसे में हम कृष्ण से नैतिकता और विवेक के संतुलन का पाठ सीख सकते हैं। आज जितने लोग विपन्न पहले कभी नहीं रहे। क्योंकि भोगवादी संपन्नता क्षणिक होती है और आज का पूरा समय ही भोग-लिप्सा का समय है। ऐसे में जरूरत है कि एक बार फिर से हम राधा-कृष्ण के उस आध्यात्मिक प्रेम की तरफ देखें, जो धर्म और आचरण की शुद्धता का पर्याय है, जो निजी भावनाओं को ही नहीं बल्कि वातावरण को प्रेममय बना देता है।

रेसिपी/ ओम प्रकाश गुप्ता

भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर्व **जन्माष्टमी (16 अगस्त)** पर आप जरूर व्रत रखेंगी और रात में पूजन के बाद नन्हे कान्हा जी को भोग भी लगाएंगी। इसीलिए इस बार हम आपको बता रहे हैं कई तरह के भोग की रेसिपी।

# कान्हा के लिए बनाएं मीठे-मीठे भोग

### मीठे गुड़-मखाने



**सामग्री :** मखाने-100 ग्राम, गुड़ का चूरा-100 ग्राम, सफेद तिल-1 बड़ा चम्मच, घी-तलने के लिए

**विधि:** कड़ाही में घी गरम करके मंदी आंच पर मखाने तल लें। गुड़ में थोड़ा सा पानी मिलाकर एक तार की चाशनी बनाएं। चाशनी में तले हुए मखाने डालकर अच्छी तरह चलाएं। तिल डालकर थोड़ा और चलाएं। मखानों पर चाशनी चढ़ जाने पर आंच से उतार लें। थोड़ा ठंडा होने पर कड़ाही से निकालें। मीठे गुड़-मखाने तैयार हैं।

### मक्खन-मिश्री लड्डू



**सामग्री :** गाय के दूध का मक्खन-250 ग्राम, पिसी चीनी-2 बड़े चम्मच, मिश्री के दाने-1/2 कप, पिस्ता चूरा-1 छोटा चम्मच, तुलसी के पत्ते-थोड़े से

**विधि:** मक्खन में चीनी मिलाकर अच्छी तरह फेंटें। इसमें आधे मिश्री के दाने और पिस्ता चूरा मिलाकर फ्रीजर में रख दें। 1-2 घंटे बाद मक्खन काफी सख्त हो जाएगा। तब इससे मनचाहे आकार के लड्डू बना लें। इन पर बचे मिश्री के दाने लगाकर फिर से फ्रिज में रख दें। जब चाहें तब ठंडे-ठंडे मक्खन के लड्डू फ्रिज से निकालें और तुलसी के पत्ते से गार्निश करके तुरंत सर्व करें।

### दूध-दही पंचामृत



**सामग्री :** दूध-2 कप, दही-1/4 कप, पिसी चीनी-50 ग्राम, शहद-1 छोटा चम्मच, बादाम-1 बड़ा चम्मच, पिस्ता-1 छोटा चम्मच, घी-1 छोटा चम्मच, गंगा जल-1 छोटा चम्मच, तुलसी के पत्ते-4, चांदी का वर्क-1

**विधि:** सबसे पहले बादाम और पिस्ते बारीक काट लें। दूध में चीनी घोल लें। इसमें एक कप ठंडा पानी मिला लें। फिर दही, घी, शहद और गंगा जल मिला लें। ऊपर से तुलसी के पत्ते डाल कर कटा बादाम और कटा पिस्ता बुरक दें। दूध-दही पंचामृत तैयार है।

आस्था
अनीता जैन

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव यानी जन्माष्टमी के पर्व का जितना धार्मिक महत्व है, उतना ही यह आत्मबोध का भी पर्व है। इस दिन श्रद्धा से व्रत पूजन करने से शुभ फलों की प्राप्ति के साथ आत्मोत्थान का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भक्ति-आत्मबोध का दिव्य पर्व

जब-जब धरती पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। इन अवतारों का उद्देश्य केवल दुष्टों का नाश नहीं, बल्कि मानव समाज को सत्य, प्रेम और कर्तव्य का मार्ग दिखाना भी रहा है। प्रत्येक अवतार मानवता को नया दृष्टिकोण देता है। भगवान विष्णु के सभी अवतारों में श्रीकृष्ण का अवतार सबसे विशिष्ट माना जाता है। श्रीकृष्ण केवल एक पूजनीय देवता ही नहीं, बल्कि वह ऐसे आदर्श पुरुष हैं, जिनके जीवन में भक्ति, नीति, प्रेम और ज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उनके जन्म की रात्रि, जिसे मोहरात्रि कहा गया है, संसारिक मोह से मुक्ति का संदेश देती है।

**आध्यात्मिक जागरण का पर्व:** जन्माष्टमी केवल उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। यह पर्व हमें श्रीकृष्ण के अवतारी जीवन से सीख लेने को प्रेरित करता है। इस अवसर पर हर मंदिर और घर में झूला सजता है, भजन-कीर्तन होते हैं और भक्त रात भर जागरण करते हैं। उपवास, ध्यान और श्रीकृष्ण के नाम स्मरण से मन को शांति और आत्मा को ऊर्जा मिलती है। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि सच्चा प्रेम, भक्ति और धर्म ही जीवन के शाश्वत आधार हैं।



**पौराणिक मान्यता:** अवतार का तात्पर्य होता है-अव्यक्त से व्यक्त रूप में ईश्वर का प्रादुर्भाव। जब कंस जैसे अत्याचारी का आतंक बढ़ा, तब श्रीहरि ने देवकी-वासुदेव के पुत्र रूप में जन्म लेकर धर्म की पुनः स्थापना का उद्घोष किया। उनके जन्म लेते ही कारागार के बंद द्वार खुल गए, हथकड़ियां टूट गईं और प्रहरी निद्रावश हो गए। श्रीकृष्ण को वासुदेव यमुना पार गोकुल ले गए। यह केवल एक बालक का अवतरण नहीं, बल्कि ब्रह्म का प्रकट होना था। श्रीकृष्ण के इस आलौकिक प्राकट्य ने समस्त जगत को उल्लासित कर दिया। श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन केवल लीलामय नहीं, बल्कि गूढ़ जीवन-दर्शन से परिपूर्ण है। उन्होंने गोकुल में मुरली के मधुर स्वर से प्रेम का पाठ पढ़ाया, तो कुरुक्षेत्र में गीता के रूप में कर्मयोग का संदेश भी दिया।

**श्रीकृष्ण जन्म की रात्रि का आलौकिक महत्व:** हमारे धर्मग्रंथों में चार विशेष रात्रियों का उल्लेख है- कालरात्रि (दीपावली), महारात्रि (शिवरात्रि), अहोरात्रि (होली) और मोहरात्रि (जन्माष्टमी)। जन्माष्टमी की रात को योग, ध्यान, जप और उपासना का विशेष महत्व है। इस रात्रि में जागरण से मोह-माया से मुक्त होकर आत्मबोध बढ़ता है।

### व्रत-पूजन विधि और महत्व

**भविष्य पुराण** में जन्माष्टमी व्रत को व्रतराज कहा गया है। जिस घर में यह व्रत श्रद्धापूर्वक किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु, कलह, दुर्भाग्य जैसे दोष नहीं आते। इस दिन प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख कर व्रत का संकल्प लें। देवकी-वासुदेव और बालक श्रीकृष्ण की मूर्ति या चित्र को झूले में स्थापित करें। व्रत में देवकी, वासुदेव, नंद, यशोदा, बलराम आदि का नाम लेकर पूजन करें। रात्रि 12 बजे के बाद श्रीकृष्ण के जन्म के समय पंचामृत से अभिषेक करें। इसके बाद भगवान को नवीन पीतांबर वस्त्र पहनाएं, तिलक करें और उन्हें पालने में झुलाएं। पूजन में तुलसी, फूल, अक्षत, धूप-दीप, नैवेद्य का प्रयोग करें। माखन-मिश्री, धनिए की पंजीरी, पंचामृत और मक्खन-शक्कर का भोग लगाएं। झूला झुलाते हुए भजन-कीर्तन करें। आरती के पश्चात प्रसाद को भक्तों में वितरित करें और रात्रि जागरण करें। इस रात मंत्रजप, श्रीकृष्ण नामस्मरण और गीता पाठ करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। यह पूजन व्यक्ति के जीवन में सुख-शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है।

# ग्वालियर में 29-30 अगस्त को आयोजित होगी संभागीय टूरिज्म कॉन्क्लेव

## सीएम डॉ. यादव टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के निवेशकों से करेंगे वन-टू-वन चर्चा

*सागर और बुंदेलखंड को भी मिलेगी पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक पहचान : गोविंद राजपूत*

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल




प्रदेश के ग्वालियर में 29-30 अगस्त को संभागीय टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव यहां टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे। कॉन्क्लेव में ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में निवेश की संभावनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, कला-संस्कृति से जुड़ी प्रदर्शनी और स्थानीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भागीदारी इस आयोजन को और प्रभावी बनाएगी। यह जानकारी देते हुए प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि ग्वालियर के साथ आने वाले समय में इंदौर और भोपाल में भी तीन बड़े आयोजन होंगे। इनसे पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की नई संभावनाएं सृजित होंगी, जो विशेष रूप से सागर संभाग और बुंदेलखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

### पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित होगा मप्र

*मंत्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह नवाचारी कदम मध्यप्रदेश को पर्यटन के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नक्शे पर एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। दिल्ली-झांसी-जयपुर के प्रसिद्ध गोल्डन ट्रायंगल को ग्वालियर, खजुराहो और सागर के पर्यटन स्थलों से जोड़ने की उनकी योजना न केवल पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करेगी, बल्कि सागर संभाग और बुंदेलखंड की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को वैश्विक मंच पर ले जाएगी। बुंदेलखंड के ओरछा में रामराजा सरकार का मंदिर, झांसी, दतिया, चंदेरी, मैहर, खजुराहो, पन्ना टाइगर रिजर्व, वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व, आबचंद गुफाएं और राहतगढ़ वॉटरफॉल जैसे विश्व प्रसिद्ध धार्मिक सांस्कृतिक और पर्यटन स्थल है। बुंदेलखंड क्षेत्र अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक स्थलों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है।*

**मप्र की आर्थिक समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं निवेशक नीतियां**

### यह पर्यटन के विकास के लिए ऐतिहासिक पहल

मंत्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की निवेशक-अनुकूल नीतियां और पर्यटन को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता मध्यप्रदेश की आर्थिक समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है। ग्वालियर में होने वाले इस कॉन्क्लेव के साथ इंदौर और भोपाल में प्रस्तावित आयोजनों से पर्यटन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने डॉ यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के पर्यटन विकास को एक नई दिशा देने वाली पहल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि सागर संभाग और बुंदेलखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने से आर्थिक समृद्धि आएगी।

---

## मुख्यमंत्री की तत्परता से जल्द हो पाया रेल कोच निर्माण इकाई का भूमिपूजन

**प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर के लिए उपलब्ध है पर्याप्त**

# रेल हब फॉर मैन्युफेक्चरिंग इकाई से बहेगी विकास और रोजगार की गंगोत्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 1800 करोड़ रुपए के निवेश से आरंभ हो रहे रेल कोच निर्माण केंद्र से 5 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा और आसपास के क्षेत्र का भी विकास होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्तमान केंद्रीय मंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की विरासत को आगे बढ़ाने का काम किया है। जहां नेतृत्व शानदार हो वहां विकास भी तेजी से होता है। मप्र देश में मॉडर्न प्रदेश के रूप में जाना जाएगा।

आज जिस रेल कोच निर्माण इकाई का भूमिपूजन हुआ है, उसके लिए बीईएमल को पिछले मई माह में भूमि आवंटित कर दी गई थी। केन्द्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि अगले दो साल में यह इकाई काम करना शुरू कर देगी।

यह बात केन्द्रीय रक्षा मंत्री सिंह ने भोपाल जिले की सीमा पर रायसेन जिले के ग्राम उमरिया में 1800 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित होने वाली अत्याधुनिक रेल कोच निर्माण इकाई का भूमि-पूजन कर संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. यादव मौजूद थे।

## ◆ रायसेन जिले में 1800 करोड़ रुपए की लागत के रेल कोच निर्माण इकाई का भूमि-पूजन




### 18 महीने में पहला स्टॉक रोल आउट करने का प्रयास

प्रेसिडेंट एंड सीएमडी बीईएमएल शांतनु राय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ऐसे पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने बीईएमएल के बेंगलुरू स्थित मुख्यालय आकर रायसेन उमरिया में ब्रह्मा परियोजना स्थापित करने के लिए भूमि आवंटन के पत्र सौंपे। उन्होंने तत्परता पूर्वक परियोजना स्थापना के लिए राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग देने की बात कही। इस पहल से ही यहां इतनी शीघ्रता से परियोजना का भूमिपूजन संभव हो पाया है।

### मप्र रेलवे की मैन्युफेक्चरिंग और एक्सपोर्टिंग का केंद्र

**बीईएमएल का उमरिया में दूसरी रोलिंग स्टाक यूनिट**

प्रेसिडेंट एंड सीएमडी राय ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बेंगलुरु के बाद बीईएमएल का उमरिया में रेलवे की दूसरी रोलिंग स्टाक यूनिट है। यहां से 18 महीने में पहला स्टॉक रोल आउट करने का प्रयास होगा। यहां अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए लाइट वेट एल्युमीनियम रेलवे कोच भी तैयार किए जाएंगे। इकाई में सुरक्षा और पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा जाएगा। भविष्य में यहां रक्षा उत्पादों का निर्माण भी किया जाएगा। यह इकाई सामाजिक बदलाव का केंद्र बनेगी और मेक इन इंडिया के विजन को मजबूत करेगी।

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि रेलवे ने बहुत प्रगति की है। 11 वर्षों में 35 हजार किमी पटरियां बिछाई गईं और 51 हजार किमी ट्रैक का विद्युतीकरण किया गया, 40 हजार से अधिक कोच को लाइट वेट कोच से अपग्रेड किया गया और कई नई ट्रेन आरंभ की गईं। मप्र रेलवे की मैन्युफेक्चरिंग और एक्सपोर्टिंग का केंद्र बनेगा। इस फैक्ट्री से 5000 से अधिक रोजगार उपलब्ध होंगे।

### फसल बीमा के 1156 करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे आज

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि उमरिया को रेलवे कोच निर्माण की सौगात मिली है, अब ब्रह्मा परियोजना से क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा, यह क्षेत्र देश का विशेष औद्योगिक क्षेत्र बनेगा। केंद्रीय मंत्री चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का परियोजना के लिए अविलंब भूमि उपलब्ध कराने के लिए आभार माना। उन्होंने बताया कि सोमवार को प्रदेश के किसानों के खातों में फसल बीमा के 1156 करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे।

### *विश्व में भारत की पहचान दबंग और गतिशील अर्थव्यवस्था के रूप में हुई*



केन्द्रीय रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि विश्व में भारत की पहचान दबंग और गतिशील अर्थव्यवस्था के रूप में हुई है। मेक इन इंडिया के माध्यम से भारत में सभी क्षेत्रों में उपकरणों के निर्माण में वृद्धि हुई है। वर्ष 2014 के बाद भारत का रक्षा क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, इस क्षेत्र में पहले भारत से 600 करोड़ का निर्यात था जो अब 24 हजार करोड़ से अधिक हो चुका है। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि विकास और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में शोध को प्रसारित करने की आवश्यकता भी बताई।

### *पूरे प्रदेश के लिए औद्योगिक विकास के खुलेंगे नए द्वार: मुख्यमंत्री*



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड की रोलिंग स्टॉक फैक्ट्री प्रदेश के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी। इससे विकास और रोजगार की गंगोत्री बहेगी। इस परियोजना से भोपाल, रायसेन, सीहोर और विदिशा ही नहीं, पूरे प्रदेश के लिए औद्योगिक विकास के नए द्वार खुलेंगे। कुल 148 एकड़ में बनने वाली बीईएमएल (भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड) की यह इकाई हाई-वे, रेल और हवाई मार्ग से सीधे जुड़ेगी।




केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रेल कोच इकाई के शिलान्यास कार्यक्रम में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

---

**राहुल के खुलासे का पीसीसी में पुनः प्रसारण**

## फर्जी वोटर मुद्दे पर बोले नायक-मप्र में महाराष्ट्र से भी बड़ा फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के मुद्दे पर की गई प्रेस कांफ्रेस का का रविवार को पीसीसी में पुनः प्रसारण किया गया। मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा उजागर किए तथ्य लोकतंत्र पर गहरा आघात हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हाल ही में पूरे देश में हुए चुनावी घोटालों का खुलासा किया, जिसमें फर्जी मतदान, नकली मतदाताओं और दूसरे राज्यों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने जैसे गंभीर मामले सामने आए। मप्र में यह फर्जीवाड़ा महाराष्ट्र से भी बड़ा है। यहां कई क्षेत्रों में एक ही व्यक्ति के नाम पर अनेक पोलिंग बूथों पर वोटर पंजीकरण हैं। एक ही मकान में 100 से अधिक मतदाताओं के नाम हैं। साथ ही उदाहरण देते हुए कहा कि अपनी विधानसभा में चुनाव से पहले उन्होंने 32,000 फर्जी मतदाताओं की सूची कलेक्टर को सौंपी थी, लेकिन यह सूची निर्वाचन आयोग तक भेजी ही नहीं गई, न ही उसकी जांच हुई।

इसके अलावा कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई थी, लेकिन इसमें भारी पक्षपात और गड़बड़ी हुई। नायक ने आरोप लगाया कि एक तरफ भारतीय जनता पार्टी आरोप लगाती है कि देश में अल्पसंख्यकों की जनसंख्या बढ़ रही है, लेकिन दूसरी तरफ सच्चाई यह है कि अल्पसंख्यकों के नए मतदाताओं के नाम जानबूझकर मतदाता सूची में जोड़े ही नहीं जाते। कई मामलों में उनके पोलिंग बूथ बदल दिए गए, ताकि अल्पसंख्यक समुदाय का मतदान प्रतिशत घटाया जा सके। व्यापक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करेगी।

### पीसीसी अध्यक्ष पटवारी 13 अगस्त को करेंगे चुनाव चोरी का खुलासा

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता अब संदेह के घेरे में है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी के तथ्यों के साथ आयोग की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। पटवारी ने एक्स पर की गई पोस्ट में लिखा कि 'देशवासियों, कांग्रेस परिवार के साथियों, लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की खुली दुर्भावना रखने वालों की साजिशों को बेनकाब करना अब जरूरी हो गया है। बुधवार, 13 अगस्त को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी मप्र विधानसभा चुनाव-2023 की चुनाव-चोरी का खुलासा करेगी!

---

**कोर्ट ने दी हाईकोर्ट जाने की सलाह**

## बघेल की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खरिज ईडी की कार्रवाई को दी थी चुनौती



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दी। उन्होंने शराब घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आगे की जांच करने की शक्ति को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाईकोर्ट जाने की सलाह दी है। बघेल ने पीएमएल की धारा 44 को 'रीड डाउन' करने की मांग की थी और कहा था कि पहली शिकायत दर्ज होने के बाद ईडी को सिर्फ विशेष परिस्थितियों में, अदालत की अनुमति और जरूरी सुरक्षा उपायों के साथ ही आगे जांच करने का अधिकार होना चाहिए।

### गलत कानून में नहीं, उसके दुरुपयोग में

जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि इस प्रावधान में कोई खामी नहीं है। अगर इसका दुरुपयोग हो रहा है, तो पीड़ित व्यक्ति हाईकोर्ट जा सकता है। जस्टिस बागची ने कहा गलती कानून में नहीं, उसके दुरुपयोग में है। अगर इसका दुरुपयोग हो रहा है, तो हाईकोर्ट जाएं। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि ईडी हर कुछ महीनों में पूरक शिकायत दर्ज करती है, जिससे ट्रायल में देरी होती है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि आगे की जांच आरोपी के हित में भी हो सकती है, बशर्ते इसका दुरुपयोग न हो। आगे की जांच के लिए ईडी को विशेष पीएमएलए कोर्ट से पूर्व अनुमति लेनी चाहिए, लेकिन अगर एजेंसी ऐसा नहीं कर रही, तो समस्या प्रावधान में नहीं, उसके पालन में है।

---

**सड़क रास्ते से सारंगढ़-बिलाईगढ़ पहुंचे साय**

## डेढ़ महीने में दूसरी बार खराब हुआ सीएम का हेलिकॉप्टर

**हेलीपेड में 45 मिनट तक मेंटनेंस चला**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलिकॉप्टर डेढ़ महीने में दूसरी बार खराब हुआ है। सीएम सोमवार को सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के दौरे पर रवाना होने ही वाले थे कि इससे पहले उनके हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। जिससे वे उड़ान नहीं भर सके।पुलिस लाइन हेलीपेड में 45 मिनट तक हेलिकॉप्टर का मेंटनेंस चला। इस दौरान CM वेटिंग रूम में इंतजार करते रहे।

हालांकि इतने समय बाद भी जब हेलीकाप्टर की कमी ठीक नहीं हुई तो वे सड़क के रास्ते सारंगढ़-बिलाईगढ़ के लिए रवाना हुए। नए शेड्यूल के मुताबिक सीएम 3 बजे सारंगढ़ पहुंचेंगे। इस दौरान उनके साथ क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव भी मौजूद थे। बता दें कि डेढ़ महीने पहले 21 जून को जशपुर दौरे के दौरान भी हेलीकाप्टर में तकनीकी दिक्कत आई थी।



### सीएम का दौरा प्रभावित हुआ

निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक, सोमवार (11 अगस्त) को सीएम साय सुबह 11:25 बजे मुख्यमंत्री निवास से पुलिस ग्राउंड हेलीपैड पहुंचने वाले थे। 12:15 बजे सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला मुख्यालय पहुंचना शेड्यूल में था। लेकिन दौरा शुरू होने से पहले ही प्रभावित हो गया। 12:15 बजे सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला मुख्यालय पहुंचना था। लेकिन हेलिकॉप्टर की तकनीकी दिक्कत के चलते सीएम साय का पूरा शेड्यूल बिगड़ गया। हेलीकाप्टर खराबी के सवालों पर सीएम सिक्योरिटी और जिम्मेदार अधिकारियों का फिलहाल कोई बयान सामने नहीं आया है।

---

**कोविड में पति को खोया, आज बेटा नासा में दर्ज करवा चुका है भारत का नाम**

## मां की हिम्मत और बेटे की उड़ानः वंश ने नासा की वेबसाइट में खोजी खामी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर



जब पूरी दुनिया कोरोना की चपेट में थी, उस वक्त दिल्ली की पूजा सक्सेना की जिंदगी भी एक झटके में बिखर गई। उनके पति विवेक जो अदाणी सीमेंट में 23 सालों तक हेड ऑफ एनवायरनमेंट एंड हॉर्टिकल्चर के पद पर कार्यरत थे, महामारी की लहर में चल बसे। परिवार का मुखिया चला गया, और पूजा अकेली रह गईं एक किशोर बेटे वंश की पूरी जिम्मेदारी के साथ। लेकिन मां का कर्तव्य, बेटे की आंखों में झलकता भरोसा और अपने पति की यादों में छुपी प्रेरणा ने पूजा को टूटने नहीं दिया। उन्होंने खुद को समेटा और एक बार फिर जिंदगी की लड़ाई शुरू की। पूजा के पास पर्यावरण विज्ञान में पोस्टग्रेजुएशन की डिग्री थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से वह पारिवारिक जिम्मेदारियों में व्यस्त थीं। ऐसे समय में अदाणी समूह ने न केवल उनके पति की सेवाओं का सम्मान किया, बल्कि पूजा की योग्यता पर भरोसा करते हुए उन्हें संगठन में एक नई भूमिका दी।

वहीं उनका बेटा वंश जो कंप्यूटर स्क्रीन पर रच रहा था इतिहासइस दौरान पूजा का बेटा वंश, जो उस वक्त केवल 14-15 साल का था, अपने कमरे में चुपचाप कुछ और ही कहानी लिख रहा था। उसे बचपन से ही कंप्यूटर से गहरा लगाव था। वंश ने महज 17 साल की उम्र में अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा की एक वेबसाइट में बड़ी तकनीकी खामी खोज निकाली। यह ऐसी उपलब्धि थी जिसे नासा ने खुद मान्यता दी और वंश का नाम अपने हॉल ऑफ फ़ेम में दर्ज किया। वंश उस पल को याद करते हुए कहता है, "मैं कई दिनों से टेस्ट कर रहा था। एक दिन अचानक स्क्रीन पर वह बग नजर आया। कुछ देर तक मैं बस देखता रहा, यकीन नहीं हो रहा था कि मैं ये कर पाया। पूजा के लिए यह पल सिर्फ गर्व का नहीं था, बल्कि उन तमाम संघर्षों की जीत थी जो उन्होंने अकेले लड़ी थीं। पूजा कहती हैं, "ये सिर्फ नासा का सम्मान नहीं था, ये उस मेहनत और ईमानदारी की जीत थी जो वंश ने बिना शोर किए दिखाई थी। मेरे लिए वह पल जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि था।

---

**अब तक का सबसे ज्यादा 66,218 करोड़ रुपए का हुआ निर्यात**

# निवेश मित्र नीतियों से हुई मप्र के निर्यात में 6% की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्यात में अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए अब तक का सबसे ज्यादा 66,218 करोड़ रुपए का निर्यात किया है। निर्यात में 6% की बढ़ोतरी हुई है जो फार्मास्यूटिकल, इंजीनियरिंग गुड्स और सोया उत्पादों में निर्यात बढ़ने के फलस्वरूप हुई है। इसके अलावा निर्यात को प्रोत्साहित करने वाली अधोसंरचना में बढ़ोतरी होना और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों का मध्यप्रदेश की ओर आकर्षित होने को भी प्रमुख है। फेडेरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन की ताजा रिपोर्ट के अनुसार मर्केंडाइज एक्सपोर्ट में 66,218 करोड़ रुपए का योगदान है। जबकि स्पेशल इकोनामिक जोन में सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों ने राज्य के एक्सपोर्ट पोर्टफोलियो में 4038 करोड़ रुपए का योगदान दिया है। इन क्षेत्रों में आर्थिक विकास बढ़ने के कारण राष्ट्रीय स्तर पर निर्यात में मप्र की रैंकिंग 15 से 11 हो गई है।

### *बाजार के प्रतिमानों के अनुसार निर्यात रैंकिंग में बढ़ोतरी*

*रिपोर्ट के अनुसार फार्मास्यूटिकल, इंजीनियरिंग गुड्स और सोया आधारित कृषि उत्पाद मिलाकर मप्र ने विश्व बाजार के प्रतिमानों के अनुसार निर्यात रैंकिंग में बढ़ोतरी की है। निवेश मित्र औद्योगिक विकास की नीतियां,औद्योगिकीकरण का बढ़ता आधार मप्र का निर्यात बढ़ने के प्रमुख कारण है। पिछले साल तक फार्मास्यूटिकल, एनिमल फीड, मशीनरी, एल्यूमिनियम और टेक्सटाइल पांच ऐसे निर्यात सेक्टर थे, जो प्रथम पांच निर्यातकों में शामिल थे। मुख्य रूप से बांग्लादेश, फ्रांस, यूएई और नीदरलैंड में मप्र को निर्यात का बड़ा मार्केट मिला है। फार्मास्यूटिकल और मशीनरी के निर्यात में मध्यप्रदेश के लिए सबसे बड़ा मार्केट यूएस है।*

### फार्मास्यूटिकल, ऑटोमेटिक और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर से निर्यात

धार जिला निर्यात में प्रथम है। यहां से 17,830 करोड़ रुपए का निर्यात हुआ। जबकि इंदौर से 13,500 करोड़ रुपए का निर्यात हुआ। यहां से फार्मास्यूटिकल, ऑटोमेटिक और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर से निर्यात हुआ। उज्जैन ने भी अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ते हुए 2,288 करोड़ रुपए का निर्यात किया, इंडस्ट्रियल, कृषि आधारित उत्पाद और खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद शामिल हैं। राज्य सरकार ने औद्योगिक विकास पर फोकस रखते हुए व्यापारिक संबंधों को मजबूत बनाने से यह उपलब्धि हासिल हुई है। इससे न सिर्फ राज्य की आर्थिक आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिली है बल्कि देश के कुल निर्यात में भी मप्र का योगदान बढ़ा है।

### 6 वर्षों से लगातार बढ़ रहा मप्र का निर्यात

मप्र से वर्ष 2024-25 में 11,968 करोड़ रुपए के फार्मास्यूटिकल्स, 6062 रुपए के एनिमल फीड, 4795 करोड़ रुपए के एल्युमिनियम, 4656 रुपए का निर्यात और 5497 रुपए की मशीनरी का निर्यात हुआ। पिछले छह वर्षों से मप्र का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2019-20 में 37,692 करोड़ रुपए, 2020-21 में 47,959 करोड़ रुपए, 2021-22 में 58,407 करोड रुपए, 2022-23 में 65,878 करोड़ रुपए, 2023-24 में 65,255 करोड़ रुपए और 2024-25 में 66,218 करोड रुपए का निर्यात मप्र से हुआ।

---

**3 अंगूठी उतरवाई, पैसे का बैग लेकर भागे**

## बाइक सवारों ने कार रुकवाकर बिजनेसमैन से दिनदहाड़े लूट लिए 15 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक बिजनेसमैन से चाकू-कट्टा अड़ाकर 15 लाख की लूट हुई है। पंडरी इलाके के कापा में आरोपियों ने सोमवार दोपहर 12 बजे दिनदहाड़े सुनसान जगह में वारदात को अंजाम दिया। पहले बिजनेसमैन को जान से मारने की धमकी दी फिर उसके हाथ से 3 सोने की अंगूठी भी लूट ली। मामला पंडरी थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि आरोपी बाइक में सवार होकर आए थे। वारदात के बाद वह मौके से फरार हो गए। इनमें एक आरोपी नकाब पहना था, बाकी 2 के चेहरे दिख रहे थे। पुलिस आगे की जांच पड़ताल कर रही है।



### कट्टा और चाकू अड़ाकर लूट

चिराग जैन की बोरवेल पाट्‌र्स की दुकान है। वह घर से दुकान के लिए निकला था। वह सड्डू के कापा पहुंचा, तभी 3 युवक बाइक पर कार के सामने आ गए। चिराग ने गाड़ी रोक दी। आरोपी जब बाइक से उतरने लगे तो उसने कार रोड की तरफ मोड़ दी। फिर उन्होंने चिराग को पकड़ लिया और पीछे तरफ से कट्टा और चाकू अड़ा दिया। इनमें से एक आरोपी ने नकाब पहना हुआ था।

## चिंतन

# आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान देशभर में चले

भारत राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आवारा कुत्तों को पकड़ने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय का हिदायत भरा निर्देश स्वागत योग्य है। दिल्ली-एनसीआर समेत देश भर में लोग आवारा कुत्तों के शिकार हो रहे हैं। यह राष्ट्रीय समस्या बन चुकी है। आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान देशभर में चलना चाहिए। सभी राज्य सरकारों को चाहिए वे खूंखार हो रहे आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाएं। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के इलाकों से सभी आवारा कुत्तों को उठाने व उन्हें आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। कोर्ट ने चेतावनी भी दी कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को उठाने के काम में बाधा डालेगा, तो उसके खिलाफ अदालत अवमानना की कार्यवाही शुरू करेगी। दरअसल, पशु संरक्षण के नाम पर चल रहे कई संगठन व व्यक्ति आवारा कुत्तों व बंदरों के खिलाफ प्रशासनिक एक्शन में अवरोध पैदा करते रहे हैं। देश की सड़कों, गलियों को आवारा कुत्तों व बंदरों से सुरक्षित बनाना जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि भारत में हर साल रेबीज़ से लगभग 20,000 लोगों की मौत होती है। यह दुनिया भर में रेबीज़ से होने वाली मौतों का 36 प्रतिशत है। 20 लाख से अधिक कुत्ते काटने के मामले सामने आ चुके हैं। भारत में रेबीज़ साइलेंट किलर रोग के रूप में उभर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कथित पशु प्रेमियों व पेट एक्टिविस्टों को आईना भी दिखाया है कि क्या पशु कार्यकर्ता और 'कथित पशु प्रेमी' उन बच्चों को वापस ला पाएंगे जो रेबीज़ का शिकार हो गए। खास बात है कि उच्चतम न्यायालय ने 28 जुलाई को इस मामले को स्वतः संज्ञान में लिया था, अब उसी पर सुनवाई हो रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आश्वस्त किया है कि दिल्ली सरकार चरणबद्ध तरीके से आवारा कुत्तों को पकड़ कर आश्रय स्थल भेजेगी। न्यायालय ने आदेश दिया है कि कुत्तों के लिए आश्रय स्थलों में पर्याप्त कर्मचारी हों, जो कुत्तों के बधियाकरण और टीकाकरण के साथ-साथ उनकी देखभाल भी करें। इन केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी होगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी कुत्ता न तो छोड़ा जाए या बाहर ले जाया जाए। शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार और गुरुग्राम, नोएडा एवं गाजियाबाद के नगर निकायों को सभी आवारा कुत्तों को पकड़कर आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया है। दुनिया में आवारा कुत्तों के हमलों की सबसे ज्यादा संख्या भारत में होती है। भारत में रेबीज़ से होने वाली मौतों के सबसे ज्यादा मामलों के साथ-साथ दुनिया में आवारा कुत्तों और बिल्लियों की संख्या भी सबसे ज्यादा है। पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2001 के मुताबिक, आवारा कुत्तों को मारा नहीं जा सकता, केवल नसबंदी की जा सकती है। नगर पालिकाओं के पास आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए पैसे की कमी होती है। उत्तर प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र में आवारा कुत्तों की संख्या सबसे ज्यादा है। बिहार सरकार ने पाया कि आवारा कुत्तों का काटना राज्य में बीमारी का तीसरा बड़ा कारण है। आवारा कुत्ते राष्ट्रीय उद्यानों, अभयारण्यों, बफर ज़ोन और संरक्षित क्षेत्रों में लुप्तप्राय प्रजातियों और पशुधन को मार देते हैं। किसानों ने शिकायत की है कि आवारा कुत्ते उनके पशुधन को मार देते हैं। आवारा कुत्तों के हमले कई कारकों का परिणाम हैं, जिनमें सरकार और पशु कल्याण संगठनों की लापरवाही और व्यक्तिगत उदासीनता शामिल है। भारतीय वन्यजीव संरक्षण सोसायटी (डब्ल्यूपीएसआई) ने आवारा कुत्तों के खतरे को समाप्त करने के लिए सख्त कार्रवाई का आह्वान किया है।

## 'वोट चोरी' मुद्दा

डॉ. घनश्याम बादल



# खतरनाक मोड़ पर आरोपों की राजनीति

कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस करके जिस तरह के आरोप चुनाव आयोग पर लगाए हैं वें काफी सनसनीखेज हैं। इन आरोपों के माध्यम से राहुल गांधी ने अपना तथा कथित 'एटमबम' फोड़ा है जिसके बारे में उन्होंने कहा था कि इस बम के फटते ही चुनाव आयोग उड़ जाएगा। 2024 के लोकसभा के चुनावों से ही राहुल गांधी काफी 'लाउड पॉलिटिक्स' कर रहे हैं । वे लगातार भाजपा मोदी एवं चुनाव आयोग तथा सरकार के खिलाफ बोल रहे हैं । एक तरह से उन्होंने आरोपी की छड़ी लगा रखी है और चुनाव आयोग तथा सरकार के प्रति जनता में वे एक अविश्वास की भावना पैदा करने में लगे हुए हैं। विपक्षी नेता होने के नाते यह बहुत स्वाभाविक है और यह भी सच है कि सत्ता पक्ष के नेता भी राहुल गांधी को उकसाने और कोसने व खिझाने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। उनके जाल में फंस राहुल गांधी अति उत्साह में भी कुछ ऐसी बातें कह जाते हैं कि हंसी के पात्र बन जाते हैं। 54 साल के राहुल की ऐसी बड़बोलेपन की टिप्पणियां उन्हें मीडिया में उपहास का पात्र भी बनवा देती हैं । इसके कई उदाहरण पिछले समय में देखने को मिले हैं जैसे लोकसभा में अपने भाषण के तुरंत बाद अपने ही एक साथी की तरफ देखकर अति उत्साह में संसद में आंख मारना, मैं और मैं संसद में बोलूंगा तो मोदी टिक नहीं पाएंगे, चौकीदार चोर है, नरेंद्र सरेंडर और ऐसे ही दूसरे वक्तव्यों से राहुल गांधी को फायदा कम और नुकसान ज्यादा हुआ है। लेकिन इस बार जब बिहार में सरकार ने वोटर लिस्ट में संशोधन (एसआईआर) का बीड़ा उठाया तब राहुल गांधी व विपक्षी दलों ने इस पर यह कहते हुए एतराज़ किया कि यह सब वोटों की चोरी के लिए किया जा रहा है । उनका आरोप है कि ऐसा इंडिया के समर्थक वोटरों को वोटर लिस्ट से हटाने एवं एनडीए समर्थकों को वोटर लिस्ट में जोड़ने के लिए यह सब ड्रामा किया जा रहा है। जबकि इतिहास बताता है कि चुनावों से पूर्व इस प्रकार की प्रक्रिया पहले भी होती रही है। राहुल और तेजस्वी यादव दोनों मिलकर बिहार की मतदाता सूची में ने केवल काटने जा रहे 65 लाख मतदाताओं की और इशारा करते हुए इस पर आपत्ति कर रहे हैं अपितु वोटर लिस्ट की अंतिम कमियां भी किनारे रहे हैं यहां एक बड़ा प्रश्न उठता है कि एक और आप महाराष्ट्र मध्य प्रदेश हरियाणा आदि राज्यों में वोटर लिस्ट की कमियों को वोटो की चोरी बताते हैं तो वहीं बिहार में जब मतदाता सूचियां में सुधार की बात आती है तब आप उसका विरोध करते हैं। राहुल लगातार ही चुनाव आयोग को घेर रहे हैं और सरकार पर भी गंभीर आरोप लगा रहे हैं। मध्यप्रदेश, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र तथा हरियाणा में आशा के विपरीत परिणाम आए तो वह और भी मुखर होकर बोले। उनके अनुसार कर्नाटक एवं महाराष्ट्र के चुनावों पर छह महीने उनकी टीम ने कार्य किया और पाया कि अचानक ही वोटर लिस्ट में एक करोड़ नए नाम जोड़ दिए गए हैं । इतना ही नहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने डुप्लीकेट वोटर , गलत पते वाले वोटर एवं बहुत छोटे फोटो वाले वोटर्स के साथ-साथ एक ही छोटे से घर में अप्रत्याशित रूप से अत्यधिक वोटर होने का प्रमाण देने वाली वोटर लिस्ट दिखाई । उन्होंने अपने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह भी बताया कि किस तरह फॉर्म सिक्स का दुरुपयोग करते हुए उसमें 70 वर्षीय मतदाताओं के नाम भी वोटर लिस्ट में जोड़ने का खेल खेला गया। जबकि इस फार्म के माध्यम से केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम जोड़े जा सकते हैं जो आने वाले चुनाव के समय ही 18 वर्ष की आयु के हुए हैं। यानी इस बार राहुल जो बात कर कर रहे हैं प्रमाण के साथ कर रहे हैं। यदि राहुल गांधी पर विश्वास करें तो लगता है कि वोटर लिस्ट में कमियां हैं और एक ही व्यक्ति के नाम अनेक जगहों पर भी अक्सर पाए जाते रहे हैं यानी माना जा सकता है कि इस विषय में उनके प्रमाण काफी पुख्ता हैं। लेकिन वे जिस तरह चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं वह बहुत ख़तरनाक है और यदि जैसा कि राहुल कहते हैं न्यायालय एवं चुनाव आयोग तथा सरकार एवं उनकी एजेंसियां मिलकर लोकतंत्र को चुरा रहे हैं तो फिर यह और भी चिंताजनक बात है तथा भारत में सच्चे लोकतंत्र की उपस्थिति पर गहरा सवालिया निशान खड़ा करते हैं। लेकिन उनकी प्रेस कांफ्रेंस के बाद चुनाव आयोग ने उन्हें एफिडेविट देकर प्रक्रिया के अनुसार अपनी बात रखने को कहा तो राहुल इसके लिए तैयार नहीं होते। अब क्या सही है और क्या ग़लत यह मीडिया में तो तय नहीं हो सकता बल्कि इसके लिए तो संविधान सम्मत तरीके से ही फैसला हो पाएगा । ग़लती चुनाव आयोग की है तो फिर वह शपथ पत्र क्यों दें।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# यूएन में सहकारिता की वैश्विक अनुगूँज



विश्लेषण

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

**भारतीय सहकारिता की प्रशंसा संयुक्त राष्ट्र में की जा रही है। हाल में संपन्न हुआ सहकारिता सम्मेलन इसका बड़ा उदहारण है। सहकारिता की संस्कृति की यह वैश्विक अनुगूँज हमारी आर्थिक समृद्धि का कारण बनेगी। एक अच्छी बात यह रही कि हमारे देश के सहकारिता के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस साझेदारी को स्वयं संयुक्त राष्ट्र के विशिष्ट सम्मेलन में रखी। उन्होंने बहुत साफ़ शब्दों में कहा कि सहकारिता हजारों वर्ष से भारतीय जीवन मूल्यों की आत्मा रही है। यह साझेदारी पारदर्शिता और सामाजिक न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित एक सांस्कृतिक चेतना है जो हमें 'मैं' से 'हम' की ओर ले जाती है।**

विश्व में भारत की व्यापक छवि बन रही है। यह भारतीय नागरिकों व सरकार के लिए गर्व की बात है कि सहकारिता मॉडल पर चर्चा करते हुए भारतीय सहकारिता की प्रशंसा संयुक्त राष्ट्र में की जा रही है। हाल में संपन्न हुआ सहकारिता सम्मेलन इसका बड़ा उदहारण है। सहकारिता की संस्कृति की यह वैश्विक अनुगूँज हमारी आर्थिक समृद्धि का कारण बनेगी साथ ही विश्व में अपनी स्थापनाओं के लिए भी महत्त्वपूर्ण बन सकेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, दुनिया के लिए सहकारी समितियां एक आदर्श हैं लेकिन भारत के लिए यह हमारी संस्कृति का आधार और जीवन जीने का एक तरीका है। प्रधानमंत्री की वही स्थापना अब संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन से स्वीकार की गई है।

संयुक्त राष्ट्र साझेदारी को प्रोत्साहन देता है। हमारे बहुपक्षीय संबंधों व बहुपक्षवाद की अवधारणाओं के लिए सयुक्त राष्ट्र की पैरवी विगत 80 वर्ष से निरंतर जारी है। सहकारिता के मूल में ही साझेदारी है। कायदे से सहकारिता जैसे उपक्रम को संयुक्त राष्ट्र द्वारा तत्परता व सक्रियता से पूरी पृथ्वी पर फैलाने की भरपूर कोशिश की जानी चाहिए थी। लेकिन विविध विषयों को केंद्र में रखकर आगे बढ़ता संयुक्त राष्ट्र सहकारिता पर उतना सक्रिय राष्ट्रों के बीच एकमत नहीं बना सका। यदि ऐसा कर सका होता तो हमारे साझा भविष्य कुछ ज्यादा समृद्ध हुए होते। समावेशी और सतत कार्रवाई सुनिश्चित करने में अपने विश्वसनीय भागीदार की खोज अब संयुक्त राष्ट्र में भी है। संयुक्त राष्ट्र यह चाहता है कि भारत जैसा लोकतंत्र हमारे साथ खड़ा हो और वह हमारे सहकारिता कार्यक्रम को आगे बढ़ाए।

एक अच्छी बात यह रही कि हमारे देश के सहकारिता के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस साझेदारी को स्वयं संयुक्त राष्ट्र के विशिष्ट सम्मेलन में रखी। उन्होंने बहुत साफ़ शब्दों में कहा कि सहकारिता हजारों वर्ष से भारतीय जीवन मूल्यों की आत्मा रही है। यह साझेदारी पारदर्शिता और सामाजिक न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित एक सांस्कृतिक चेतना है जो हमें 'मैं' से 'हम' की ओर ले जाती है। जिस प्रकार एक परिवार मिलजुलकर एक दूसरे की भलाई के लिए कार्य करता है, उसी प्रकार सहकारिता भी सामूहिक शक्ति का प्रमाण है। भारत के प्रधानमंत्री ने 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र देकर सहकारिता को एक 'जन आंदोलन' का स्वरूप प्रदान किया है। आज यह आंदोलन भारत के कोने-कोने में पहुंचकर हर गांव, हर महिला, हर युवा, हर किसान को सशक्त कर रहा है। वस्तुतः यह समष्टिगत ताकत जो सहकारिता प्रदान कर रही है, उसे अमित शाह ने स्पष्ट किया। गैर-बराबरी मिटाने के लिए सहकारिता का माध्यम इसलिए अब विश्व में ज़रूरत बनता जा रहा है।

विश्व में गैर-बराबरी के कारण भूख, गरीबी व संघर्ष के विविध स्वरूप देखने को मिल रहे हैं। यदि भारत में छिड़ा सहकारिता आन्दोलन विश्व के लिए एक मिसाल बन सका तो इसमें अमित शाह का अप्रतिम योगदान इतिहास में अंकित होगा, जिसे उन्होंने कुछ वर्षों में ही भारत में उपलब्धि के रूप में हासिल किया है। यह संयुक्त राष्ट्र का एक महत्वाकांक्षी प्रयास बन सकेगा जो



कि अफ़्रीकी देशों में व्याप्त असमानता को दूर कर सकता है। गैर-बराबरी के ज़ख्म को भर सकता है। आर्थिक समृद्धि के लिए नए रोडमैप दे सकता है। भारत का इसलिए यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवदान बनने जा रहा है जो कि सहकारिता आन्दोलन होगा। सहकार से समृद्धि यह नारा ही अपने आप में अद्वितीय है और यह साझेदारी से समृद्धि की नई चेतना का विस्तार है।

सहकारी समितियों की एक विशिष्ट विशेषता यह है कि वे लोकतांत्रिक होती हैं। वे जनता के लिए और जनता द्वारा संचालित संस्थाएँ हैं। ये विशेषताएँ अपने आप में सहकारी समितियों को सतत विकास का एक आदर्श माध्यम बनाती हैं, जो वास्तव में लोगों की जरूरतों को प्रतिबिंबित और पूरा करती हैं। सबसे अहम बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र में हुए सम्मेलन में केन्या, कोलंबिया व मंगोलिया के राजदूत ने भारत की खूब तारीफ़ की। अगर केन्या के राजदूत के उद्बोधन का स्मरण करें तो उन्होंने कहा कि अच्छे रोज़गार सृजित करने के अलावा, सहकारी समितियाँ पारंपरिक रूप से बहिष्कृत समूहों जैसे महिलाओं, युवाओं, वृद्धों, विकलांग व्यक्तियों और स्वदेशी लोगों के लिए परिणामों में सुधार करके सामाजिक समावेशन और भूख व गरीबी उन्मूलन में भी योगदान देती हैं। भारत का एक आदर्श उदाहरण सामाजिक-एकजुटता व एकजुट अर्थव्यवस्था की सफलता और प्रासंगिकता सुनिश्चित करने की दिशा में इसे प्रदर्शित करता है।


सच यह है कि भारत की जनसँख्या इन्डियन डिविडेंड है। भारत में अभी 840,000 से ज़्यादा सहकारी समितियाँ हैं जिनके 32 करोड़ से ज़्यादा सदस्य हैं। यह संख्या जैसे जैसे बढ़ेगी, भारत के सहकारिता को बल मिलेगा। भारत में अभी एक सहकारिता विश्वविद्यालय है, आने वाले समय में इसकी संख्या जब कम से कम पांच हो जाएगी, तो भारत का सहकारिता मानव संसाधन पूरे विश्व में सर्वोत्तम परिणाम दे सकेगा। हमारे देश की लीडरशिप आज इतनी मजबूत है जो इसे करेगी भी। बेहतर दुनिया बनाने हेतु सच में संकल्प से सिद्धि एक माध्यम है। भारत की लीडरशिप इसके लिए सतत प्रयास कर रही है। आज जब एसडीजी-2030 के लक्ष्य को वैश्विक स्तर पर हासिल करने की बात की जा रही है तो भी भारत की ओर दुनिया रुख कर रही है। आईएलओ की प्रतिनिधि ने भारत की प्रशंसा इस बात पर की कि भारत ने सहकारिता व सहकारी समितियों को पहचाना। उसने इसे महत्व दिया व इसे एकजुट किया। भारत में सहकारिता को प्रमुखता दी जा रही है, इसे गरीबी उन्मूलन के उपादान के तौर पर प्रतिष्ठित की जा रही है। यही कारण है कि इसकी संयुक्त राष्ट्र में अनुगूँज सुनाई पड़ रही है। इस प्रशंसा से यह एहसास होता है कि सच में भारत ने कुछ किया है, कुछ विशेष अचीव किया है।

विश्व में अभी प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नए युग के लिए संभावित कदमों की पहचान करने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं, इस पर विचार किया जा रहा है। अभी भी विश्व के सभी देश सहकारिता को अपने देश के विकास का हिस्सा नहीं मान रहे हैं, अपितु वे यह विश्वास कर रहे हैं कि वे अचानक से वह सब हासिल कर लेंगे जो सहकारिता के बिना भी संभव है। भारत का अभिप्राय है ही है कि वह सम्पूर्ण विश्व को प्रभावित करके सबको विकास व आत्मबोध के प्रकाश से भर दे। यदि विश्व में सहकारिता के विकास के लिए भारत सरकार सहकारिता पैरोकारों को तैनात करे तो निश्चय ही यह उसकी ओर से वैश्विक बदलाव की दिशा में अप्रतिम व महत्वाकांक्षी योजना सिद्ध होगी। इससे विश्व में सहकारिता के लिए भारत की देशों के स्वभाव परिवर्तन की एक नई गाथा ऐतिहासिक रूप से अंकित होगी।

( लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं और केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित

**दर्शन**

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणें उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं।

# शिव जी के अंशावतार हैं हनुमान जी




संकलित

**प्रेरणा**

शिव जी के 19 अवतारों में से एक अवतार है हनुमान। इसे शिव जी का अंशावतार माना जाता है। त्रेता युग में जब रावण का आतंक बढ़ गया, तब विष्णु जी राम अवतार लेने वाले थे। उस समय सभी देवताओं ने श्रीराम की सेवा और मदद करने के लिए अलग-अलग अवतार लिए थे। शिव जी ने श्रीराम के परमभक्त हनुमान जी के रूप में अवतार लिया था। जब श्रीराम अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। उनका यज्ञ घोड़ा घूमते-घूमते देवपुर नगर पहुंचा। उस नगर के राजा थे वीरमणि। वीरमणि शिव भक्त थे। राजा के पुत्र रुक्मांगद ने यज्ञ के घोड़े को बंदी बना लिया था। जब ये बात जब श्रीराम के भाई शत्रुघ्न को मालूम हुई तो उन्होंने देवपुर पर आक्रमण कर दिया। शत्रुघ्न और वीरमणि की सेना का युद्ध शुरू हुआ तो हनुमान जी भी वीरमणि की सेना खत्म करने लगे। राजा की हार होती देखकर शिव जी राजा की ओर से युद्ध करने लगे। युद्ध में जब शिव जी और हनुमान जी का सामना हुआ तो हनुमान जी ने उनसे पूछा कि आप तो राम भक्त हैं। फिर हमसे युद्ध क्यों कर रहे हैं। शिव जी ने कहा कि मैंने राजा वीरमणि को उसके राज्य की रक्षा करने का वचन दिया है इसलिए मुझे राजा की ओर से युद्ध करना पड़ रहा है, वह मेरा प्रिय भक्त है। शिव जी और हनुमान जी के बीच युद्ध हुआ, लेकिन जब शिव जी पराजित नहीं हुए तो उन्होंने श्रीराम का स्मरण किया। जब श्रीराम युद्ध में पहुंचे तो शिव जी राजा वीरमणि के साथ श्रीराम की शरण में चले गए। इस तरह ये युद्ध शांत हो गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### हिंदी बोलने में शर्म कैसी?

हमें अंग्रेजी बोलने में शर्म इसलिए आनी चाहिए क्योंकि जिन अंग्रेजों ने हमारे देश पर वर्षों राज कर देश को आर्थिक रूप से बर्बाद कर दिया, हम हिंदुस्तानियों पर ज़ुल्म ढाहे, आज आजाद देश में हम उनकी भाषा को मान-सम्मान देते हैं, इसे प्रयोग करने में गर्व महसूस करते हैं। आज हम भारतीयों में से बहुत से लोग अपनी हिंदी भाषा को बोलने में शर्म महसूस करते हैं, जबकि हमारे देश को आजाद करवाने वाले देशभक्तों और महापुरुषों ने हिंदी बोलने में अपनी शान समझी। उन्होंने इसके विस्तार के लिए काम भी किया। महात्मा गांधी ने हिंदी के लिए कहा था कि, परस्पर व्यवहार के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता है जिसे जनता का अधिकतम भाग पहले से ही जानता-समझता हो। हिंदी इस नजर से सर्वश्रेष्ठ है।

*-परेश राजपूत, भिलाई*

## करंट अफेयर

# नासा की योजना चंद्रमा पर परमाणु रिएक्टर बनाने की



चंद्रमा पर उतरना, वहां ध्वज फहराना, वहां की मिट्टी अनुसंधान के लिए लाना अब पुरानी बात है। अब नई अंतरिक्ष दौड़ पृथ्वी के इस इकलौते उपग्रह पर स्थायी निर्माण और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर शुरू हो गई है, जिसमें परमाणु ऊर्जा संयंत्र अहम भूमिका निभा सकते हैं। खबरों की मानें तो अप्रैल 2025 में चीन ने वर्ष 2035 तक चंद्रमा पर परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने की योजना पेश की थी, जो उसके प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान केंद्र को ऊर्जा देगा। इसके जवाब में अगस्त में अमेरिका के कार्यवाहक नासा प्रशासक सीन डफी ने कहा कि अमेरिका वर्ष 2030 तक चंद्रमा पर अपना परमाणु रिएक्टर चालू कर सकता है। यह नया भले ही लगे लेकिन यह चौंकाने वाली खबर कतई नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह अचानक शुरू हुई होड़ नहीं है। नासा और अमेरिकी ऊर्जा विभाग लंबे समय से छोटी परमाणु ऊर्जा प्रणालियों पर काम कर रहे हैं, जो चंद्रमा पर अड्डों, खनन कार्यों और दीर्घकालिक निवास के लिए बिजली उपलब्ध करा सकें। अंतरिक्ष कानून विशेषज्ञ मानते हैं कि यह हथियारों की होड़ नहीं बल्कि रणनीतिक बुनियादी ढांचे की दौड़ है। कानूनी रूप से प्रतिबंधित नहीं। परमाणु ऊर्जा का अंतरिक्ष में इस्तेमाल नया विचार नहीं है।

## ऑफ बीट

# रेत पर चित्र बनाने की कला 140,000 साल पहले की है



रेत पर चित्र उकेरने, या रेत की मूर्तियां बनाने वालों की कमी नहीं है, जैसा कि कई आधुनिक समुद्र तट या टीलों की सतह पर टहलने से पता चलेगा। रेत एक विशाल कैनवास है - और इसका उपयोग लोगों की समझ से कहीं अधिक लंबे समय से किया जा रहा है। हाल तक केवल यह अनुमान ही था कि सबसे पुरानी कला रेत पर रही होगी। जिन चट्टानों में हम इन्हें अधिकतर पाते हैं, उन्हें एओलियनाइट्स के रूप में जाना जाता है, जो समुद्र तट के किनारे बनने वाले प्राचीन टीलों के सीमेंटेड संस्करण हैं। ऐसी प्राचीन 'रेत कला' का वर्णन पहले कभी नहीं किया गया था, इसलिए हमने इसके लिए एक नया शब्द गढ़ा: 'अम्मोग्लिफ़' ('अमोस' का ग्रीक में अर्थ 'रेत' होता है)। इक्नोस पत्रिका के एक हालिया लेख में हमने केप दक्षिण तट से सात होमिनिन इक्नोसाइट्स (एक शब्द जिसमें ट्रैक और अन्य निशान शामिल हैं) के लिए तारीखें प्रदान की हैं। हमने जिसकी अम्मोग्लिफ़ के रूप में व्याख्या की थी, वह उनमें से चार स्थलों पर पाए गए थे। सबसे पुराना काल 149,000 से 129,000 वर्ष पहले का है। किसी भी पुरा-अभिलेख का अध्ययन करते समय एक महत्वपूर्ण चुनौती - चाहे ट्रैकवे, जीवाश्म, या अन्य प्रकार की प्राचीन तलछट - यह निर्धारित करना है कि सामग्री कितनी पुरानी है।

## X ट्रेंड


### योगदान को महत्व



हमारी सरकार भारत के विकास में बेंगलुरु के योगदान को बहुत महत्व देती है और हम इस महान शहर के बुनियादी ढाँचे को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभान्वित करेगी।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### लोकतंत्र कलंकित



संसद के सत्र के दौरान मतदाता सूची से लाखों मतदाताओं का नाम हटाने के मामले में 300 सांसदों से चुनाव आयोग का मिलने से इनकार करना, व पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार के बाद उनको हिरासत में लिए जाना, निंदनीय व दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, जिसने भारतीय लोकतंत्र को कलंकित किया है।

**-आनंद शर्मा, कांग्रेस नेता**

### अस्मिता के आधार



भारत की अस्मिता के दो उज्ज्वल आधार हैं- संस्कृति और संस्कृत। संस्कृत केवल भारतवर्ष की ही नहीं, अपितु समस्त विश्व की आद्य, प्राचीन और देव भाषा है। यह वह अमृतधारा है, जिससे अनादिकाल से समस्त सभ्यताओं ने ज्ञान-विज्ञान का पान किया।

**- अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### त्योहार मनाया जाए



हर साल की तरह इस बार भी रीमा भाभी ने अपनी तरफ़से और मेरी सारी बहनों की तरफ़से मुझे राखी बाँधी।बहुत ही सुखद अनुभूति होती है जब परिवार के सभी सदस्यों के बीच में त्योहार मनाया जाए।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# देश में एसआईआर पहली बार नहीं हो रहा है, चुनाव आयोग की यह एक नियमित प्रक्रिया है: प्रधान

## भाजपा का कांग्रेस पर निशाना, लगाया संवैधानिक सस्थाओं को कमजोर करने का आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

**कांग्रेस की दिशाहीनता उनकी दुविधा**

भाजपा ने सोमवार को कांग्रेस और विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि जो लोग संविधान की दुहाई देते हैं, वही आज उसकी मूल संस्थानों को कमजोर करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर करारा हमला किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग जैसी निष्पक्ष संस्थान पर निराधार आरोप लगाकर देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। विशेष संशोधित मतदाता सूची (एसआईआर) जैसी नियमित प्रक्रिया को राजनीतिक हथियार बनाकर, यह लोग घुसपैठियों के पक्ष में वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि उनके मन में पीड़ा है कि उनके खानदान के बाहर सत्ता कैसे चली गई। प्रधान ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग और विशेषकर कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल आए दिन संविधान की दुहाई देते हैं, इन दिनों देश देख रहा है कि सबसे अधिक संविधान-विरोधी कार्य अगर कोई कर रहा है, तो राहुल उसके सरगना हैं। कांग्रेस पार्टी की दिशाहीनता, उनकी दुविधा बन चुकी है। एसआईआर पहली बार नहीं हो रहा है, हर एक राज्य में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव आयोग की यह एक नियमित प्रक्रिया है। आजादी के बाद मतदाता सूची को परिष्कृत करने और व्यवस्थित करने के लिए चुनाव आयोग की एक स्वतंत्रत और निरंतर प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले ईवीएम के ऊपर झूठ बोलती है, कभी महाराष्ट्र की बात उठाती है, कभी हरियाणा की बात उठाती है और झूठ का एक नया पहाड़ खड़ा करती है। विशेषकर 2014, 2019 और 2024 में कांग्रेस पार्टी अनेक राज्यों में निरंतर पराजय के कारण एक निराशा की स्थिति में पहुंच चुकी है। उनका कोई स्पष्ट मुद्दा नहीं है, कोई नीति नहीं है, एक रिएक्शनरी फोर्स के नाते ये लोग अपने राजनीतिक कार्यक्रम बना रहे हैं। पहले कांग्रेस ने ईवीएम को मुद्दा बनाया, फिर राफेल पर झूठ बोला, फिर सीमा पर चीन के साथ हमारे विवाद में चीन का साथ दिया। भारत की सेना और भारत की सम्प्रभुता पर इन्होंने प्रश्न उठाया, जिसके बारे में न्यायपालिका ने शायद ही आजाद भारत में किसी राजनीतिक व्यक्तित्व पर इतनी कटु टिप्पणी दी होगी कि आखिर बताइए, आप हैं किसके साथ?

प्रधान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी आज वैचारिक दिशाहीनता और गहरी दुविधा का पर्याय बन चुके हैं। अराजकता और अहंकार का मेल देश में अस्थिरता फैलाने की उनकी सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है। उनका स्पष्ट सिद्धांत है कि अगर चुनाव जीतें तो सब कुछ सही, लेकिन हारने पर व्यवस्था में खामियां दिखती हैं। पिछले दो-तीन दिनों में जो बहस और विवाद हुए, विशेष रूप से उस पर भारत की मीडिया को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने तथ्य और प्रमाण के आधार पर लगभग सभी टीवी चैनलों पर राहुल गांधी के एक-एक झूठ का पर्दाफाश किया है। टेक्नोलॉजी, चुनाव आयोग की प्रक्रिया और देश के सामान्य ज्ञान, इन सभी विषयों पर राहुल गांधी की अज्ञानता उजागर हुई है। कांग्रेस पार्टी और उनके सहयोगी केवल वोट बैंक की राजनीति में लिप्त हैं। घुसपैठियों को वोटर बनाकर, वे अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं। जब चुनाव आयोग, एक संवैधानिक और निष्पक्ष संस्था के रूप में, उन्हें सही तथ्य बताता है, तब वे उसी चुनाव आयोग को ध्वस्त करने की बात करते हैं। यहां तक कि 'हम एटम बम गिरा देंगे, चुनाव आयोग बिखर जाएगा' जैसी भाषा का प्रयोग करते हैं। ये वही शब्दावली है जो हमारे प्रतिद्वंदी देश और भारत के लोकतंत्र को अस्थिर करने वाली ताकतें इस्तेमाल करती हैं और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी इसी भाषा का प्रयोग कर रहे हैं।

## विपक्षी दलों के सांसदों ने चुनाव आयोग की ओर मार्च निकाला

# चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्ष का हल्लाबोल इंडिया गठबंधन ने दिखायी सड़क पर ताकत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

### - राहुल-प्रियंका, अखिलेश सहित कई नेता लिए गए हिरासत में, बाद में किए गए रिहा



संसद के मानसून सत्र के बीच सोमवार को राजधानी दिल्ली में विपक्षी दलों के सांसदों ने चुनाव आयोग की ओर मार्च निकालकर बिहार में चल रहे विशेष गहन मतदाता सूची संशोधन और कथित "वोट चोरी" के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। मार्च संसद भवन के मकर द्वार से शुरू होकर ट्रांसपोर्ट भवन के रास्ते निर्वाचन सदन तक पहुंचना था, लेकिन दिल्ली पुलिस ने बीच रास्ते पर रोक लगा दी। पुलिस के अनुसार मार्च के लिए अनुमति नहीं दी गई थी और केवल 30 सांसदों को आयोग तक जाने की इजाज़त थी। पुलिस ने रास्ता रोकने पर कई नेताओं को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए नेताओं में कांग्रेस के राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रवादी कांग्रेस के शरद पवार, तृणमूल की महुआ मोइत्रा, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना (उद्धव) के संजय राउत समेत कई सांसद शामिल रहे। इस दौरान अखिलेश यादव के बैरिकेड लांघने का वीडियो वायरल हुआ, वहीं महुआ मोइत्रा और तृणमूल सांसद मिताली बाग़ मार्च के दौरान सड़क पर बेहोश हो गईं, जिन्हें तत्काल उपचार दिलाया गया।

चुनावी प्रक्रियाओं को लेकर उठ रहे सवालों को पहले लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस कर कई सवाल उठाये। फिर संसद के दोनों सदनों में बिहार में मतदाता पुनरीक्षण को लेकर बहस की मांग को लेकर गत 11 दिनों से सदन की कार्यवाही ठप है। सोमवार को तय कार्यक्रम के अनुसार संसद परिसर से एक साथ विपक्ष के सभी 25 दलों के तकरीबन 300 सांसदों ने एक साथ चुनाव आयोग भवन की ओर कूच किया। संसद से महज कुछ ही कदम दूरी पर स्थित चुनाव आयोग के दफ्तर सांसद न पहुंच पाएं इसके लिए दिल्ली पुलिस ने कडे बंदोबस्त किए थे। पहले सांसदों को सड़क पर मार्च की इजाजत नहीं दी गई। फिर धारा 144 लगा दी गई। सड़कों पर बैरिकेडिंग कर दी गई। जब सपा और तृणमूल सांसदों ने बैरिकेड को लांघ कर दूसरी तरफ पहुंच गए तब पुलिस ने सांसदों को गिरफ्तार करना शुरू किया। विपक्ष का ये बेहद तीखा विरोध था। तृणमूल की महिला सांसद बैरिकेड के ऊपर चढ गईं। भारी नारेबाजी, धरना, प्रदर्शन घंटे भर तक संसद से ट्रांसपपोर्ट भवन तक हाई वोल्टेज सियासी ड्रामा चला।

चुनाव आयोग ने 30 नेताओं को मिलकर बात रखने की इजाजत दी थी,लेकिन विपक्षी दल नहीं माने। तृणमूल की महुआ मोइत्रा ने कहा कि बिहार में 65 लाख वोटरों को निकाल दिया और मुलाकात के लिए 30 सांसदों को कहेंगे,ये नहीं चलेगा, हम सब जाएंगे। बात बनी नहीं। बातचीत हुई नहीं।

मार्च के दौरान राहुल गांधी ने कहा, "यह राजनीतिक लड़ाई नहीं, बल्कि संविधान और 'एक व्यक्ति, एक वोट' की रक्षा के लिए संघर्ष है।" कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष की आवाज़ दबाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल कर रही है। वहीं तृणमूल की सगीरिका घोष ने इसे "असंवैधानिक कार्रवाई" करार दिया।

### चुनाव आयोग ने विपक्ष के आरोपों को खारिज किया

चुनाव आयोग ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मतदाता सूची संशोधन एक नियमित प्रक्रिया है, जिससे किसी भी मतदाता को बाहर नहीं किया जाएगा। भाजपा ने विपक्ष पर लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अविश्वास जताकर अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। विपक्ष का प्रदर्शन न केवल एक राजनीतिक टकराव रहा, बल्कि चुनावी पारदर्शिता, मतदाता सूची की विश्वसनीयता और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर गंभीर सवाल भी खड़े कर गया। बहरहाल, सूत्रों ने बताया कि मंगलवार शाम अब विपक्षी दलों का शिष्टमंडल शाम साढे चार बजे चुनाव आयोग से मिलेगा।

### लोकसभा में आयकर और कराधान से संबंधित दो विधेयक बिना बहस पारित

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किए गए, विपक्ष एसआईआर पर करता रहा हंगामा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा ने सोमवार को कराधान से संबंधित दो विधेयकों- आयकर (संख्या 2) विधेयक और कराधान कानून (संशोधन) विधेयक- को विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच पारित कर दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किए गए ये विधेयक बिहार में मतदाता सूची में संशोधन को लेकर विपक्ष के जोरदार विरोध के बीच बिना किसी बहस के पारित हो गए। इन विधेयकों को ध्वनिमत से पारित करने के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

आयकर (संख्या 2) विधेयक 2025, आयकर अधिनियम 1961 से संबंधित कानूनों को समेकित और संशोधित करने के लिए पास किया गया है। वहीं, कराधान कानून (संशोधन) विधेयक 2025, आयकर अधिनियम 1961 के साथ-साथ वित्त अधिनियम 2025 में संशोधन करेगा।इससे पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में आयकर विधेयक का संशोधित संस्करण पेश किया था। नए बिल में बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली प्रवर समिति की अधिकांश सिफारिशें शामिल हैं। यह कदम पिछले हफ्ते सरकार की ओर से आयकर विधेयक, 2025 को वापस लेने के फैसले के बाद उठाया गया है।

नए बिल को छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेने के लिए 13 फरवरी को पेश किया गया था। इसे प्रवर समिति की सिफारिशों के बाद सरकार ने वापस ले लिया था। 11 अगस्त को पेश किए गए नए मसौदे का उद्देश्य सांसदों को एक एकल और अपडेटेड संस्करण प्रदान करना है। इसमें प्रवर समिति की ओर से सुझाए गए अधिकांश बदलाव शामिल किए गए थे।

संसद में विधेयक वापस लेने और नया बिल पेश करने के बारे में बताते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, प्रवर समिति से सुझाव मिले हैं, जिन्हें बिल को सही मायने में विधायी अर्थ देने के लिए उसमें शामिल करना आवश्यक है। बिल के ड्राफ्ट की प्रकृति, वाक्यांशों के एलाइनमेंट, परिवर्तनकारी बदलावों और परस्पर संदर्भों में सुधार किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि भ्रम से बचने के लिए पहले के विधेयक को वापस ले लिया गया था। उन्होंने बताया कि नया मसौदा 1961 के अधिनियम को बदलने के आधार के रूप में काम करेगा।

### सपा प्रमुख अखिलेश ने जताया एतराज

*लोकसभा में नया आयकर विधेयक 2025 बिना किसी बहस के पारित होने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव सवाल उठाया। उन्होंने कहा, यह भाजपा के काम करने का तरीका है। सदन में बिना किसी चर्चा के इतना बड़ा फैसला ले लिया गया...उनकी विदेश नीति देखिए, टैरिफ पर टैरिफ, हमारा पूरा कारोबार चीन पर निर्भर है, तो वे किस तरह का संशोधन कर रहे हैं? कोई सोच भी नहीं सकता था कि 20,000 प्राथमिक स्कूल बंद हो जाएंगे। अगर गरीब बच्चे पढ़ नहीं पा रहे हैं, तो कोई भी आयकर बिल आपको खुशी नहीं दे सकता?*

## रिजिजू ने बताया नए विधेयक की जरूरत क्यों पड़ी?

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मसौदे को वापस लिए जाने के बाद उठी आशंकाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि नए विधेयक की आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि हर संशोधन को पेश करना और अलग-अलग सदन की मंजूरी लेना एक थकाऊ प्रक्रिया होती। भाजपा सदस्य बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली लोकसभा की प्रवर समिति ने 285 सुझाव दिए। आयकर विधेयक 2025 का उद्देश्य 60 वर्षों से अधिक समय से लागू कानून को अद्यतन और सरल बनाना है। इसमें डिजिटल कराधान, विवादों के समाधान हेतु प्रणालियां और तकनीकी व डेटा-संचालित विधियों के माध्यम से कर संग्रह का विस्तार करने की पहल के प्रावधान हैं। प्रवर समिति की लगभग सभी सिफ़ारिशें सरकार द्वारा स्वीकार कर ली गई हैं।

हितधारकों से ऐसे बदलावों के बारे में सुझाव प्राप्त हुए हैं जो प्रस्तावित कानूनी अर्थ को और अधिक सटीक रूप से व्यक्त करेंगे। 31 सांसदों वाली प्रवर समिति ने जुलाई में 4,500 से ज़्यादा पृष्ठों में निष्कर्ष और सुझाव प्रस्तुत किए। इन बदलावों में रिटर्न में देरी होने पर भी रिफंड का प्रावधान शामिल है। ये छोटे करदाताओं के लिए हैं। स्पष्टता के लिए 'गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए)' और 'मूल कंपनी' की परिभाषाओं में बदलाव किया गया है। समिति यह भी सुझाव देती है कि गुमनाम योगदान से गैर-सरकारी संगठनों और धर्मार्थ ट्रस्टों की कर छूट की पात्रता प्रभावित नहीं होनी चाहिए। व्यक्तिगत करदाताओं के लिए, इन सिफारिशों में सभी आय का एक साफ़ और रिकॉर्ड प्रदान करने 'शून्य' कर-कटौती प्रमाणपत्र जारी करना शामिल है।

# मतदाता पुनरीक्षण पर राज्यसभा में हंगामे के बीच मणिपुर विधेयक, गोवा एसटी आरक्षण बिल पारित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा में आज का दिन विशेष गहन मतदाता सूची संशोधन को लेकर विपक्षी सांसदों के विरोध से शुरू हुआ। जैसे ही प्रश्नकाल आरंभ हुआ, विपक्ष ने चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए नारेबाजी की और वेल में आ गया। शोरगुल के चलते उपसभापति हरिवंश सिंह ने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी।

उपसभापति ने बताया कि मानसून सत्र के दौरान अब तक 210 शून्यकाल, 210 तारांकित प्रश्न और 210 विशेष उल्लेख का अवसर था, लेकिन बार-बार के हंगामे के चलते केवल 14 तारांकित प्रश्न, 5 शून्यकाल और 17 विशेष उल्लेख ही हो सके हैं। इसके कारण 62 घंटे 25 मिनट का बहुमूल्य समय बर्बाद हुआ है।

### प्रश्नों का लेखा- जोखा

- विपक्षी बवाल में जनहित के सवाल धरे रह गए 210 शून्यकाल, 210 तारांकित प्रश्न और 210 विशेष उल्लेख में से केवल 14 तारांकित प्रश्न, 5 शून्यकाल और 17 विशेष उल्लेख ही लिए जा सके
- राज्यसभा का अब तक 62 घंटा 25 मिनट का समय हुआ बर्बाद
- नड्डा ने कहा जो मणिपुर इश्यू के चैंपियन बनते थे उन्होंने उसके खिलाफ वोट किया

दोपहर बाद कार्यवाही शुरू होने पर सदन ने मणिपुर से जुड़े दो विधेयक "मणिपुर एप्रोप्रिएशन (संख्या 2) विधेयक, 2025" और "मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025"को वापस कर दिया। साथ ही गोवा में अनुसूचित जनजातियों को आरक्षण सुनिश्चित करने वाला "गोवा में एसटी प्रतिनिधित्व पुनर्समायोजन विधेयक, 2025" पारित कर दिया गया। मणिपुर विधेयक पेश करते हुए केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतामरण ने विपक्ष से अनुरोध किया कि उनके लिए मौका है जो बातें वे मणिपुर के विषय में बोलना चाहते हैं, बोलें। लेकिन वेल में विपक्ष नारेबाजी करता रहा। इस मौके पर सदन के नेता और केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री जेपी नड्डा ने भी विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मणिपुर पर सदन में चर्चा की मांग करने वाले आज जब मौका आया तो विषय से न केवल भाग रहे हैं बल्कि मणिपुर के हित के लिए लाए गए विधेयक के खिलाफ वोट कर रहे हैं।

विपक्षी दल के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने इस बीच कहा कि उनके शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिसिया प्रहार किया गया।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **श्री मनदीप** पुत्र श्री गुरजीत सिंह निवासी- मकान संख्या 199, प्रथम तल, पॉकेट-6, सेक्टर 22, रोहिणी, दिल्ली-110086 ने **सीसी संख्या 12496/2018 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना शालीमार बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री मनदीप** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री मनदीप** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **श्री मनदीप, सीसी संख्या 12496/2018 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना शालीमार बाग, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 12.09.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री अपूर्व भारद्वाज**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
उत्तर-पश्चिम, कोर्ट संख्या 113, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/10300/NW/2025



**भारतीय रेल**
**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)**

**खुली निविदा सं. आर एस (पोल) 058 / 508 / 2025**

**बोली आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से बीमा नियामक विकास प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत कंपनियों से भारत में समुद्री बीमा सहित सामान्य बीमा करने हेतु निम्नलिखित का समुद्री बीमा करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं:–

| कवर का ब्योरा | बोलियां प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख |
|---|---|
| विस्तृत शर्तों सहित थोक परेषणों के लिए **ओपन** कवर **(मूल) आईसीसी(बी):** इस्पात मदें, पटरियाँ और चादरें, एंगल और इसी प्रकार की अन्य मद केवल थोक में। विस्तृत शर्तों सहित अंतिम प्रेषिती तक बीमित मदों के पूरे रास्ते में सम्हलाई आदि के कारण होने वाली खराब पैकिंग क्षति सहित विशिष्ट मदों के लिए **ओपन कवर (सभी जोखिम) आईसीसी (ए): (क)** रेल इंजन के अतिरिक्त पुर्जे, संयंत्र / मशीनरी / सिगनल प्रणाली / दूर संचार / माइक्रोवेव / एक्स–रे उपस्कर एवं उपकरण, अस्पताल उपकरण / डीजल और बिजली इंजन के उपस्कर / इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक मदें, इसी प्रकार के अतिरिक्त पुर्जे / उपस्कर तथा केवल अभंगुर प्रकृति के भंडार, **(ख)** आईसीसी (ए) खंड के अनुसार खुली / अर्ध–खुली हालत में रेल इंजन और सवारी डिब्बे। **(ग)** पहिया, पहिया सेट, टायर और धुरे। **(घ)** तरल, थिनर, पेंट, वार्निश आदि के रूप में नए ड्रमों में सभी प्रकार की अन्य सामग्रियां (पूरे परेषण में ½% अधिकता के अध्यधीन) **(ड.)** भंगुर प्रकृति की सभी सामग्रियां अर्थात् इंसुलेटर / सेरेमिका / एसबेस्टॉस / पोर्सिलेन और ग्रेफाइट। **(च)** पूरी तरह से एसेम्बल किए गए रेल इंजन। **(छ)** पूरी तरह से एसेम्बल किए गए सवारी डिब्बे। **(ज)** पूरी तरह से एसेम्बल की गई क्रेनें। **(झ)** पूरी तरह से एसेम्बल की गई पूरी तरह से खुली हालत / अर्ध–खुली हालत में रेल पथ मशीनें। | 10.09.2025 |

**2.** निविदा का अनुमानित मूल्य ₹1.14 करोड़ है। **2.1.** विस्तृत निबंधन एवं शर्तों सहित अहस्तांतरणीय बोली दस्तावेज निदेशक, रेल भंडार (एम), कमरा नं. 363, रेल भवन, नई दिल्ली–110001 से सभी कार्य दिवसों पर (9:30 बजे से 17:30 बजे तक) प्राप्त किए जा सकते हैं। **3.** निविदा दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट **www.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। **4.** एजेंटों द्वारा जमा कराए गए प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। **5.** निविदाएं सभी कार्य दिवसों में निदेशक, रेल भंडार (एम) को कमरा नं. 363 में 10.09.2025 को 14:30 बजे तक जमा कराई जा सकती हैं और उन्हें उसी दिन 15:00 बजे कमरा नं. 363, रेल भवन, नई दिल्ली में उन बोलीदाताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा, जो प्रस्तावी के खुलने के समय उपस्थित होना चाहते हैं। यदि किसी कारण से 10.09.2025 को कोई छुट्टी हो जाती है तो उसके जमा कराने और खुलने की तारीख को अगले कार्य दिवस तक बढ़ाया जाएगा। **6.** निविदा के लिए स्वीकृतिः क्रेता पूरे प्रस्ताव अथवा उसके किसी भी एक भाग के लिए निविदा को स्वीकार करने का और न्यूनतम मूल्य पर भी न स्वीकार करने का अथवा किसी भी प्रकार की निविदा को बिना कोई कारण बताते हुए अस्वीकार करने का अधिकार आरक्षित रखता है। बोलियां प्रस्तुत करने का समय 14:30 बजे तक होगा और उन्हें 10.09.2025 को 15:00 बजे बोला जाएगा।

**(सुनील कुमार वर्मा)**
**निदेशक, रेल भंडार (एम)**
कमरा नं. 363, रेल भवन, नई दिल्ली–110001

2454/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | 1. पांच वर्ष के लिए एमसी झज्जर में प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरे (एमएसडब्ल्यू) का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और एमआरएफ केन्द्रों/हस्तांतरण स्टेशनों/प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन। 2. नगर परिषद झज्जर की सीमाओं के अंदर घूमने वाले आवारा मवेशी (गाय, बछड़ा, सांड) को पकड़ने और श्री गऊशाला झज्जर में उनको छोड़ने, भेजने के सम्बन्ध में। | 07.08.2025 28.08.2025 | रु. 1263.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466361167 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/60/37552/I/88/7 दि. 11.08.25



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प, नरवाना | जीन्द जिले में गांव डबलैन में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी की विशेष मरम्मत। | 08.08.2025 14.08.2025 | 3.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | आर.डी. 0 से 107200 टेल तक भिवानी सब ब्रांच की रिमॉडलिंग। | बंद होने की तिथि 28.08.2025 | 5727.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 3 | मोतीलाल नेहरू खेल-कूद विद्यालय, राई, सोनीपत | विद्यार्थियों के लिए विद्यालय पोशाक की आपूर्ति। | 08.08.2025 22.08.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708859410 mnssrai@rediffmail.com |
| 4 | जिला परिषद, अम्बाला | गांव मियापुर ब्लॉक नारायणगढ़ – गांव मियापुर ब्लॉक नारायणगढ़ में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 08.08.2025 14.08.2025 | 91.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1711975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 5 | जिला परिषद, अम्बाला | गांव – संतोखी ब्लॉक शहजादपुर – गांव संतोखी में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 3 कार्य। | 08.08.2025 22.08.2025 | 182.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1711975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 6 | जिला परिषद, अम्बाला | गांव सम्भालखा, ब्लॉक साहा (अम्बाला) में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण, जैडपी। | 07.08.2025 14.08.2025 | 46.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1711975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 7 | पंचायती राज झज्जर | 31.54 – गांव माछरौली, ब्लॉक माछरौली, जिला झज्जर में एससी चौपाल (श्री श्याम सदन) को पूरा करना। | 07.08.2025 14.08.2025 | 25.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज रोहतक | गांव आसन किलोई में राजीव गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में विकास कार्य + 2 कार्य। | 08.08.2025 14.08.2025 | 26.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprrohtak134@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज पंचकूला | असरेवाली – गांव असरेवाली, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में नई धर्मशाला का निर्माण (पुनर्निविदा)। | 07.08.2025 14.08.2025 | 20.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज हिसार | आर्य नगर, हिसार2, ई-लाइब्रेरी का निर्माण (सी.एम. घोषणा)। | 08.08.2025 20.08.2025 | 23.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज हिसार | कैपरो, नारनौंद, गऊशाला में गाय के लिए शैल्टर अथवा शैड का निर्माण (एमपी) + 4 कार्य। | 08.08.2025 21.08.2025 | 38.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/220/37558/I/88/7 दि. 11.08.25


## खबर संक्षेप

### श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस के प्रीमियम में इजाफा

**चेन्नई।** श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का अप्रैल-जून तिमाही में व्यक्तिगत नए कारोबार से प्रीमियम 21 प्रतिशत बढ़कर 257 करोड़ रुपये रहा। उसने वितरण नेटवर्क और शाखा विस्तार के साथ यह वृद्धि दर्ज की है। पिछले वर्ष की इसी तिमाही में व्यक्तिगत नए कारोबार से प्रीमियम 212 करोड़ रुपये था।

### पटेल इंजीनियरिंग के लाभ में 56 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा विकास कंपनी पटेल इंजीनियरिंग का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 56 प्रतिशत बढ़कर 75 करोड़ रुपये रहा। वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 48 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। पहली तिमाही में उसकी परिचालन आय 12 प्रतिशत बढ़कर 1,233 करोड़ रुपये हो गई। जो वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,102 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में पटेल इंजीनियरिंग का कुल ऋण घटकर 1,527 करोड़ हो गया।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट

ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# मारुति की चार कारें होने जा रही हाइब्रिड, मिलेगा 40 किमी प्रति लीटर तक माइलेज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी ने कंफर्म किया है कि कंपनी अपनी भविष्य की कारों के लिए एक स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड पावरट्रेन पर काम कर रही है, खासकर एंट्री और मिड-लेवल सेगमेंट में। यह हाइब्रिड तकनीक टोयोटा की सीरीज पैरेलल हाइब्रिड सिस्टम से अलग होगी और काफी सस्ती भी होगी।

- मारुति फ्रॉन्क्स वह पहला मॉडल होगा जिसमें हाइब्रिड पावरट्रेन होगा

मारुति फ्रॉन्क्स वह पहला मॉडल होगा जिसमें ब्रांड का इन-हाउस डिवेलप्ड स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड पावरट्रेन होगा। इसकी ऑफिशियल लांच टाइमलाइन अभी घोषित नहीं की गई है, लेकिन यह मॉडल 2026 में बिक्री के लिए उपलब्ध हो सकता है। नई जनरेशन की मारुति बलेनो दूसरी कार होगी, इसके बाद मारुति सुजुकी की नई सब-4 मीटर एमपीवी आएगी। आने वाली बलेनो में पेट्रोल-हाइब्रिड पावरट्रेन के साथ-साथ डिजाइन और इंटीरियर में बड़े अपडेट मिलने की संभावना है।

**कंपनी भविष्य की कारों के लिए एक स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड पावरट्रेन पर काम कर रही**






### तीन अलग प्रकार के हाइब्रिड पावरट्रेन

नई कॉम्पैक्ट एमपीवी सुजुकी स्पेसिया पर आधारित होगी, जो पहले से ही जापान में बिक्री पर है। ये दोनों मॉडल 2026 में सड़कों पर आ सकते हैं। इससे मारुति सुजुकी के पास 2026 तक तीन अलग-अलग प्रकार के हाइब्रिड पावरट्रेन होंगे: माइल्ड हाइब्रिड, इन-हाउस मजबूत हाइब्रिड और टोयोटा-सोर्स्ड हाइब्रिड सिस्टम।

### पेट्रोल इंजन के साथ पेश होगी

मारुति की हाई-एंड एसयूवी टोयोटा-सोर्स्ड स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड सिस्टम से पावर्ड होगी। कार निर्माता अपने नए हाइब्रिड सिस्टम को जेड12ई तीन-सिलेंडर पेट्रोल इंजन के साथ पेश करेगा जो वर्तमान में स्विफ्ट को पावर देता है. रिपोर्ट्स के अनुसार, आने वाली हाइब्रिड मारुति कारें 35 किमी प्रति लीटर से ज्यादा का माइलेज देंगी।

### मारुति की स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड तकनीक कैसे काम करेगी?

इंडो-जापानी ऑटोमेकर एक सीरीज हाइब्रिड सेटअप डिवेलप कर रहा है जो केवल एक जनरेटर या रेंज एक्सटेंडर के रूप में काम करता है। हाइब्रिड सिस्टम से जेनेरेट हुई बिजली सीधे एक इलेक्ट्रिक मोटर को पावर देगी जो पहियों को चलाएगी, जिससे यह सीरीज-पैरेलल सेटअप की तुलना में ज्यादा सिंपल कॉन्फ़िगरेशन बन जाएगी।

### स्विफ्ट हाइब्रिड

मारुति की सबसे ज्यादा बिकने वाली स्विफ्ट हैचबैक और ब्रेज़ा सबकॉम्पैक्ट एसयूवी भी नई सीरीज हाइब्रिड तकनीक से पावर्ड होंगी। नई जनरेशन की स्विफ्ट 2027 में हाइब्रिड होगी, जबकि अगली जनरेशन की ब्रेज़ा 2029 में मारुति सुजुकी की नई हाइब्रिड तकनीक के साथ डेब्यू करेगी। दोनों मॉडलों में बेहतर स्टाइलिंग और इंटीरियर होने की संभावना है।

## गवर्नर मल्होत्रा ने कहा, यह आरबीआई नियामक अधिकार के क्षेत्र में नहीं

# बैंक बचत खातों में न्यूनतम शेष राशि तय करने के लिए स्वतंत्र : आरबीआई गवर्नर

एजेंसी ▶▶| मेहसाणा (गुजरात)

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि बैंक बचत खातों में न्यूनतम शेष राशि तय करने के लिए स्वतंत्र हैं और यह आरबीआई के नियामक अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। वह गुजरात के मेहसाणा जिले के गोजरिया ग्राम पंचायत में वित्तीय समावेश पर आयोजित एक समारोह के दौरान बातचीत में यह बात कही।

एक निजी बैंक के बचत खातों के लिए जरूरी न्यूनतम शेष राशि बढ़ाने के बारे में पूछने पर मल्होत्रा ने कहा, 'आरबीआई ने न्यूनतम शेष राशि तय करने का निर्णय प्रत्येक बैंक पर छोड़ दिया है। कुछ बैंकों ने इसे 10,000 रुपये रखा है, कुछ ने 2,000 रुपये रखा है और कुछ ने (ग्राहकों को) इससे छूट दी है। यह (आरबीआई के) नियामक अधिकार क्षेत्र में नहीं है।'

### *आईसीआईसीआई ने न्यूनतम सीमा 50 हजार की*

*आईसीआईसीआई बैंक ने एक अगस्त से नए बचत खाते खोलने वालों के लिए न्यूनतम शेष राशि की सीमा बढ़ा दी है। बैंक की वेबसाइट के अनुसार, बचत बैंक खाते में न्यूनतम औसत मासिक शेष राशि (एमएबी) पांच गुना बढ़ाकर 10,000 रुपये से 50,000 रुपये कर दी गई है। यह राशि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पांच गुना बढ़ाकर क्रमश: 25,000 रुपये और 10,000 रुपये की गई है।*

- यदि डिजिटल साक्षरता नहीं तो आप प्रगति नहीं कर पाएगे
- आईसीआईसीआई ने नए बचत खाते खोलने न्यूनतम राशि बढ़ाई
- पीएमजनधन योजना खोलने का उद्देश्य




*11 साल पहले शुरू की गई थी जन धन योजना* आरबीआई गवर्नर ने कहा कि जो भी फैसले लिए जाएं, उनका फायदा समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना लगभग 10-11 साल पहले इसी उद्देश्य से शुरू की गई थी, ताकि सभी को बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच मिल सके।

### *एसबीआई न्यूनतम राशि न रखने पर दंडित नहीं करेगा*

*दूसरी ओर भारतीय स्टेट बैंक ने बचत खाताधारकों को न्यूनतम शेष राशि न रखने पर दंडित नहीं करने का फैसला किया है। मल्होत्रा ने कार्यक्रम में कहा कि नए युग में सफलता के लिए डिजिटल साक्षरता बहुत महत्वपूर्ण है।*

*बिना पढ़ाई के तरक्की नहीं :* *मल्होत्रा ने कहा, ''पहले कहा जाता था कि अगर आप पढ़ाई नहीं करेंगे, तो आप तरक्की नहीं कर पाएंगे। आज के युग में डिजिटल साक्षरता के लिए भी यही बात लागू होती है। अगर आपके पास डिजिटल साक्षरता नहीं है, तो आप प्रगति नहीं कर पाएंगे।''*

*जन धन खातों के लिए नियमित केवाईसी जरूरी* *बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) देवदत्त चंद ने इस कार्यक्रम में कहा कि जन-धन खातों के लिए 'अपने ग्राहक को जानें' (केवाईसी) को नियमित रूप से अद्यतन करना जरूरी है।*

### आईसीआईसीआई के न्यूनतम राशि बढ़ाने का विरोध

बैंकिंग हितधारकों की पैरोकारी करने वाली एक नागरिक संस्था ने वित्त मंत्रालय को पत्र लिखकर आईसीआईसीआई बैंक के बचत खातों में न्यूनतम जमा राशि बढ़ाने का विरोध किया है। नागरिक संस्था 'बैंक बचाओ देश बचाओ मंच' ने वित्त मंत्री को लिखे पत्र में आईसीआईसीआई बैंक के इस फैसले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। संगठन ने कहा कि ऐसा कदम सरकार के समावेशी बैंकिंग और विकास के दृष्टिकोण के लिए हानिकारक है।

### बैंक का फैसला अन्यायपूर्ण करार

वित्त सचिव को लिखे एक पत्र में 'बैंक बचाओ देश बचाओ मंच' ने निजी क्षेत्र के इस बैंक के फैसले को ''अन्यायपूर्ण और प्रतिगामी'' करार दिया। आईसीआईसीआई बैंक ने एक अगस्त या उसके बाद खोले गए नए बचत खातों के लिए न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता को पांच गुना बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया है।

### बैंकिंग सिद्धांत को कमजोर करेगा

आईसीआईसीआई बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एमएबी को पांच गुना बढ़ाकर क्रमश: 25,000 रुपये और 10,000 रुपये कर दिया गया है। नागरिक संस्था के संयुक्त संयोजक विश्वरंजन रे और सौम्य दत्ता ने दावा किया, ''यह प्रतिगामी निर्णय समावेशी बैंकिंग के सिद्धांत को कमजोर करता है।''



### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 3,900 करोड़ की पहली किस्त का राष्ट्रव्यापी डिजिटल हस्तांतरण

झुंझुनू (राजस्थान),। आज राजस्थान के झुंझुनू से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री फसलबीमा योजना (**PMFBY**) के अंतर्गत डीबीटी-आधारित दावा राशि का राष्ट्रव्यापी डिजिटल हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर, रबी 2024-25 एवं पूर्ववर्ती सीजनों की पहली किस्त के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण(**DBT**) के माध्यम से 35 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 3,900 करोड़ से अधिक की राशि सीधे भेजी गई। केवल राजस्थान के 9.70 लाख से अधिक किसानों को लगभग 1,426 करोड़ का भुगतान किया गया। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम झुंझुनू हवाई पट्टी पर आयोजित हुआ, जिसमें जिसमें झुंझुनू, सीकर, जयपुर, कोटपूतली-बहरोड़ सहित विभिन्न जिलों के लगभग 35,000 किसान शामिल हुए।

### नोकिया भारत में आरएंडडी केंद्र का करेगी विस्तार

**नई दिल्ली।** दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी नोकिया स्थानीय स्तर पर और अधिक लोगों को नियुक्त करके भारत में अपने अनुसंधान एवं विकास केंद्र का विस्तार करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। नोकिया इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक तरुण छाबड़ा ने एक सरकारी कार्यक्रम में कहा कि कंपनी 30 वर्षों से भारत के लिए प्रतिबद्ध है और स्थानीय स्तर पर लोगों को कुशल बनाने तथा उन्हें नियुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। छाबड़ा ने बीएसएनएल के एक कार्यक्रम में कहा, ''हम अपने अनुसंधान एवं विकास केंद्र में और लोगों को नियुक्त करने जा रहे हैं। लगभग 8,000 लोगों वाले अनुसंधान एवं विकास केंद्र के अलावा, भारत में हमारे पास लगभग 4,000 लोग हैं, जो वैश्विक सेवा संचालन का समर्थन कर रहे हैं। छाबड़ा ने कहा, ''जब मैं दुनिया भर के दूरसंचार परिचालकों से बात करता हूं, तो वे साइबर सुरक्षा को सबसे महत्वपूर्ण चीज मानते हैं।''

## विदेशी पूंजी की वापसी से शेयर बाजार में तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- सेंसेक्स 746 अंक उछला, निफ्टी भी बढ़त में,तेल, वाहन व बैंक के शेयरों में रही खरीदी

विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच तेल, वाहन एवं बैंक शेयरों में खरीदारी आने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में उछाल रही। बीएसई सेंसेक्स 746 अंक उछलकर 80,000 के ऊपर पहुंच गया जबकि एनएसई निफ्टी में 222 अंकों की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 746.29 अंक यानी 0.93 प्रतिशत बढ़कर 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 778.26 अंक बढ़कर 80,636.05 अंक पर पहुंच



गया था। निफ्टी भी 221.75 अंक यानी 0.91 प्रतिशत बढ़कर 24,585.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 26 कंपनियों में तेजी रही। टाटा मोटर्स, इटरनल, ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारती एयरटेल और मारुति के शेयरों में गिरावट रही। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"बाजार के तीन महीने के निचले स्तर पर आने के बाद राहत भरी तेजी देखी गई।

### दिल्ली ट्रांसको ने लोगों से हाई टेंशन लाइनों के पास पतंग न उड़ाने की अपील की

**नई दिल्ली।** पतंग उड़ाते समय लोगों को बिजली के प्रतिष्ठानों से दूर रहना चाहिए क्योंकि उनकी छोटी सी लापरवाही से बड़ी बहुत बड़े क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है तथा करंट लग सकता है और व्यक्ति की जान भी जा सकती है। प्रायः देखा गया है कि मानसून के मौसम में, खासकर स्वतंत्रता दिवस के आसपास, बड़ी संख्या में लोग पतंग उड़ाते हैं। ऐसा भी देखा गया है कि कई लोग पतंग को कटने से बचने के लिए लोग धातु कण लगे (धातु कण लेपित ) मांझे का उपयोग करते हैं । जब यह धातु लेपित मांझा बिजली के तारों के संपर्क में आता है तो यह ट्रिपिंग का कारण बनता है जिसके परिणामस्वरूप प्रभावित लाइन से आपूर्ति होने वाले क्षेत्र में ब्लैकआउट हो जाता है । कई बार ऐसा भी हुआ है कि पतंग उड़ाने वाले व्यक्ति को करंट लग जाता है और मौत भी हो जाती है। उच्च वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनें बहुत बड़े क्षेत्रों को बिजली आपूर्ति करती हैं। जब भी पतंगों के उलझने के कारण ट्रिपिंग होती है।



### केनरा बैंक एक प्रमुख राष्ट्रीयकृत बैंक है जिसकी भारत भर में 9800 से अधिक शाखाएं

**नई दिल्ली।** केनरा बैंक, एक प्रमुख राष्ट्रीयकृत बैंक है जिसकी भारत भर में 9800 से अधिक शाखाओं के साथ 11.76 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करते हुए मजबूत उपस्थिति है। बैंक के संस्थापक सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए, केनरा बैंक ने 08.08.2025 को द न्यू होली फैमिली हॉस्पिटल, नई दिल्ली को पाँच नवजात शिशु देखभाल प्रणालियों की खरीद के लिए 5,07,360/- रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री हरदीप सिंह अहलूवालिया ने होली फैमिली हॉस्पिटल के निदेशक श्री जॉर्ज पुनक्कट्टुथारा ऑगस्टाइन को यह स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक एवं दिल्ली मंडल प्रमुख श्री विक्रम दुग्गल, उप महाप्रबंधक श्रीमती विनी मालती डेविड बैपटिस्ट, उप महाप्रबंधक श्री संजीत कुमार, उप महाप्रबंधक आरओ दक्षिण दिल्ली उपस्थित थे।

## सोना रिकॉर्ड स्तर से 900 रुपए नीचे आया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोने में पांच दिनों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा। वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने के बीच स्टॉकिस्टों की बिकवाली से सोने की कीमत राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में रिकॉर्ड उच्च स्तर से 900 रुपये फिसलकर 1,02,520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 800 रुपये बढ़कर 1,03,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 900 रुपये की गिरावट के साथ 1,02,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर रहा। पिछले सत्र में यह 1,03,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। शुक्रवार तक पांच सत्रों में सोने की कीमतों में 5,800 रुपये प्रति



10 ग्राम तक की वृद्धि हुई है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बाजार के उत्साहजनक रुख के कारण पारंपरिक सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों की मांग कम होने से सोने में कमजोर रुख के साथ कारोबार शुरू हुआ। गांधी ने कहा, ''इसके अलावा, भू-राजनीतिक तनाव में कमी आई है। इसका कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सप्ताह अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए सहमत हुए हैं, ताकि रूस-यूक्रेन संघर्ष से जुड़े शांति प्रयासों पर चर्चा की जा सके।''

### मार्केट न्यूज

### लंदन की गलियों से भारत तक गूंजा, देशप्रेम दिविता जुनेजा का 'आई लव माय इंडिया' कर रहा है ट्रेंड




**मुंबई।** 12 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही साफ सुथरी पारिवारिक फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' का तीसरा और सबसे खास गाना 'आई लव माय इंडिया' आज भव्य अंदाज में जी म्यूजिक कंपनी पर रिलीज कर दिया गया है। गीत में एक भारतीय के दिल में बसी देशभक्ति और जड़ों से जुड़ेपन की भावना को बेहद खूबसूरती से दर्शाया गया है। इस जोशीले और दिल को छू जाने वाले गीत को स्वर दिए हैं लोकप्रिय गायक जावेद अली और सुरीली आवाज की मालकिन निखिता गांधी ने। संगीतकार तनिष्क बागची की रचना ने गाने को आधुनिकता और पारंपरिक भावनाओं का अद्भुत मेल बना दिया है। इस गाने की जान हैं फिल्म की मुख्य अदाकारा दिविता जुनेजा, जिनका अभिनय, अभिव्यक्ति और आंखों से बहता भाव आज दर्शकों के दिलों को छू रहा है। लंदन जैसे आधुनिक और विदेशी शहर की गलियों में जब दिविता भारत के लिए अपने प्रेम को व्यक्त करती हैं, तो हर भारतीय दर्शक उस भाव को अपनी आत्मा में महसूस करता है।

## राशिफल

**मेष** कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।


**धनु** व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।


### शब्द पहेली - 5956



**बाएँ से दाए**
1.अत्यावश्यक-6
5.कारागार,जेल-4
8.पानी,नीर-2
9.मीन,मत्स्य-3
10.लक्ष्मी,कमला-2
11.कलाकार,फनकार-4
12.मर्द,मादा का विलोम-2
14.हसरत,मुराद-4
15.कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17.भूमि,धरती-3
19.मतवासा,मदहोश-4
21.फिल्मी दुनिया-3,3
24.दुर्भाग्यशाली-5
27.ठोकर लगना,भिड़ना-4
29.दौंडी पीटना-3
31.सांप,सर्प-2
32.दाल-4
33.हूर,अप्सरा-2
35.गाड़ी चलाने वाला-4
36.पिता का छोटा भाई-2
38.पुत्र,बेटा-3
39.टौंटी,नलका-2
40.ललचाना,तड़फाना-4
41.टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1.ईश्वर,अनश्वर-3,3
2.तेलहन-2
3.सुखद वस्तु, वर देना-4
4.करधनी,कमर पेटी-5
5.गलीचा-3
6.दिन-2
7.समस्या का हल-4
11.धरोहर,थाती-4
13.मिट्टी,धूल-2
16.चमकना-4
18.वायुसेना का एक विमान-3
19.इतराना-4
20.परत-2
22.जाप करना-3
23.किवाड़,द्वार-2
25.उदाहरणतः-4
26.परवरिश-3,3
28.राग छेड़ना-5
29.भेंट,मेल-मिलाप-4
30.दिया,दीपक-2
32.औषधालय, दवाखाना-4
34.खाली होना-3
37.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.नया,नवीन-2

### शब्द पहेली - 5955 का हल





# वनडे सीरीज : वेस्टइंडीज ने लिया बदला, पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

एजेंसी ▶▶| तारूबा (त्रिनिदाद और टोबैगो)

- जेडन सील्स ने सात ओवरों में 23 रन देकर तीन विकेट लिए
- चेज ने 2 छक्कों और एक विजयी चौके की मदद से बनाए नाबाद 49 रन

रोस्टन चेज और जस्टिन ग्रीव्स की उपयोगी पारियों की मदद से वेस्टइंडीज ने बारिश से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 10 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 37 ओवर में सात विकेट पर 171 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने सात ओवरों में 23 रन देकर तीन विकेट लिए। बारिश के व्यवधान के कारण वेस्टइंडीज के सामने डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 35 ओवर में 181 रन बनाने का लक्ष्य रखा गया। चेज ने 47 गेंदों पर दो छक्कों और एक विजयी चौके की मदद से नाबाद 49 रन बनाए, जिससे वेस्टइंडीज 33.2 ओवर में पांच विकेट पर 184 रन बनाकर जीत हासिल करने में सफल रहा।



### चेज और ग्रीव्स ने की 77 रन की अटूट साझेदारी

त्रिनिदाद और टोबैगो के तारूबा स्थित ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मैच में वेस्टइंडीज का स्कोर 18 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन था, जो 24 ओवर में पांच विकेट पर 111 रन हो गया। इसमें शेरफेन रदरफोर्ड का विकेट भी शामिल था, जिन्होंने 33 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से 45 रन बनाए। चेज और ग्रीव्स (31 गेंदों पर 26 रन) ने छठे विकेट के लिए 77 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हसन नवाज ने एक बार फिर पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 30 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाए। उन्होंने पहले वनडे में नाबाद 63 रन बनाए थे। हसन की रविवार की पारी में तीन छक्के शामिल थे। इनमें से दो छक्के उस ओवर में लगे जो बारिश के बाद पाकिस्तान की पारी का आखिरी ओवर साबित हुआ। हुसैन तलत ने 32 गेंदों पर 31 रन बनाए। पाकिस्तान के अधिकतर बल्लेबाजों में धीमी बल्लेबाजी की। इनमें कप्तान मोहम्मद रिजवान भी शामिल थे, जिन्होंने 38 गेंद पर 16 रन बनाए।



### अंतिम मैच आज

पाकिस्तान ने शुक्रवार को पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया था। तीसरा और अंतिम मैच मंगलवार को इसी स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तान ने इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ फ्लोरिडा में खेली गई पिछली टी-20 श्रृंखला 2-1 से जीती थी।

## खबर संक्षेप




### लंदन चैंपियनशिपः संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रहीं दीक्षा

**लंदन।** भारत की दीक्षा डागर सेंचुरियन क्लब में चल रही पीआईएफ लंदन चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रहीं। दीक्षा ने शुरुआती नौ होल में तीन बर्डी के साथ अच्छी शुरुआत की लेकिन इसके बाद वह 11वें से 14वें होल के बीच तीन बोगी कर गईं, जिससे उन्होंने पार स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर तीन अंडर 216 रहा। दीक्षा लेडीज यूरोपीय टूर की ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12वें स्थान पर हैं। अदिति अशोक (72) पार के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 34वें जबकि प्रणवी उर्स (75) दो ओवर के कुल स्कोर से 44वें स्थान पर रहीं। जर्मनी की लॉरा फन्फस्टक ने कुल 10 अंडर के स्कोर के साथ एक शॉट से खिताब जीता।

### मिड-अमेच्योर' चैंपियनशिप में भाग लेंगे चार भारतीय

**तांगेरांग (इंडोनेशिया)।** भारतीय गोल्फ यूनियन (आईजीयू) ने एशिया-प्रशांत गोल्फ परिसंघ (एपीजीसी) और इंडोनेशिया गोल्फ संघ की ओर से आयोजित पहली 'मिड-अमेच्योर' चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए चार सदस्यीय टीम भेजी है। मिड-अमेच्योर गोल्फ प्रतियोगिताओं में आम तौर पर ऐसे खिलाड़ी भाग लेते हैं, जो एक आयु सीमा (ज्यादातर देशों में 25 साल) को पार करने के बाद भी अमेच्योर गोल्फ में खेलते हैं। आईजीयू के मौजूदा अखिल भारतीय 'मिड-अमेच्योर' चैंपियन रणजीत सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय टीम में अर्जुन सिंह, सिमरजीत सिंह और कर्नल वरुण परमार शामिल हैं। यह टीम 12 से 14 अगस्त तक गाडिंग राया गोल्फ क्लब में इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस ट्रॉफी के लिए 20 देशों के कुल 80 गोल्फर मुकाबला करेंगे।



### जूनियर हॉकी राष्ट्रीय में 30 टीमें लेंगी हिस्सा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 30 टीमें भाग लेंगी, जो मंगलवार से जालंधर में नए डिवीजन आधारित प्रारुप में खेली जाएगी। नया प्रारुप इस वर्ष के शुरू में सीनियर और सब जूनियर पुरुष, महिला तथा जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पहले ही लागू किया जा चुका है। भाग लेने वाली 30 टीमों को डिवीजन 'ए', डिवीजन 'बी' और डिवीजन 'सी' में विभाजित किया गया है। इसमें अपने से शीर्ष डिवीजन में जगह बनाने और निचले डिवीजन में खिसकने का प्रावधान है। डिवीजन 'ए' में देश की 12 सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष टीमें शामिल हैं। इनमें गत विजेता पंजाब, उपविजेता उत्तर प्रदेश और तीसरे स्थान पर रहने वाली हरियाणा भी शामिल हैं। इस डिवीजन के पूल मैच 16 अगस्त से शुरू होंगे, जिसके बाद 20 से 23 अगस्त तक क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे।



### भारतीय टीम के ऐलान से पहले नेशनल क्रिकेट एकेडमी करेगा परीक्षण

# एशिया कप 2025ः हार्दिक देंगे फिटनेस टेस्ट एनसीए में 1 सप्ताह और रहेंगे सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया कप के लिए भारतीय टीम के ऐलान से पहले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में फिटनेस टेस्ट देंगे। इसके अलावा भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव हार्निया की सर्जरी करने के बाद पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। वह एनसीए में 1 हफ्ता और गुजारेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार हार्दिक पंड्या का 11 और 12 अगस्त को रुटीन फिटनेस परीक्षण होगा। हार्दिक जुलाई के मध्य से मुंबई में ट्रेनिंग कर रहे हैं। 31 साल के इस खिलाड़ी ने भारत के टी20 वर्ल्ड कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने में अहम भूमिका निभाई। पंड्या ने हाल के समय में व्हाइट बॉल में अच्छा प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम को उनसे एशिया कप में भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी।



### श्रेयस को मिलेगा मौका ?

पंड्या से पहले मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने 27 से 29 जुलाई के बीच अपना फिटनेस टेस्ट दिया था। दिसंबर 2023 से भारत के लिए टी20 नहीं खेले श्रेयस ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स को 2024 में चैंपियन बनाया। एक साल बाद पंजाब किंग्स को आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंचाया। यह देखना दिलचस्प होगा कि चयनकर्ता श्रेयस को मौका देते हैं या नहीं।



### पूरी तरह से नहीं उबरे यादव

इस बीच भारतीय टीम के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव जून में जर्मनी के म्यूनिख में हुई स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी से अभी तक पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। जानकारी के अनुसार सूर्या को फिजियो और मेडिकल टीम की निगरानी में पूरी तरह से फिट होने के लिए एनसीए में एक और हफ्ता बिताना होगा। कुछ दिन पहले सूर्यकुमार ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे एनसीए में बल्लेबाजी का अभ्यास करते हुए दिखे थे।

### आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के लिए हम प्रतिबद्ध : हरमनप्रीत



**मुंबई।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी टीम मिथक तोड़कर अगले महीने शुरू हो रहे एकदिवसीय महिला विश्व कप में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अभी तक कोई विश्व खिताब नहीं जीत पाई है हालांकि कुछ अवसरों पर वह इसके करीब पहुंची थी। इसमें 2017 में इंग्लैंड में खेला गया वनडे विश्व कप भी शामिल है, जिसमें भारत उपविजेता रहा था। हरमनप्रीत ने कहा, 'हम उस मिथक को तोड़ना चाहते हैं, जिसका सभी भारतीय इंतजार कर रहे हैं। विश्व कप हमेशा खास होता है। मैं हमेशा अपने देश के लिए कुछ खास करना चाहती हूं। जब भी मैं युवी भैया (युवराज सिंह) को देखती हूं तो मुझे काफी प्रेरणा मिलती है।' इस अवसर पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह, पूर्व कप्तान मिताली राज और हरमनप्रीत की टीम की साथी स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स भी उपस्थित थे। भारतीय टीम का हाल में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। उसने इंग्लैंड दौरे में टी20 और वनडे श्रृंखला जीती थी। वह 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले 14 सितंबर से खिताब की प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच की घरेलू श्रृंखला खेलेगी और हरमनप्रीत ने कहा कि इससे उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा।

### आईसीसी वनडे रैंकिंग

## भारतीय टीम पहले नंबर पर काबिज, पाक को नुकसान



एजेंसी ▶▶| दुबई

पाकिस्तानी टीम को आईसीसी रैंकिंग में जबरदस्त नुकसान उठाना पड़ा है। टीम की हालत काफी खराब नजर आ रही है। आईसीसी की वनडे रैंकिंग की बात करें तो इस वक्त भारतीय क्रिकेट टीम पहले नंबर पर है। टीम इंडिया की रेटिंग 124 की है। दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड है और तीसरे पर ऑस्ट्रेलियाई टीम का कब्जा बना हुआ है। इस बीच बात अगर चौथे नंबर की करें तो इस पर पहले पाकिस्तानी टीम हुआ करती थी, जो अब नहीं है। अब नंबर चार पर श्रीलंका की टीम पहुंच गई है। दरअसल खुद श्रीलंका ने तो ऐसा कुछ नहीं किया, जिससे उसे एक पायदान का फायदा मिला हो, पाकिस्तानी टीम वेस्टइंडीज से मैच हार गई है, इसलिए उसे एक स्थान का नुकसान हुआ है।

### पाकिस्तानी टीम नंबर पांच पर पहुंची

पाकिस्तानी टीम अभी तक चौथे नंबर पर मौजूद थी, लेकिन अब टीम नंबर पांच पर जा पहुंची है। श्रीलंका की रेटिंग जहां एक ओर 103 की है, वहीं पाकिस्तान की रेटिंग 102 की हो गई है। हालांकि पाकिस्तान के अब यहां से और नीचे जाने की संभावना काफी कम है, क्योंकि नंबर छह पर साउथ अफ्रीका की टीम है, जिसकी रेटिंग 96 की है।

### वेस्टइंडीज को एक स्थान का फायदा

*वेस्टइंडीज बनाम पाकिस्तान सीरीज का तीसरा मुकाबला अभी बाकी है। इसी मैच के परिणाम से तय होगा कि सीरीज पर कौन सी टीम कब्जा जमाएगी। इस बीच वेस्टइंडीज ने सीरीज का दूसरा मैच अपने नाम किया है, इसलिए उसे फायदा मिलता हुआ दिख रहा है। वेस्टइंडीज की टीम अब एक स्थान की छलांग के साथ नंबर 10 पर जा पहुंची है, जो इससे पहले 11वें स्थान पर हुआ करती थी। बांग्लादेश की टीम नंबर 11 पर चली गई है। आईसीसी ने आखिरी बार इस रैंकिंग को 10 अगस्त तक अपडेट किया है। अब देखना है कि सीरीज जब समाप्त होगी तो रैंकिंग पर क्या असर दिखाई देता है।*

### फुटबॉल

## कम्युनिटी शील्ड पर क्रिस्टल पैलेस का कब्जा, लिवरपूल को हराया



एजेंसी ▶▶| लंदन


क्रिस्टल पैलेस ने इस सत्र में अपना स्वप्निल अभियान जारी रखा और प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल को हराकर वेंबली में एक और उलटफेर करते हुए कम्युनिटी शील्ड फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। मई में एफए कप फाइनल में मैनचेस्टर सिटी को उलटफेर का शिकार बनाने के बाद पैलेस ने एक बार फिर कुछ विषम परिस्थितियों से पार पाकर मैच 2-2 से ड्रॉ होने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत हासिल की। पैलेस की इस जीत के नायक गोलकीपर डीन हेंडरसन रहे। उन्होंने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाई। हेंडरसन ने मैच के बाद कहा, 'यह अविश्वसनीय है। लिवरपूल जीत का प्रबल दावेदार था।

### राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता गगनदीप को डोपिंग मामले में मिली तीन साल की सजा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय खेलों में चक्का फेंक के स्वर्ण पदक विजेता गगनदीप सिंह सहित कई खिलाड़ियों को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इन खिलाड़यों ने डोपिंग का आरोप लगने के 20 दिनों के अंदर अपना अपराध स्वीकार कर लिया था, जिसके कारण उनकी सजा चार साल के बजाय तीन साल कर दी गई। सेना का प्रतिनिधित्व करने वाले गगनदीप ने 12 फरवरी को उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की चक्का फेंक में 55.01 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद वह डोपिंग जांच में पॉजिटिव पाये गये। उनके नमूने में 'टेस्टोस्टेरोन मेटाबोलाइट्स' की पुष्टि होने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। इस 30 साल के खिलाड़ी की प्रतिबंध अवधि की शुरुआत 19 फरवरी 2025 से होगी। खिलाड़ी के पहले अपराध के लिए अधिकतम प्रतिबंध की अवधि चार साल है, लेकिन नाडा नियमों के अनुच्छेद 10.8 (परिणाम प्रबंधन समझौता) के तहत अगर खिलाड़ी अपने अपराध को जल्दी स्वीकार कर लेता है तो उसकी सजा कम हो सकती है। गगनदीन से राष्ट्रीय खेलों का पदक वापस ले लिया जायेगा।

### अमेरिकी जिम्नास्टिक चैंपियनशिप...



**न्यू ऑरलियन्स।** अमेरिकी जिम्नास्टिक चैंपियनशिप के सीनियर महिला फाइनल के बाद ओवरऑल स्वर्ण पदक विजेता हेजली रिवेरा (बीच में), फ्लोरिडा विश्वविद्यालय की रजत पदक विजेता लीन वोंग (बाएं) और वर्ल्ड चैंपियंस सेंटर की कांस्य पदक विजेता जोसलीन रॉबर्सन (दाएं) पोडियम में खुशी मनाती हुईं।

### रीतिका ने जीता स्वर्ण, भारत एशियाई अंडर 22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहा

**बैंकॉक।** रीतिका ने महिलाओं के 80+ किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया जिससे भारत ने सोमवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप अंडर -22 वर्ग के पदक तालिका में अपना अभियान चौथे स्थान पर खत्म किया। भारतीय अंडर-22 टीम ने कुल 13 पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया, जबकि अंडर-19 मुक्केबाजों ने कुल 14 पदक (तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य) के साथ तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के आखिरी दिन पांच भारतीय मुक्केबाजों में से सिर्फ रीतिका ही भारत को स्वर्ण पदक दिला सकी। वह रक्षण और आक्रमण के शानदार तालमेल से कजाखस्तान की मुक्केबाज असेल तोकतास्यन को मात देकर अंडर-22 वर्ग में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाने में सफल रही। यात्री पटेल को महिला 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान की खुमोराबोनू मामाजोनोवा से हारकर रजत से संतोष करना पड़ा, जबकि 60 किग्रा के फाइनल में चीन की यू तियान को जोरदार टक्कर देने के बावजूद प्रिया को 2-3 के मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा। नीरज को पुरुष 75 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान के शावकतजोन बोल्टायेव से हार का सामना करना पड़ा।

### चेन्नई ग्रैंड मास्टर 2025ः अर्जुन के अजेय अभियान पर रोक

# सरीन की पहली जीत, बड़ा उलटफेर करते हुए एरिगैसी को हराया

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

निहाल सरीन ने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज करते हुए बड़ा उलटफेर कर दिया। उन्होंने चौथे राउंड में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को हराकर उनके अजेय अभियान पर रोक लगा दी। वहीं, जर्मन ग्रैंडमास्टर विंसेंट केमर ने डच स्टार अनीश गिरी से ड्रॉ खेलते हुए चार मैचों की अजेय लय बरकरार रखी। अंकतालिका में उनकी बढ़त कायम है।

चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2025 का ये तीसरा सीजन है, जिसे भारत का सबसे मजबूत क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट माना जाता है। एमजीडी-1 की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट में मास्टर्स और चैलेंजर्स नाम से दो 10-खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन वर्ग शामिल हैं, जिसे 9 राउंड में 10 दिनों तक खेला जाएगा।

### जर्मन ग्रैंडमास्टर विंसेंट केमर की विजयी लय बरकरार



### मास्टर्स विजेता को मिलेंगे 25 लाख रुपए

*कुल एक करोड़ रुपए की इनामी राशि में मास्टर्स विजेता को 25 लाख रुपए, चैलेंजर्स विजेता को 7 लाख रुपए और 2026 मास्टर्स में सीधी जगह मिलेगी। इसके अलावा टूर्नामेंट मास्टर्स विजेता को 2026 कैंडिड्स क्वालिफिकेशन के लिए 24.5 फिडे सर्किट अंक भी मिलेंगे। निहाल की अर्जुन एरिगैसी पर जीत एक तनावपूर्ण और रणनीतिक मुकाबले के बाद आई, जिसकी शुरुआत रेती ओपनिंग से हुई थी, जहां अर्जुन ने अपने हमवतन के सेटअप की नकल की। शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद कमेंट्री बॉक्स में मौजूद थे, जो फैंस को एक अनोख लाइव अनुभव दे रहे थे। खेल धीमी गति से आगे बढ़ा और 15वीं चाल पर अर्जुन ने पहला मोहरा अपने नाम किया। वहीं निहाल को बढ़त बनाने का मौका मिला और उन्होंने 70वी चाल पर जीत दर्ज कर 2025 सीजन में अपनी पहली सफलता हासिल की। इसी बीच मुरली कार्तिकेयन ने भी प्रभावित किया। वह जॉर्डन वैन फॉरेस्ट को हराकर अंकतालिका में ऊपर चढ़ गए।*

## समुद्र तटों की रक्षा बढ़ा रहा भारत

# कई नए निगरानी उपकरणों की तैनाती करेगा इंडियन कोस्ट गार्ड

**आईसीजी के पास इस समय करीब 205 जहाज हैं। इनके अलावा अलग-अलग साइज के समुद्री वाहन और 78 विमान भी इसके बेड़े में शामिल हैं। आईसीजी ने जिस तरह से समुद्री हादसों से निपटने में चुनौती भरे अभियानों को अंजाम दिया है, वह इसकी बढ़ती क्षमता का प्रतीक है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) समुद्र तटों की रक्षा के लिए कई तरह के निगरानी उपकरणों की तैनाती की तैयारी में है।

इसमें रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए) और अनमैन्ड एरियल व्हीकल (यूएवी) शामिल हैं। इनकी सहायता से तट रक्षक बल समुद्री तटों की निगरानी कर सकेगा और खुफिया जानकारी जुटा सकेगा। यह जानकारी इंडियन कोस्ट गार्ड के डायरेक्टर जनरल परमेश शिवमणि ने दी है। रविवार को रक्षा मंत्रालय ने एक रिकॉर्डेड पोडकास्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि कोस्टल सर्विलांस नेटवर्क प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है और इस साल के अंत तक यह ऑपरेशनल हो जाएगा।

*आरपीए और यूएवी से होगी निगरानी, 78 विमान भी*

*कोस्टल सर्विलांस नेटवर्क प्रोजेक्ट पर चल रहा काम*



### क्षमता में बढ़ोतरी कर रहे

*आईसीजी के डीजी परमेश शिवमणि ने जो कुछ कहा है, उसके अनुसार यह अपनी क्षमता लगातार बढ़ाने की कोशिशों में जुटा है और इसी के तहत अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस जहाजों को इसके बेड़े में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि कोस्ट गार्ड तटों की निगरानी बढ़ाने, टोह लेने और खुफिया जानकारी जुटाने के लिए रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए) और अनमैन्ड एरियल व्हीकल (यूएवी) शामिल करने की भी तैयारी में है। उन्होंने कहा, आईसीजी कोस्टल सर्विलांस नेटवर्क फेज-1 में अभी 46 रडार स्टेशन पूरी तरह से संचालित हैं। फेज-2, जिसपर काम चल रहा है,उसमें 38 स्टेशन हैं, और यह इस साल के अंत तक काम करने लगेंगे।*

### आईसीजी के पास हैं 205 जहाज

*आईसीजी के पास इस समय करीब 205 जहाज हैं। इनके अलावा अलग-अलग साइज के समुद्री वाहन और 78 विमान भी इसके बेड़े में शामिल हैं। हाल के दिनों में आईसीजी ने जिस तरह से समुद्री हादसों से निपटने में चुनौती भरे अभियानों को अंजाम दिया है, वह भी इसकी बढ़ती क्षमता का प्रतीक है। इसमें सिंगापुर का व्यापारिक जहाज एमवी वैन हैई 503 और लाइबेरियाई कंटेनर जहाज एमएससी एल्सा 3 शामिल हैं। पहले में भारतीय समुद्र क्षेत्र में आग लग गई थी और दूसरा कोच्चि तट पर डूब रहा था। दोनों में कोस्ट गार्ड ने शानदार राहत और बचाव अभियान को अंजाम दिया।*

### महत्वपूर्ण तटों पर 14 हुवरक्राफ्ट तैनात

*भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक के अनुसार उनके पास इस समय 14 हुवरक्राफ्ट हैं, जो रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण भारतीय तटों पर तैनात किए गए हैं। ये एक ऐसे तटीय वाहन होते हैं, जो पानी, जमीन, कीचड़ और यहां तक कि बर्फीली सतहों पर भी चल सकते हैं। इन्हें एयर कुशन वाहन (एसीवी) भी कहा जाता है, क्योंकि यह अपने नीचे हवा का कुशन बनाकर चलते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास कई स्टेशन और जिला मुख्यालय हैं, जो तटों पर रणनीतिक तौर पर स्थापित किए गए हैं।*

### जुलाई में लॉन्च हुए दो अत्याधुनिक जहाज

कोस्ट गार्ड चीफ के अनुसार जब तटों पर जहाजों की तैनाती की जाती है तो यही स्टेशन उन्हें समुद्र में लंबे समय तक टिके रहने में सहायता करते हैं। मतलब, ईंधन, राशन, पानी अन्य चीजों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए कोस्ट गार्ड स्टेशनों की भूमिका अहम होती है। मतलब, इससे जहाजों को समुद्र में लगातार चौकसी बनाए रखने में मदद मिलती है। कुछ समय पहले भारतीय तटरक्षक बल ने कुछ ने नए जहाज लॉन्च किए हैं, इनमें 'अटल' और 'समुद्र प्रचेत' शामिल हैं। 'अटल' आठ आधुनिक जहाजों की श्रृंखला में छठा है। यह जहाज भारत में ही बनाया गया है। वहीं 'समुद्र प्रचेत' दूसरा प्रदूषण नियंत्रण जहाज है। इसे भी गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने बनाया है। यह जहाज तेल रिसाव की स्थिति में मदद करेगा। इसे भी जुलाई में लॉन्च किया गया है।

## खबर संक्षेप

### समलैंगिक जोड़े को 80 कोड़े मारने की सजा

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के रूढ़िवादी अकेह प्रांत में एक शरिया अदालत ने समलैंगिक जोड़े को



सार्वजनिक तौर पर कोड़े मारने की सजा सुनाई। सजा के तहत दोनों पुरुषों को यौन कृत्य में शामिल होने के लिए 80-80 कोड़े मारे जाएंगे। अकेह में शरिया कानून लागू है और समलैंगिक संबंधों की इजाजत नहीं है। अकेह की इस्लामी धार्मिक पुलिस ने आरोपी जोड़े को यौन कृत्य करते हुए पकड़ा और अब शरिया अदालत ने दोनों को सजा सुनाई है।

### फिलिस्तीन को मान्यता देगा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया भी फिलिस्तीन को



मान्यता देगा। आगामी सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के अधिवेशन के दौरान इसका औपचारिक ऐलान किया जाएगा। अल्बानीज ने कहा कि फिलिस्तीन में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी और साथ ही गाजा का विसैन्यीकरण होगा और वहां चुनाव भी कराए जाएंगे। बता दें, 193 में से 150 देश फिलिस्तीन को मान्यता दे चुके हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की शर्मनाक हरकत

# इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों का पानी, गैस, अखबार बंद किया?

*आईएआई के इशारे पर किया जा रहा परेशान*

*इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों के लिए अखबार, गैस और साफ पानी जैसी सुविधाओं पर रोक लगाई जा रही है। कहा जा रहा है कि पाकिस्तान की राजधानी में काम कर रहे भारतीय राजनयिकों के काम और जीवन को मुश्किल बनाने के लिए ये फैसले लिए जा रहे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जख्म खाया पाकिस्तान अब फिर तनाव बढ़ाने वाले कदम उठा रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट के हवाले से खबर है कि इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों के लिए अखबार, गैस और साफ पानी जैसी सुविधाओं पर रोक लगाई जा रही है।

हालांकि, इसे लेकर सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। कहा जा रहा है कि पाकिस्तान की राजधानी में काम कर रहे भारतीय राजनयिकों के काम और जीवन को मुश्किल बनाने के लिए ये फैसले लिए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में शीर्ष सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के इशारों पर राजनयिकों को परेशान किया जा रहा है।

### खास बातें

- पाकिस्तानी के ये फैसले वियना कन्वेंशन का उल्लंघन करते
- जानबूझकर पानी और गैस की सप्लाई को रोका जा रहा
- गैस सिलेंडर देने से मना

### अधिक रुपये देकर भी बमुश्किल गैस सिलेंडर मिल रहा



*रिपोर्ट के अनुसार, सुई नॉर्दर्न गैस पाइपलाइन लिमिटेड (एसएनजीपीएल) भारतीय उच्चायोग परिसर में पहले से ही गैस पाइपलाइन लगा रखी है। हालांकि, इसके जरिए गैस की आपूर्ति जानबूझकर रोक दी गई है। इस कारण भारतीय राजनयिकों और उनके परिवारों को बाजार से महंगी कीमत पर गैस खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अधिक पैसे चुकाने के बावजूद भी गैस सिलेंडर हासिल करने में उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।*

### सप्लायर को पानी देने से रोका

रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय मिशन की तरफ से जिस सप्लायर को साफ पानी का ठेका दिया गया है, उसे भी डिलीवरी देने से रोका जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसके चलते स्टाफ परेशान है, क्योंकि नल का पानी बगैर फिल्टर किए पीने के लिए सुरक्षित नहीं है।

### भारतीय राजनयिकों की निगरानी भी की जा रही

पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा भारतीय राजनयिकों की निगरानी भी की जा रही है। इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों के आवासों और कार्यालयों में अनधिकृत प्रवेश की घटनाएं सामने आई हैं। ये घटनाएं वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस का स्पष्ट उल्लंघन हैं, जो राजनयिकों और दूतावास के कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान की गारंटी देता है। इन कार्रवाइयों को राजनयिक कर्मचारियों को डराने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

### प्रिंट मीडिया से दूर रखा

*पाकिस्तान ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग और भारतीय राजनयिकों के आवासों में समाचार पत्रों की डिलीवरी रोक दी है। जवाबी कार्रवाई में भारत ने नई दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को समाचार पत्रों की आपूर्ति बंद कर दी है। इससे पहले 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में इंडियन आर्मी की सर्जिकल स्ट्राइक के बाद भी इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों को इसी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा था।*

## आतंकवाद के खिलाफ अभियान जारी

# किश्तवाड़ में मुठभेड़, सेना ने आतंकियों को घेरा, एक घायल



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के डुल इलाके में आतंकियों के खिलाफ सेना का अभियान दूसरे दिन भी जारी है। इलाके में एक गुफा में छिपे आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया है, और मुठभेड़ जारी है। लगातार गोलीबारी और धमाकों की आवाजें सुनाई दे रही हैं, जिससे इलाके में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। यह संयुक्त ऑपरेशन भारतीय सेना की 17 राष्ट्रीय राइफल्स, 2 पैरा स्पेशल फोर्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) द्वारा चलाया जा रहा है। अब तक की जानकारी के अनुसार, दो स्थानीय आतंकवादी घिरे हुए हैं, जो पिछले आठ वर्षों से इस इलाके में सक्रिय थे।

### पहले हुई मुठभेड़ में भाग निकले थे

*सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ में एक आतंकी जिसकी पहचान रियाज के रूप में की जा रही है उसकी घायल होने की आशंका है, लेकिन इसकी अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि यही दोनों आतंकी इससे पहले 20 जुलाई को चेर्जी के हडल गल जंगल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ के दौरान भाग निकले थे। इस बार सुरक्षाबलों ने इलाके को चारों ओर से घेर कर किसी भी भागने की संभावना को खत्म कर दिया है। सेना और सुरक्षा एजेंसियों का अभियान पूरी सतर्कता और रणनीति के साथ जारी है।*

### रविवार को शुरू हुई थी मुठभेड़

आपको बता दें कि एक दिन पहले रविवार को किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। डुल क्षेत्र में सेना के जवानों ने आतंकियों को घेरा था। इलाके में गोलीबारी की आवाज सुनाई दे रही थी। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि भारतीय सेना के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के डुल इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। गोलीबारी जारी है।

*नेताला के पास भूस्खलन*

# उत्तरकाशी-गंगनानी मार्ग अवरुद्ध, घंटों यातायात बाधित, सड़क साफ की जा रही

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तरकाशी से गंगनानी जाने वाले मार्ग पर नेताला के पास बड़ा भूस्खलन हुआ, जिससे वाहनों की आवाजाही बुरी तरह बाधित हुई। सुबह हुए भूस्खलन के कारण सड़क पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई है, जिससे गंगनानी क्षेत्र तक पहुंच बंद हो गई है। पहाड़ से मलबा और कीचड़ सड़क पर गिर गया, जिससे रास्ता पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया। मलबा हटाने और यातायात बहाल करने के लिए जेसीबी समेत भारी मशीनरी तैनात की गई है। सड़क को साफ करने का प्रयास जारी है।

### धराली में 42 लापता, बचाव कार्य जारी



नेताला के पास मलबा हटाया जा रहा

उत्तरकाशी जिले के धराली में आई भीषण आपदा के एक सप्ताह बाद लापता लोगों का आंकड़ा बढ़ गया है। प्रशासन ने 42 लोगों के लापता होने की पुष्टि की है, जबकि एक लापता का शव बरामद हुआ है। वहीं धराली में खोज और बचाव कार्य लगातार सातवें दिन भी जारी हैं। रविवार को भारी बारिश के चलते बचाव कार्य मुश्किल हो गया, खासकर धराली में, जहां सूखी मिट्टी दलदल में बदल गई है, जिससे बचाव दल को पहुंचने में परेशानी हो रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि अब तक 1,308 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रुद्रप्रयाग के जवाड़ी बाईपास में भीषण भूस्खलन, मलबा हटाने में जुटी टीमें

*रुद्रप्रयाग स्थित गुलाबराय जवाड़ी बाईपास पर रविवार को अचानक आए भूस्खलन ने यातायात को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया है। इस हादसे के चलते वाहनों की आवाजाही बंद हो जाने से स्थानीय लोग और यात्रियों को लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। पुलिस ने गुलाबराय चेकपोस्ट व जागतोली पर यात्रियों को मार्ग बंद होने की जानकारी दी है, और सुरक्षा के मद्देनजर वैकल्पिक मार्गों से मार्गदर्शन कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों ओर से मलबा हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जिसमें मशीनों तथा आपदा प्रबंधन टीमों की मदद ली जा रही है। मार्ग को खोलने के लिए सोमवार देर शाम तक प्रयास जारी रहने की जानकारी दी गई है।*

## भारत-ताइवान को लेकर भड़का चीन

# बीजिंग से संबंधों को मजबूत करे नई दिल्ली, ताइवान से नहीं कोई फायदा

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीनी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने ताइवान के साथ संबंधों को लेकर भारत को धमकी दी है। एक लेख में कहा है कि ताइवान के मुद्दे को तुल देने से भारत को कोई फायदा नहीं होने वाला है। ग्लोबल टाइम्स ने भारत को चीन के साथ संबंधों को सुधारने पर भी जोर दिया है। कई विशेषज्ञों ने बिना चीन को भड़काए भारत-ताइवान संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया है।

ग्लोबल टाइम्स का दावा है कि यह विचार नया नहीं है। इस तरह के सुझाव पहले भी दिए जा चुके हैं। उसने दावा किया कि बीजिंग के लिए परेशानी पैदा करने के लिए



ताइवान के मुद्दे को उलझाने का प्रयास एक खराब रणनीति है, जो कभी सफल नहीं होगी। ऐसा दृष्टिकोण केवल भारत की वैश्विक विश्वसनीयता को कमजोर करेगा और यह धारणा बनाएगा कि चीन के साथ अपने संबंधों को प्रबंधित करने की भारत की रणनीति अपर्याप्त है। कहा कि चीन कभी भी भारत के आंतरिक मामलों का फायदा नहीं उठाता है।




## एलएसी विवाद के बाद चीन की नई खुरपेंच...

*चीन की इस महत्वाकांक्षी रेल परियोजना पर मौजूदा साल 2025 से ही काम शुरू होने की है उम्मीद*

# शिनजियांग को तिब्बत से जोड़ने वाला रेल लिंक अक्साई चिन में एलएसी से होकर गुजरेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति की टैरिफ की चुनौती और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए की जाने वाली प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा से ठीक पहले ड्रैगन ने भारत के साथ अपने संबंधों को सामान्य बनाने की सार्वजनिक तौर पर जो नुमाइश की थी। अब उसके हालिया कदम से इसमें 360 डिग्री बदलाव होता हुआ नजर आ रहा है। ताजा मामला चीन की शिनजियांग को तिब्बत को जोड़ने वाली रेल परियोजना से जुड़ा हुआ है। जिस पर इसी साल से निर्माण कार्य की शुरुआत होने की संभावना है। यह जानकारी हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के हवाले से सामने आई है। उधर, भारत के लिए पड़ोसी प्रतिद्वंदी देश का यह निर्माण कार्य सुरक्षा के दृष्टिकोण से इसलिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है। क्योंकि इसका एक भाग पूर्वी लद्दाख के क्षेत्र में पड़ने वाले अक्साई चिन में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब से होकर गुजरेगा। यहां बता दें कि वर्ष 2020 के मध्य में पूर्वी लद्दाख में एलएसी के ही कुछ इलाकों में भारत और चीन के बीच गंभीर सैन्य विवाद हो चुका है। जिसका करीब चार साल बाद पिछले वर्ष 2024 के अंत में ही पूरी तरह से समाधान निकला है। जानकारों की राय में चीन के इस रेल निर्माण के उक्त कदम से दोनों देशों के बीच पुनः तनाव बढ़ सकता है।

### भारत का अभिन्न अंग है अक्साई चिन

गौरतलब है कि भारत जम्मू-कश्मीर (लेह-लद्दाख सहित) के समूचे क्षेत्र जिसमें अक्साई चिन भी शामिल है। उसे अपना अभिन्न अंग मानता है। सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण यह वो इलाका है, जहां से होकर चीन का जी-219 राजमार्ग भी होकर गुजरता है। अब इसी क्षेत्र में शिनजियांग-तिब्बत रेल परियोजना को चीन द्वारा 2025 की विश्व की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना करार देते इस पर निर्माण कार्य के आगाज की बात कही गई है। चीनी सरकार के स्वामित्व वाली शिनजियांग-तिब्बत रेलवे कंपनी को करीब 95 अरब युआन (13.2 बिलियन डॉलर) की पूंजी के लिए इस अहम कार्य के लिए पंजीकृत किया गया है। जबकि निर्माण कार्य के लिए इसका पूर्ण स्वामित्व चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप के पास रहेगा।

### यह है परियोजना का लक्ष्य

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, इस परियोजना का लक्ष्य अगले दस वर्षों में यानी 2035 तक ल्हासा (तिब्बत) पर केंद्रित 5 हजार किलोमीटर का पठारी रेल ढांचा स्थापित करना है। रेल मार्ग के कुछ हिस्से एलएसी से होकर गुजरेंगे। जो कि दोनों देशों के बीच वास्तविक सीमा है। इसी के साथ यह कम बुनियादी ढांचे वाले सीमांत क्षेत्र में भी रक्षात्मक महत्व को साफ तौर पर प्रदर्शित करती है। बताते चलें कि पूर्व में चीन भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी पर बड़े विशालकाय बांध परियोजना के निर्माण की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिससे भारत के सुदूर क्षेत्र के समक्ष बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो सकता है। भारत ने चीन के ऐसे तमाम निर्माण कार्यों की सख्त लहजे में आलोचना की है और उसके ऐसे किसी भी कदम से वैश्विक स्तर पर बने हुए पर्यावरण और इलाके की प्राकृतिक पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचने की बात कही है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109